e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 192

शनिवार
15.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

अपने समय और अपने शब्दों के प्रयोग में कभी लापरवाही नहीं बरतें। क्योंकि ये नहीं तो वापस आते है और न ही वापस मौका देता है।

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली : 3 बच्चों की डूबने से मौत



**दिल्ली** : बारिश के कारण जलजमाव होने से शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया. यहां बारिश के पानी में नहाने गए 3 बच्चों की डूबने से मौत हो गई. पुलिस मामले की जांच कर रही है. जानकारी के मुताबिक मुकुंदपुर में एक ग्राउंड में बारिश का पानी भरा गया था. उसी में ये बच्चे नहाने गए थे. डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए एक कॉन्स्टेबल पानी में कूद भी गया था लेकिन तब तक बच्चों की मौत हो गई.

### आसियान देशों के बीच भारत ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

**जकार्ता।** आशियान देशों के बीच भारत ने पाकिस्तान पर निशाना साधा है। भारत ने आतंकवाद के पनाहगाहों और वित्तपोषण नेटवर्क के खात्मे पर जोर देते हुए इसे बेहद जरूरी करार दिया है।आसियान देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हो रही है। भारत भी इसमें सहभागी है। शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए आसियान के सदस्यों से आतंकवाद के मुद्दे पर समान, एकीकृत और शून्य-सहिष्णुता दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। जयशंकर ने कहा कि भारत आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देकर वैश्विक चुनौतियों का जवाब दे रहा है, साथ ही विवादों को सुलझाने के लिए कूटनीति पर जोर दे रहा है।

### आपदा राहत कार्यों में शामिल हुआ भारतीय वायु सेना

**नई दिल्ली।** हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब में बाढ़ के जो हालात हैं, उनमें मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में भारतीय वायु सेना भी शामिल हो गई है। वायु सेना के विमानों ने पिछले 48 घंटों में कुल 40 उड़ानें भरी हैं, जिनमें 126 लोगों को बचाया गया है। बाढ से प्रभावित विभिन्न इलाकों में 17 टन राहत सामग्री वितरित की गई है।बारिश और बाढ़ के कारण पहाड़ से लेकर मैदान तक स्थिति खराब हुई है। हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से यमुना में 3 लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में पानी भर गया है। सबसे खराब हालात हिमाचल प्रदेश में हैं, जहां कुल्लू घाटी में बाढ़ से बुरी स्थिति है।

## भारत ने रचा इतिहास- जापान, ब्रिटेन,चीन समेत पूरी दुनिया ने माना लोहा

# चांद के सफर पर रवाना हुआ चंद्रयान-3

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा:** इसरो ने शुक्रवार को श्रीहरिकोटा से चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया. चांद पर यह भारत का तीसरा मिशन है.चंद्रयान-3 मिशन में एक हजार से ज्यादा वैज्ञानिकों ने काम किया है. इसमें प्रोपल्शन मोड्यूल है. साथ ही इसमें विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर भी है. चंद्रयान-3 मिशन का लक्ष्य चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने का है. इसरो चंद्रयान-3 मिशन की मदद से चांद से जुड़ी कई अहम जानकारियां इकट्ठा करने की कोशिश में जुटा है. चंद्रयान-3 40 दिनों में 3.80 लाख किमी का सफर तय कर चांद पर पहुंचेगा. चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड कराने की कोशिश करेगा.सफल लैंडिंग होने के बाद लैंडर चांद पर रोवर को तैनात करेगा.भारतीय वैज्ञानिकों के इस मिशन पर पूरी दुनिया की नज़रें लगी हुई हैं। भारत अगर चांद की सतह पर उतरने में कामयाब हो जाता है तो वो दुनिया में अमेरिका, रूस और चीन के बाद चौथा देश हो जाएगा जो ये कामयाबी हासिल करेगा। चांद के साउथ पोल पर उतरने वाला पहला देश भी बन जाएगा। चंद्रयान-3 का उद्देश्य चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने का है. साथ ही चंद्रयान-3 का लक्ष्य चांद पर कुछ वैज्ञानिक प्रयोग करना भी है. चंद्रयान-3 मिशन का मकसद चांद की सतह पर सेफ लैंडिंग की क्षमता का प्रदर्शन करना है.



### चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है : पीएम मोदी

फ्रांस यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चंद्रयान-3 की सफल लॉन्चिंग पर ट्वीट किया. उन्होंने लिखा- %चंद्रयान-3 ने भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय लिखा है. ये हर भारतीय के सपनों और महत्वाकांक्षाओं की ऊंची उड़ान है. ये महत्वपूर्ण उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों के अथक समर्पण का प्रमाण है. मैं उनकी भावना और प्रतिभा को सलाम करता हूं।

## चंद्रयान-3 के रवाना होते ही खुशियों से झूम उठा देश

### चंद्रयान-3 के लिए दो साल में 100 से ज्यादा टेस्ट किए : इसरो चीफ

इसरो चीफ डॉ. सोमनाथ ने कहा कि अगर चंद्रयान-3 और उसके बाद विक्रम लैंडर ने चांद को कैप्चर कर लिया. तब मिशन पूरा होगा. हर स्टेप कठिन है. आपको इंतजार करना होगा. ये सब गणनाएं हैं. कठिनाई है लेकिन सबकुछ गणित है.उन्होंने कहा- हम गलतियां खोजते हैं. उन्हें सुधारने का प्रयास करते हैं. रिव्यू करते हैं. टेस्टिंग करते हैं. उसके बाद असेंबलिंग, प्रिपरेशन करते हैं. पिछले दो सालों में हमने 100 से ज्यादा टेस्ट किए हैं. हजारों इंजीनियर्स और वैज्ञानिक इसके पीछे लगे रहते हैं.





### चंद्रयान-3 भारत के लिए मील का पत्थर : राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसरो टीम और चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग को सफल बनाने सभी लोगों को बधाई दी. उन्होंने ट्वीट किया- भारत ने स्पेस एक्सप्लोरेशन में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित करते हुए चंद्रयान-3 को सफलतापूर्वक लॉन्च किया. यह अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है. चंद्र मिशन की सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं.

### हम अंतरिक्ष में भी हासिल करेंगे कामयाबी : जितेंद्र सिंह

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे देश, हमलोग और इसरो के लिए गर्व की बात है. उन सभी को धन्यवाद. प्रधानमंत्री मोदी जी को स्पेस साइंस में नए दरवाजे नए आयाम खोलने के लिए धन्यवाद देता हूं. उन्होंने कहा कि स्काई लिमिट नहीं है. चंद्रयान आसमान के ऊपर गया है. वह यह बताता है कि आसमान के ऊपर अंतरिक्ष में कामयाबी हासिल करेंगे. हमारी वैज्ञानिक दुनिया में न रिसोर्सेस की कमी है, न टैलेंट की है. यह पूरा मिशन स्वदेशी है. आत्मनिर्भर भारत की पहचान है.

### चंद्रयान-3 की 23 अगस्त की शाम 5.47 बजे होगी चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग : इसरो

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को अपने तीसरे चंद्र मिशन-'चंद्रयान-3' का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए इसे लॉन्च किया गया। शुक्रवार को इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान-3 को एक अगस्त से चंद्रमा की कक्षा में स्थापित करने की योजना है। इसके बाद 23 अगस्त को शाम पांच बजकर 47 मिनट पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग किए जाने की योजना है। श्रीहरिकोटा में संवाददाता सम्मेलन में इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने बताया कि चंद्रयान 3 एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। चंद्रयान-3 के इस बार चांद के सतह पर लैंडिंग करना बहुत महत्वपूर्ण है। जब तक आप नहीं उतरते, आप नमूने नहीं ले सकते, आप इंसानों को नहीं उतार सकते, तब तक चंद्रमा पर आप आधार नहीं बना सकते। इसलिए, लैंडिंग आगे की खोज के लिए महत्वपूर्ण कदम। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी स्थान ले लिया है। आज अमेरिकी भी भारतीय प्रतिभा और अंतरिक्ष यात्रियों को महत्व देते हैं। वे एक भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजना चाह रहे हैं। मुझे बहुत गर्व है कि आज हम सभी ने इतिहास बनते हुए देखा। चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इसरो टीम को बधाई देता हूं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण इसरो के संस्थापक विक्रम साराभाई और अन्य लोगों द्वारा देखे गए सपने की पुष्टि भी है, जिनके पास संसाधनों की कमी थी लेकिन उन्हें अपने सपनों पर अथाह भरोसा था।

## महाराष्ट्र के नए मंत्रियों में विभागों का बंटवारा, कई पुराने मंत्रियों के विभाग बदले

**मुंबई :** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 9 मंत्रियों में विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। साथ ही कैबिनेट में कई मंत्रियों के विभागों में फेरबदल भी किया गया है। हाल ही में चाचा शरद पवार को किनारे करके सरकार में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले अजीत पवार को वित्त और नियोजन जैसा अति महत्वपूर्ण विभाग मिला है। इसी तरह राकांपा के छगन भुजबल को अन्न और आपूर्ति विभाग, धनंजय मुंडे को कृषि, दिलीप वलसे पाटिल को सहकार, हसन मुश्रीफ को मेडिकल शिक्षा, अदिति तटकरे को महिला और बाल कल्याण, धर्मराव अत्राम को अन्न और औषधि विभाग, अनिल पाटिल को मदद और पुनर्वसन और संजय बंसोड़ को क्रीड़ा विभाग दिया गया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार के साथ मिलकर मंत्रियों के विभागों की अंतिम सूची तय करके राज्यपाल रमेश बैस के पास मंजूरी के लिए भेजी थी। आज घोषित की गई कैबिनेट की सूची के अनुसार मुख्यमंत्री शिंदे के पास सामान्य प्रशासन, शहरी विकास, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना और जनसंपर्क, परिवहन, सामाजिक न्याय, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन, खनन और अन्य विभाग हैं, जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस गृह, कानून और न्याय, जल संसाधन और लाभकारी क्षेत्र विकास, ऊर्जा, राज्य शिष्टाचार विभाग संभालेंगे। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार वित्त और नियोजन का विभाग संभालेंगे।

# पीएम मोदी को मिला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान



*** भारतीयों की ओर से प्रधानमंत्री ने मैक्रों को कहा धन्यवाद**

**एजेंसी**

**पेरिस :** प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस के दौरे पर हैं। इस दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पीएम मोदी को फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। पीएम मोदी ने भारत की जनता के तरफ से राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद किया। पीएम मोदी गुरुवार को दो दिवसीय यात्रा के लिए फ्रांस पहुंचे थे।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा कि राष्ट्रपति मैक्रों ने पीएम नरेंद्र मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च पुरस्कार ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया। यह गर्मजोशी भरा कदम भारत-फ्रांस साझेदारी की भावना को दर्शाता है।

इससे पहले, पीएम मोदी रात्रिभोज के लिए पेरिस के एलिसी पैलेस पहुंचे थे, जहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और फ्रांस की प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रॉन ने उनका स्वागत किया।

मैक्रों ने पीएम मोदी के लिए निजी रात्रिभोज की मेजबानी की थी। निजी रात्रिभोज में शामिल होने पर पीएम मोदी ने खुशी जाहिर की थी। ट्वीट कर उन्होंने कहा था कि मैं राष्ट्रपति मैक्रों और प्रथम महिला का शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने एलिसी पैलेस में निजी रात्रिभोज की मेजबानी की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट कर कहा था कि राष्ट्रपति मैक्रों ने पीएम नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

एतिहासिक एलिसी पैलेस में पीएम मोदी के लिए मैक्रों ने निजी रात्रिभोज की मेजबानी की। दोनों देशों के नेताओं ने अपनी दोस्ती के बंधन को और मजबूत करने का प्रयास किया।

# प्रखंड समन्वयक की गोली मार कर हत्या

*** जल्द होगा हत्या का खुलासा : एसडीपीओ**

**श्रवण पासवान@बंशीधर नगर**

**बंशीधर नगर (गढ़वा) :** नगर उंटारी-भवनाथपुर मुख्य मार्ग स्थित तुलसीदामर घाटी में पीएम आवास के ब्लॉक कॉर्डिनेटर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना शुक्रवार शाम 6 बजे की है। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के झालुआ निवासी सिराज अहमद(35) पिता अब्दुल अजीज अंसारी भवनाथपुर प्रखंड में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार ऑफिस बंद हो जाने के बाद बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने तुलसीदामर घाटी में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद राहगीरों द्वारा सिराज अहमद को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वही सूचना मिलने पर एसडीपीओ प्रमोद केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह,भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो, नगर उंटारी बीडीओ श्रवण राम, भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, झामुमो नेता



मुक्तेश्वर पांडेय सहित अन्य लोग अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि मृतक द्वारा कोई शिकायत नही की गई है। घटना कैसे हुई अभी नही कह सकते। एसडीओ आलोक कुमार, एसडीपीओ प्रमोद केशरी, झामुमो नेता अनंत प्रताप देव,झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, महमूद आलम, सदर तौहिद आलम,पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, उपप्रमुख गणेश प्रताप देव,झामुमो नेता लालबाबू खान,जिपस पति प्रमोद कुमार,लल्लू राम मनोज यादव,सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इस संबंध में एसडीओ आलोक कुमार ने बताया कि सिराज अहमद भवनाथपुर के पीएम आवास के प्रखण्ड संवन्यक थे। भवनाथपुर से नगर आने के दौरान उनकी अज्ञात लोगों के द्वारा गोली मार कर हत्या कर दिया गया है।एसडीपीओ प्रमोद कुमार ने बताया कि मृतक सिराज अहमद भवनाथपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास का प्रखंड समन्वयक था। भवनाथपुर से नगर उंटारी आने के क्रम में नगर उंटारी थाना क्षेत्र के तुलसी दामन में उसकी अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दिया गया है। हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इस हत्या का खुलासा कर लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने का दिया निर्देश

# बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में सरकारी विद्यालयों की मजबूत किया जा रहा है। विद्यालयों में आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पठन-पाठन की नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

**शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाएं :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और प्लस- टू विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, ताकि विद्यालयों का संचालन बेहतर तरीके से हो। विभाग के सचिव श्री के0 रवि कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्लस- टू विद्यालयों में प्रधानाचार्य, शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी ने अधियाचना जारी कर दी है । माध्यमिक विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और अन्य श्रेणियों के विद्यालयों के लिए भी शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, सहायक आचार्य के 26 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी।

**विद्यालयों में बच्चों के लिए एक्टिविटीज हों :** मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा खेल- संगीत जैसी एक्टिविटीज निरंतर चलनी चाहिए। बच्चों के बीच तरह -तरह की प्रतियोगिताएं हों, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।



**रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ने का बेहतर माहौल मिले, इसके लिए जिलों में रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें । यहां सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ वाईफाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

**बच्चों को सत्र शुरू होने के समय ही टेक्स्ट बुक और यूनिफॉर्म देना सुनिश्चित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित सामग्री और यूनिफॉर्म सत्र शुरू होने के समय ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह एकेडमिक कैलेंडर जारी किया जाता है, उसी तरह इसका भी कैलेंडर जारी किया जाना चाहिए। इसमे बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति राशि और अन्य योजनाओं का लाभ देने की समय सीमा तय होनी चाहिए ।

**दिव्यांगों के लिए आवासीय विद्यालय बनाया जाए:** मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक अलग आवासीय विद्यालय बनाने की कार्य योजना बनाएं। यहां बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ खेल, संगीत, फिजिकल एजुकेशन देने आदि की भी व्यवस्था होनी चाहिए ,ताकि दिव्यांग बच्चे-बच्चियों की जो प्रतिभा है , उसे निखार कर सामने लाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए पूरे राज्य से दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उनका यहां नामांकन सुनिश्चित करें।

**विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण हो:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे सरकारी विद्यालयों के परिसर में पेड़ लगाने का भी कार्य करें इसके लिए वन विभाग को भी अपने साथ जोड़ें इससे विद्यालयों में हरियाली बनी रहेगी।

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना किरण कुमारी पासी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा नेहा अरोड़ा और अपर सचिव श्रीमती कुमुद सहाय मौजूद थे।

## दो दिवसीय 26वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेस कांफ्रेंस का आयोजन 24 अगस्त से इंदौर में

**इंदौर** : देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 26वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कांफ्रेंस का आयोजन 24 एवं 25 अगस्त को किया जायेगा। इस आयोजन की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। यह कांफ्रेंस ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित की जायेगी। आयोजन के संबंध में शुक्रवार को यहां कलेक्टर कार्यालय में केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के संयुक्त सचिव एनवीएस राजपूत ने आयोजन व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की। बताया गया कि अतिथियों को इंदौर शहर सहित आस-पास के विभिन्न प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जाना भी प्रस्तावित है।

# झारखंड के युवाओं को शनिवार से मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

## पुरुषों को मिलेगा हजार रुपए, जबकि महिलाओं को 1500 की मदद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू झारखंड की सरकार शनिवार से युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना शुरू करेगी। पुरुषों को 1000 रुपए जबकि महिलाओं को 1500 रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से शनिवार को इस योजना की शुरुआत करेंगे। इसकी जानकारी झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पलामू में दी है।पलामू में आयोजित रोजगार मेला में भाग लेने के बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मीडिया को बताया कि शनिवार से राज्य सरकार 80 प्रखंडों में सारथी योजना की शुरुआत कर रही है. सारथी योजना की शुरुआत के साथ-साथ युवाओं को भी बेरोजगारी भत्ता देने की शुरुआत की जाएगी. मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया कि पहले सरकार की योजना थी पांच हजार और सात हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की, लेकिन अब सरकार ने इसे संशोधन कर इसे 1000 और 1500 रुपए किया। मंत्री ने बताया कि राज्य में जितने भी निबंधित युवा हैं जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिलता तब तक सरकार उन्हें यह बेरोजगारी भत्ता देती रहेगी. राज्य सरकार शनिवार को सारथी योजना की भी शुरुआत कर रही है। राज्य के चार जगहों से एक साथ सारथी योजना की शुरूआत की जाएगी। यह योजना झारखंड के चतरा, हजारीबाग, रांची और एक अन्य जिले में शुरू की जा रही है. फिलहाल इस योजना के तहत 80 प्रखंडों का चयन किया गया है. आने वाले वक्त में राज्य के सभी प्रखंड को इस योजना से जोड़ा जाएगा। सारथी योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए उसे हर संभव सहायता की जाएगी। बारिश के हालात पर है नजर, सात दिनों तक सरकार कर रही इंतजार- मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया कि राज्य में बारिश के हालात पर भी नजर है। अगले सात दिनों तक सरकार स्थिति पर नजर बनाए रखेगी और उसके बाद आगे का कदम उठाया। पलामू में आयोजित रोजगार मेला में दर्जनों युवाओं को सरकार के तरफ से विभिन्न कंपनियों में रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, पलामू के युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी दी गई है।

## जल-नल योजना में प्राक्कलन का नही रखा जा रहा ख्याल, बरती जा रही है भारी अनियमितता

### जिला पार्षद ने किया स्थलीय निरीक्षण, संवेदक पर कार्रवाई की मांग



**प्रभात मंत्र संवादाता**

**विश्रामपुर :** केंद्र की मोदी सरकार ने देश के हर घर तक पेयजल आपूर्ति हेतु जल जीवन मिशन का शुरुआत किया। जिसके तहत बिश्रामपुर प्रखंड में भी जल नल योजना शुरू हुई। प्रखंड के लगभग 50 गांवों में अभी योजना का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन संवेदक और सिस्टम की मिलीभगत से इस योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसका शिकायत ग्रामीणों ने जिला पार्षद विजय रविदास से किया। ग्रामीणों के शिकायत के आलोक में श्री रविदास ने शुक्रवार को तकनीकी विशेषज्ञों के साथ गूरी ग्राम पंचायत में जल नल योजना का निरीक्षण किया। योजना के निर्माण स्थल पर पहुंचकर बोरिंग, टंकी, टावर, पम्प हाउस सहित अन्य निर्माण कार्य के गुणवाता का जांच किया। जांच में उन्होंने ग्रामीणों का शिकायत सही पाया। विजय रविदास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस महत्वाकांक्षी योजना में न तो मानकों का पालन हो रहा है और न ही प्राक्कलन का। टावर व पम्प हाउस निर्माण में घटिया छाड़, सीमेंट और ईट का प्रयोग किया जा रहा है। बोरिंग करते वक्त भी संवेदक द्वारा घपला किया गया है?। जहां 300 फिट बोर करना था वहां 200 फिट ही बोर कराया गया और जहां 200 फिट बोर करना था वहां सिर्फ 125 फिट ही बोर कराया गया है। श्री रविदास ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि अगर इस योजना के निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो इस योजना का भी हश्र पंचायतों में लगे जलमिनार की तरह हो जाएगा। पंचायतों में लगा हर जलमिनार हाथी का दांत ही साबित हुआ है। इससे लोगों को पानी नहीं मिल रहा। विजय रविदास ने कहा कि इस संबंध में वे उपयुक्त सहित संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से मिलकर इसकी जानकारी देंगे।

## एक मिलियन से अधिक जरुरतमंदों को राहत पहुंचाने वाले शौकत ख़ान को देश दुनिया से मिलती है अवार्ड सम्मान और दुआएं



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़े बुजुर्गो ने सच ही कहा है कि नेकी कर दरिया में डाल। क्योंकि कर्मों का फल देने वाला अल्लाह और भगवान उपर बैठा सब देख रहा है।वह अपने बंदों के सभी अच्छे बुरे कर्मो का हिसाब रखता है।कर्मो के ही हिसाब से फल प्रदान करता है। राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के आयोजक सह अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान पर यह वाक्य हकीकत में तब बदल गया जब उत्तर प्रदेश सरकार में एक ऊंचे ओहदे पर विराजमान और पलामू किन्नर समाज की गुरु दिव्या नायक जी उर्फ आयशा सिंह जी शौकत ख़ान को आशीर्वाद देने उनके द्वारा संचालित गरीबों का अनेक निःशुल्क बैंक को देखने गढ़वा पहुंची।उनके साथ उनके अतिथि के रूप में धनबाद की मालकिन और वहां कि किन्नर समाज की गुरु और सैलुट तिरंगा से जुड़ी किन्नर दीदी भी गढ़वा पहुंचकर शौकत ख़ान कि निस्वार्थ सेवा कार्यों कि सराहना किया।ढ़ेर सारी दुआएं देते हुए उन्होंने कहा कि समाज हित में कहीं भी कभी भी किसी के लिए मदद कि जरुरत हो तो आप अपनी इस बहन को जरुर याद करना। हम सब मिलकर मानवता कि सेवा करेंगे और एक सुन्दर और खुशहाल भारत का हिस्सा बनेंगे। दिव्या नायक ने कहा कि आप तो सेना और पुलिस के सम्मान में राष्ट्रीय तिरंगा सम्मान समारोह के साथ साथ गरीबों के लिए निःशुल्क कपड़ा बैंक, चावल बैंक, सत्तू बैंक, पुस्तक बैंक प्रतिदिन संचालित कर सेवा कार्य करने वाले भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुके हैं। हम लोग भी अपने स्तर से गरीबों की मदद करते रहते हैं और धनबाद में सैलुट तिरंगा से जुड़कर भी काम कर रहे हैं। लेकिन आपकी निस्वार्थ सेवा कार्य को सुनकर हम सभी बहनों ने आप से मिलने चली आये। उन्होंने शौकत खान से कहा की आप से मिलकर सच में ऐसा लगा जैसे अपने सगे भाइ से मिल रही हुँ। शौकत ख़ान ने सभी किन्नर दीदी को अपना गरीबों का अनोखा बैंक मैगज़ीन भेट किया और उन्हें सम्मानित किया।मैगज़ीन पढ़कर बहुत प्रसन्न हुई और दीदी ने कही कि आपका ये मैगज़ीन मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी जी को अपने हाथों से भेट करुंगी और आपके निस्वार्थ सेवा कार्यों के बारे में बताउंगी।

# प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व बीपीएम बने निश्चय मित्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 राजेश कुमार कुशवाहा व बीपीएम संजय कुमार सिंह टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत निश्चय मित्र बनकर जरूरतमंद मरीज को पोषण किट का वितरण किया। शुक्रवार को बनसत्ती गांव के राजेश मुसहर को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा तथा तूरी गांव के इंदु कुमारी को बीपीएम संजय कुमार सिंह की ओर से पोषण किट दिया गया। टीबी के मरीजों को पोषण स्तर को बढ़ाने के लिए तीन किलोग्राम अरहर दाल एक किलोग्राम बादाम दाना डेढ़ किलोग्राम कच्चा चना एक किलोग्राम सरसों तेल तथा एक किलोग्राम गुड़ उपलब्ध कराया गया। विदित हो कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत समाज का कोई भी सक्षम व्यक्ति द्वारा निश्चय मित्र बनकर गरीब व जरूरतमंद मरीज को गोद लेने का प्रावधान है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा बीपीएम ने एक-एक जरूरतमंद टीबी मरीज को निश्चय मित्र बनकर गोद लेते हुए आगामी छह माह तक पोषण किट उपलब्ध कराने हेतु जो तत्परता दिखाई है वह सराहनीय है। इससे समाज के अन्य सक्षम लोगों में भी जरूरतमंद मरीजों को सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। पोषण किट वितरण के मौके पर डॉ0 देवेंद्र कुमार बीएम राजकुमार सिंह एसटीएस संतोष राम एलटी एनबी दत्ता फार्मासिस्ट अविनाश कुमार आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# चार दिवसीय भारत स्काउट और गाइड शिविर का हुआ समापन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** स्थानीय सीता प्लस टू उच्च विद्यालय में भारत स्काउट और गाइड का चार दिवसीय शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि थाना के एसआई निर्भय कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में नैतिकता और अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने छात्रों को सड़क सुरक्षा के विषय में भी जागरूक किया। वहीं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कमलेश यादव तथा विद्यालय के प्राचार्य अजय प्रसाद राय ने भी छात्रों को संबोधित किया। इसके पहले सभी उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान समापन सत्र में छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर एवं स्काउट की विभिन्न प्रकार की तालियों से सबका मन मोह लिया। प्रशिक्षक सुनील कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर तथा स्काउट शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया। मौके पर शिक्षक डॉ0 ओरेन्द्र यादव डॉ0 राजकुमार कुमारी किरण मेहता यमुना प्रसाद आलोक कुमार प्रकाश कुमार विवेक कुमार सलमा लकड़ा रंजीत कुमार देवेंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केतार थाना प्रभारी ने तीन वारंटी को भेजा जेल



**केतार (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को जीआर 2181/14 के वारंटी विष्णु राम पिता तुलसी उरांव, वशिष्ठ उरांव, आशीष उरांव दोनों के पिता कपिल देव उरांव को केतार थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि के द्वारा गिरफ्तार कर थाना लाया गया तत्पश्चात न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया गया।

## घर का दीवार गिरने से युवती की मौत



**खरौंधी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव में घर का दीवार गिरने से 17 वर्षीय युवती की दबकर मौत हो गया।मृतक ब्रजेन्द्र पाल की पुत्री सुचिता कुमारी बताया जाता है।घटना के विषय में बताया जाता है कि उक्त युवती घर मे लगे हैंड पंप पर स्नान कर रही थी कि अचानक मिट्टी का दीवार छप्पर सहित गिर पड़ा।क्षतिग्रस्त दीवाल का मलवा से पूरी तरह दब चुकी युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़े। क्षतिग्रस्त मकान के मलबे को हटाया गया और लड़की के शव को मलवे से बाहर निकाला गया। घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। लड़की की मां-बहन सहित पुरा परिवार वाले का रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर खरौंधी थाना प्रभारी अभय कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस को ग्रामीणों ने शव ले जाने से इनकार कर दिया। मुखिया मनसा देवी के नेतृत्व में युवती के परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने सरकारी मुआवजा अंबेडकर आवास और अमृता के लड़की के माता पिता का सामाजिक सुरक्षा पेंशन की मांग को लेकर घटनास्थल पर प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाने पर अड़ गए। मुखिया मंशा देवी ने कहा कि छात्रा का परिवार एकदम गरीब हैं। पिताजी भेड़ चराते हैं। अगर पीएम आवास मिला होता तो शायद ये घटना नहीं घटती। मुखिया ने कहा कि इस घटना के प्रति कोई पदाधिकारी संवेदनशील नहीं है। उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी को घटना के विषय में फोन लगाया गया। लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक पदाधिकारी के घटनास्थल पर आने और मुआवजा, पेंशन, अंबेडकर आवास सहित अन्य सरकारी लाभ देने की लिखित घोषणा के बाद ही अंत्यपरीक्षण के लिए शव उठेगा। यह सूचना पाकर खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री गणेश महतो ने घटनास्थल पर पहुंचे और इस घटना को दुःख जताते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिये की सरकार के द्वारा जो भी सरकारी लाभ होगा हर संभव मदद कर इन्हें सरकारी लाभ दिलाया जाएगा।

## प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में वन विभाग द्वारा बांस गेबियन के साथ किया गया पौधा रोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को वन विभाग द्वारा बांस गेबियन के साथ पौधा रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय, वन कर्मी शशिकांत कुमार, अजित कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों द्वारा पौधा रोपण किया गया। वनकर्मी शशिकांत कुमार ने बताया कि महोगनी, जामुन, नेम, अर्जुन, पीपल सहित 200 पौधारोपण किया गया। उन्होंने कहा कि संसार के सभी जीव जंतुओं का जीवन पेड़ पौधों पर ही निर्भर है. पौधे हैं तो जल है,जल है तो जीवन है। उन्होंने कहा कि हम सबो को पौधे लगाना चाहिये तथा उनकी समुचित देखभाल भी करना चाहिये. विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेन्द्र पांडेय ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये पौधारोपण अति आवश्यक है. उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प हम सबको लेना होगा। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को पौधारोपण व उसकी देखभाल के लिये प्रेरित भी किया। मौके पर शिक्षक अमरेन्द्र दास, दिलीप पाठक, सुमन रानी जायसवाल, राधाकृष्ण पांडेय, विजय कुमार, अभिषेक पाठक, दीपक मिश्रा, मो सुहैल अहमद, संतोष कुमार, प्रवेश टोप्पो धर्मेंद्र कुमार, अनंजय प्रसाद, प्रियरंजन स्निग्रहि, मो होमेदुल्लाह, बलि प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद यादव सहित सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## जन्म-मृत्यु के पंजीकरण को लेकर उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जन्म-मृत्यु निबंधन अनिवार्य रूप से कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रमण कुमार,जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी व कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने संयुक्त रूप से जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर लोगों को जन्म-मृत्यु निबंधन के संबंध में लोगों को जागरूक करेगी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि जन्म हो या मरण मूल मंत्र के साथ आज यह जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से प्रत्येक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।उन्होंने कहा कि यह प्राथमिक कानूनी दस्तावेज है जो भविष्य में हर जगह काम आते हैं। उन्होंने कहा कि यह निशुल्क बनाया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन्म व मृत्यु के प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल, नगर पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम में ऑनलाइन या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से इस कार्य हेतु आधिकारिक पोर्टल crsor-gi.gov.in का उपयोग करने की अपील की एवं किसी भी एजेंट या दलाल के चक्कर में ना पड़ने की बात कही।

# कचहरी परिसर में गिरा पेड़ से टूट कर डाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर के कचहरी में एसडीओ ऑफिस के पास शुक्रवार को एक पीपल का डाल अचानक टूट कर गिर पड़ा। पीपल का डाल टूटते देख लोगों में भगदड़ मच गई। पेड़ के टूटने से सड़क पूरी तरह जाम हो गया। इसके बाद कचहरी परिसर में उपस्थित लोगों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवानों ने कचहरी पहुंचकर पेड़ की डाली को हटवा कर सड़क को जाम से मुक्त कराया। वही लोगों का कहना है कि जिस तरह पेड़ की डाली टूट कर गिरी थी यदि उसके नीचे कोई व्यक्ति आ जाता तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

## चालक ने आत्महत्या की या फिर हुई उसकी हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर वर मोहल्ला निवासी बृज दास ने आत्महत्या की थी या उनकी हत्या कर फंदे से शव लटका दिया गया। इस मामले का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। लेकिन विश्रामपुर में इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा की जा रही है। विदित हो कि चालक बृज दास का शव बुधवार को उनके घर के दरवाजे की कुंडी में रस्सी के सहारे झूलता हुआ मिला था?। शव का पैर ठेहुना से मुड़कर जमीन पर फैला हुआ था। जो आत्महत्या की ओर इंगित नही करता। प्रथम दृष्टया यह लग रहा था कि हत्या के बाद शव को फंदे पर लटकाया गया था। लेकिन परिजन इसे आत्महत्या बता रहे हैं। परिजनों का दावा है कि बृज दास नशा का आदि था व उसने नशे की हालत में आत्महत्या कर ली। इस संबंध में मृतिका की पत्नी किरण देवी ने बिश्रामपुर थाना में एक आवेदन भी दिया है। जिसमे आत्महत्या का दावा किया गया है। परंतु परिजनों का यह दावा किसी के गले उतर नही रहा है। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के असली वजह का पता चलेगा? सभी बिंदु पर पुलिस का अनुसंधान जारी है।

## प्लास्टिक से बनी झोपड़ी में रहने को मजबूर है दलित परिवार विधायक डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने लिया संज्ञान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के महुगाई गांव में एक ऐसा दलित परिवार है, जिसके पास रहने को घर नहीं है और तन ढकने के लिए कपड़े भी नहीं है। राशन ही जीने का एक मात्र सहारा हैं। कभी - कभार भूखे भी सोना पड़ता है। सरकारी सुविधाओं से महरूम महुगाई गांव के वीरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां और उसकी धर्मपत्नी अपने छोटे बच्चे के साथ बांस और प्लास्टिक से बनी झोपड़ी में रहने को विवश है। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दलित परिवार के घर पहुंचकर उनके पूरे हालात की जानकारी ली और पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह को वीडियो कॉल कर दलित परिवार का बांस और प्लास्टिक से बना झोपड़ी को दिखाया। हालांकि पांकी बीडीओ ने प्रखंड कर्मी को भेजकर उसे अंबेडकर आवास दिलाने की बात कही है। विधायक डॉ मेहता ने पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह को साफ तौर पर कहा है कि दलित परिवार वीरेंद्र भुइयां को हर हाल में अंबेडकर आवास मुहैया कराते हुए उसे आवास को बनवाने की पहल किया जाए। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा में इस तरह के दर्जनों असहाय व्यक्ति है, जो झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। ऐसे असहाय व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल रुप से जिला प्रशासन को अंबेडकर आवास मुहैया कराना चाहिए। ताकि वे पक्का मकान बनाकर जीवन गुजार सके। विधायक डॉ मेहता ने दलित परिवार वीरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां और उनके पत्नी से बातचीत कर उन्हें अंबेडकर आवास दिलाने का भरोसा दिया है। बता दें कि 4 साल पूर्व उनका जर्जर कच्चा का मकान ढह गया है। आर्थिक अभाव के कारण विरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां मकान का निर्माण नहीं करा पाया और बांस और प्लास्टिक से झोपड़ी बनाकर रहने लगा। आज 4 साल से अधिक समय गुजर गया है। वीरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां लगातार पीएम आवास के लिए अधिकारियों से गुहार लगाया लेकिन किसी ने उसकी बात को नहीं सुना। आज पूरा परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। दलित परिवार वीरेंद्र भुइयां ने बताया कि उन्हें जब राशन मिलता है तो पूरा परिवार खाना खाते हैं। राशन खत्म होने के बाद पूरे परिवार को भूखे सोना पड़ता है। कभी कभार गांव के लोग मदद करते हैं।

# पलामू पुलिस ने की मानवता की मिसाल पेश





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस ने 30 फीट गहरा कुआं से एक दुधारू गाय को निकालकर मानवता का मिसाल पेश किया है। जानकारी के अनुसार शहर थाना क्षेत्र के सुदना में एक दुधारू गाय बुधवार की शाम से कुएं में गिरकर जख्मी हालत में पड़ी हुई थी। परंतु किसी ने गाय को निकालने का प्रयास नहीं किया। इसके बाद गुरुवार की रात 9:00 सुदना के स्थानीय निवासी सूरज कुमार के द्वारा इस घटना की जानकारी पत्रकार और पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही रात्रि गस्ती में तैनात शहर थाना के एसआई इंद्रदेव पासवान, टीओपी वन टाइगर मोबाइल जवान के शारीक इरशाद, पीसीआर वाहन के हवलदार हवलदार बागुन कंडैत सहायक पुलिस ओम प्रकाश, सैलेश शुक्ला, चालक हवलदार दीपक कुमार, टीओपी तीन टाइगर मोबाइल के जवान हवलदार धर्मेंद्र कुमार सहायक पुलिस के जवान अविनाश सिंह और पत्रकार उपेंद्र कुमार उर्फ (पप्पू) तुरन्त घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद दुधारू गाय को 30 फीट गहरे कुएं से बाहर निकाला।वही स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि पुलिस समय पर नहीं पहुंचती तो रात भर और कुएं में रहने के बाद दुधारू गाय की जान चली जाती।इस नेक कार्य के लिए स्थानीय लोगों ने पत्रकार और पुलिस को धन्यवाद दिया है।वही स्थानीय लोगों ने बताया कि दुधारू गाय के कुएं में गिरने की सूचना मिलने पर गुरुवार की शाम कुछ लोगो के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थे। परंतु उनलओगओ ने कहा कि अभी रात भर कुएं में ही रहने दीजिए सुबह निकालने का प्रयास किया जाएगा। जबकि गाय यदि रात भर कुएं में रहती तो उसकी मौत हो सकती थी।


**ELITE PUBLIC B.ED.COLLEGE**

CHIANKI, DALTONGANJ,PALAMU-822102

Recognized by NCTE and Affiliated to Nilamber-Pitamber University

**Application are invited for this following Post**

Post of D.El.Ed Course : HOD-01, Education/Foundation-01, English-01

Qualification : As per NCTE & JAC

Salary : As per State government or NCTE norms.

Send your resume along with x-erox copy of all documents and photographs to the following address:

To

The Principal, Elite Public B.Ed. College, Chianki ,Daltonganj, Palamu, Jharkhand. Or mail-elitepublicbedcollege@gmail.com on before 25th July 2023.

For more details you may contact: - 8949291612

(Dr. Jagdamba Singh)
Principal

## संक्षिप्त खबरें

### पटना लाठीचार्ज की जांच समिति के संयोजक बने रघुवर

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए इस संबंध में एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। यह जांच समिति घटना की रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को जल्द सौंपेगी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को पटना में 13 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस प्रशासन की बर्बरता और पुलिस लाठीचार्ज में मारे गये पार्टी कार्यकर्ता विजय सिंह की मृत्यु की जांच के लिए गठित कमेटी का संयोजक नियुक्त किया है। उनके साथ सांसद मनोज तिवारी, विष्णु दयाल शर्मा और सुनीता दुग्गल को कमेटी में सदस्य बनाया गया है। कमेटी 15 जुलाई को क्षेत्र का दौरा कर मामले की जांच करेगी।

### वरुण जालान बने राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक

**रांची।** राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के पूर्व अध्यक्ष वरुण जालान को राष्ट्रीय अमृतधारा संयोजक नियुक्त किया। इस पर वरुण जालान ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र भट्टड़ एवं प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता का बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया एवं साथ ही साथ विश्वास जताया कि आपने जो मुझे राष्ट्रीय दायित्व दिया है। उस पर मैं पूरा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वरुण जालान ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच 802 शाखाओं में 44000 युवाओं की संस्था है इसमें तकरीबन 2500 अमृतधारा कार्यरत है।इस आलोक में मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा 15 जुलाई 2023 को प्रातः 9:30 बजे ज्योति संगम लेन अप्पर बाजार रांची ने अपना पांचवा स्थाई अमृतधारा का उद्घाटन करेगा । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरुण गुप्ता प्रांतीय अध्यक्ष झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच, विशिष्ट अतिथि संजय सेठ, संजीव विजयवर्गीय, वरुण जालान राष्ट्रीय अमृतधारा प्रभारी एवं ज्योति संगम लेन के सभी पदाधिकारी गण के कर कमलों द्वारा अमृतधारा उद्घाटन किया जाएगा।

# संजय कुमार हत्या में दो महिला सहित तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पीछले साल जमीन कारोबारी कमल भूषण की हत्या हो गई थी,जिसके गावह थे उनके अकाउंटेंट संजय सिंह इसकी भी हत्या बीते पांच जुलाई को कर दी गई। संजय की हत्या की साजिश जेल बंद डब्लू कुजूर , राहुल कुजूर ने मिलकर रची थी। उक्त जानकारी रांची एसएसपी किशोर कौशल ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि मामले के उद्भेदन के लिए एसआईटी टीम गठित की गई थी। टीम ने हत्याकांड में शामिल दो शूटर समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपियों में आकाश कुमार, संदीप प्रसाद,विवेक कुमार शर्मा, डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर , शाहिल बाड़ा शामिल है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त एक देशी पिस्टल और मोबाइल बरामद किया है।



बता दें कि बीते 5 जुलाई 23 को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित यामिनी एनक्लेव में रहने वाले संजय कुमार सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले का खुलासा के लिए सिटी एसपी के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। एसआईटी की टीम ने घटना में शामिल दो शूटर संदीप कुमार और आकाश वर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद दोनों अपराधियों ने पुलिस को बताया कि कमल भूषण हत्याकांड में शामिल जेल में बंद डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के द्वारा इस हत्याकांड को अंजाम दिलाया गया है। इस घटना को अंजाम देने में डब्लू कुजूर की पत्नी सुशीला कुजूर के द्वारा शाहिल बाड़ा के माध्यम से दोनों शूटर को पैसा उपलब्ध कराया गया है। राहुल कुजूर और कमल भूषण के बीच उस समय से दुश्मनी शुरू हो गई थी, जब राहुल ने कमल भूषण की बेटी से शादी कर ली थी। दुश्मनी इतनी बढ़ी थी कि राहुल ने अपने पिता और चाचा के साथ मिलकर पिछले 30 मई 2022 को कमल भूषण की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। कमल भूषण की हत्या के बाद राहुल कुजूर जेल से ही संजय सिंह पर कमल भूषण के पास बकाया पैसे के भुगतान के लिए दबाव डाल रहा था। राहुल का पिता डब्लू कुजूर पहले कमल भूषण के साथ ही काम किया करता था, लेकिन जब राहुल ने कमल भूषण की बेटी के साथ शादी कर लिया, तब से दोनों परिवार एक-दूसरे के दुश्मन बन गए। राहुल यह चाहता था कि संजय सिंह उसके बकाया पैसे को दिलवा दे। इस बाबत कई बार राहुल के द्वारा जेल से ही संजय सिंह को धमकी भी दिलवाई गयी थी। जब राहुल को पैसे नहीं मिले तब उसने संजय सिंह की हत्या सिर्फ इसलिए करवा दी ताकि कमल भूषण के परिवार में दहशत फैले और उसके पैसे उसे मिल जाए।

# निर्माणाधीन ड्रीम हाउस प्रोजेक्ट का एक हिस्सा गिरा, लाभुकों ने नगर निगम कार्यालय घेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना लाइट हाउस प्रोजेक्ट जिसके तहत गरीब परिवारों को कम पैसे में रहने के लिए नगर निगम क्षेत्र में आशियाना उपलब्ध कराने कि केंद्र सरकार की योजना है, उसके रांची प्रोजेक्ट के निर्माणाधीन भवन खंड एफ का एक बड़ा हिस्सा विगत 10 जुलाई 23 को मध्यरात्रि अचानक धराशाई हो गया। लाभुकों ने प्रोजेक्ट स्थल तक पहुंचने का प्रयास किया, जिसे वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने रोक दिया और उन्हें अंदर प्रविष्ट नहीं होने दिया।लाभुकों का कहना है कि इस निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में इस्तेमाल की जाने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह है और वह तय मानकों के अनुसार नहीं है।भवन के हिस्से के धराशाई होने के बाद लाभुकों के मन में इस बात की प्रबल आशंका है कि आने वाले वक्त में इस प्रोजेक्ट में रहने वाले गरीब परिवार किसी भी प्रकार की अनहोनी का शिकार हो सकते हैं।इस मुद्दे पर सैकड़ों लाभुक




इकट्ठा हुए और स्थानीय नगर निगम कार्यालय के सामने एक सांकेतिक प्रदर्शन किया। प्रोजेक्ट को तत्काल बंद कर देने की मांग को लेकर एक ज्ञापन नगर आयुक्त को सौंपा गया। निरंजन कुमार ने कहा कि लाभुकों को प्रोजेक्ट कैंपस के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाना इस ओर इशारा करता है कि निश्चय ही निर्माण करने वाली कंपनियों और सरकार युवकों से कुछ ना कुछ छुपा रही है और शायद यही वजह है कि आज इतनी बड़ी घटना घटी। आम आदमी पार्टी के झारखंड प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव भी मौजूद रहे और उन्होंने बताया कि गरीबों की गाढ़ी कमाई को इस कदर दांव पर लगाने वाली सरकार की इस फ्लॉप योजना के खिलाफ उनका समर्थन सभी लाभुकों को जब तक उन्हें न्याय नहीं मिल जाता तब तक जारी रहेगा। इस सांकेतिक धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिंकी देवी, नीलू देवी, कृष्णा देवी ,रीता देवी, इंदु देवी, अन्नपूर्णा शर्मा , सोमा तिवारी, प्रसाद जगत ,नारायण सिंह ,जगदीश प्रसाद ,कमलेश कुमार और बड़ी संख्या में लाभुक मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना का कार्यक्रम स्थगित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री सारथी योजना के शुभारम्भ कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। सीएमओ ने शुक्रवार को बताया कि अपरिहार्य कारणों से यह कार्यक्रम स्थगित किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व सीएमओ ने बताया था कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन 15 जुलाई को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारम्भ करेंगे।

# रांची में अकाउंटेंट संजय हत्याकांड में तीन आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सुखदेवनगर थाना पुलिस ने जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार सिंह की हत्या के मामले में दो शूटरों सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। संजय हत्याकांड में रांची के एक पूर्व दागी जमीन कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या की साजिश भी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अंदर से रची गई थी। बिल्डर कमल भूषण के हत्याकांड के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर ने ही भाड़े के हत्यारों से संजय सिंह की हत्या करवाई थी। संजय सिंह की हत्या करने के लिए दोनों शूटरों को 50 हजार रुपये एडवांस के तौर पर दिए गए थे।



उल्लेखनीय है कि बीते सात जुलाई को संजय सिंह रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अपराधियों ने काली मंदिर रोड में संजय की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ ने बगोदर विधायक से की मुलाकात

**प्रभाात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रशिक्षित विशेष शिक्षक संघ झारखंड के प्रतिनिधिमंडल ने बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह से मुलाकात कर झारखंड में पहली बार इन 23 सालों में विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण को विशेष ध्यान रखने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य के पद को परिभाषित करते हुए पद का सृजन की है ।

संघ ने विशेष आभार एवं धन्यवाद प्रकट करते हुए अधिसूचना में प्रकाशित त्रुटियों की और ध्यानाकर्षण कराने हेतु अपनी बातों को साक्ष्य के आधार पर सरकार के समक्ष रखने के लिए अनुरोध की है। दिल्ली सरकार की तर्ज पर झारखंड सरकार विशेष प्रशिक्षित सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति प्रिक्रिया हेतु अधिसूचना जारी करें। जिसमें सभी मापदंडों को ध्यान में रख कर तैयार की गई है। समाज के अंदर 16 साल से ऊपर के बच्चों के लिए पुनर्वास के कार्यों के मद्देनजर यह कोर्स संचालित की गई थी जिसकी पुष्टि भारत के पुनर्वास परिषद स्वयं करती है ।

इस प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष पावेल कुमार ,निखिल कुमार, विजय कुमार, इमाम हुसैन ,पूजा कुमारी, निवेदिता कुमारी ,कंचन कुमारी, सुमंती कुमारी ,सीता कुमारी, बुद्धदेव कुमार, रजक ,दीनानाथ कुमार महतो ,सुजीत कुमार ,प्रियंका मेहता, प्रशांत कुमार चौबे आदि उपस्थित थे।

# डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** हरियाणा की प्रसिद्ध विश्वविद्यालय नीलम विश्वविद्यालय जो कैथल में स्थित है,इस यूनिवर्सिटी में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर झारखंड के प्रसिद्ध समाज सेवी डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट को मनोनीत किया गया।

यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर शमीम अहमद और एकेडमिक काउंसिल सदस्य डॉक्टर अनिल कुमार के द्वारा उन्हें लेटर और




आईडी कार्ड प्रदान किया गया।ज्ञात हो के डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट झारखंड के जाने माने समाज सेवी के साथ साथ झारखंड फिल्म फेस्टिवल के कोर कमेटी सदस्य भी हैं।डॉक्टर आरिफ नासिर बट्ट को कई बार हॉनरी डॉक्टरेट से भी नवाजा गया है । आरिफ बट्ट भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री के पद पर भी अपनी सेवा दे रहें हैं । कोरोना काल में भी डॉक्टर आरिफ ने लोगों को सिलेंडर उपलब्ध कराने का काम किया।

# सीएम से एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में एचडीएफसी बैंक रांची के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल ने एचडीएफसी बैंक की ओर से ग्रामीण क्षेत्र के विकास में सीएसआर के तहत किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, पेयजल, कृषि आदि क्षेत्र के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित मॉडल स्कूलों के बेहतर संचालन हेतु एचडीएफसी बैंक सीएसआर के तहत सहयोग करे। इन स्कूलों में आधुनिक सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने में भी संस्थान योगदान करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि एचडीएफसी बैंक राज्य में पशुपालकों को नुकसान से राहत देने निमित्त पशु बीमा पर बेहतर कार्य योजना बनाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संस्थान स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने तथा ऋण मुहैया कराना भी सुनिश्चित करे।इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के ब्रांच बैंकिंग हेड (ईस्ट) संदीप कुमार, सर्कल हेड झारखंड कुमार अभिषेक, क्लस्टर हेड रांची धर्मेंद्र कुमार, स्टेट हेड गवर्नमेंट बिजनेस संतोष सिंह एवं शाखा प्रबंधक सुदीप्त भट्टाचार्य उपस्थित थे।

# रांची में धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या, आरोपित गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मांडर थाना क्षेत्र में एक युवक बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा मुंडा की हत्या में शामिल आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी थी। वह चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला था। थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया कि मांडर के सोसई आश्रम के समीप बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा कुछ दिनों से फूफा सूरज मुंडा के घर पर रह रहा था। उसका फूफा उसे वहां से अपने घर जाने के लिए कह रहा था लेकिन बबलू वहां से नहीं जा रहा था। वह वहीं पर घर बनाकर रहने की फिराक में था। इसी विवाद में उसके फूफा ने धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित फूफा को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

### केंद्रीय सरना समिति ने बाबूलाल मरांडी को अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति ने गर्मजोशी के साथ केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर उन्हें सरना अंगवस्त्र वा बुके देकर प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई दी। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि भाजपा के द्वारा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति समाज से अध्यक्ष बनाने से पूरे आदिवासी समाज में खुशी का लहर है।

# नवोदय जनतांत्रिक पार्टी झारखंड प्रदेश के कमिटी का विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** नवोदय जनतांत्रिक पार्टी झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई । जिसमें झारखंड में आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर चर्चा हुई और अगस्त महीने से जागो जनता जागो कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। नवोदय जनतांत्रिक पार्टी झारखंड में आने वाले अगस्त महीने से कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर लिया गया है। 6 अगस्त को कोल्हान प्रमंडल में कार्यसमिति की बैठक, 13 अगस्त को पलामू में , 20 अगस्त को दुमका में , 26 अगस्त को रामगढ़ , 27 अगस्त को रांची में बैठक करने का निर्णय लिया गया है।



**झारखंड में कमिटी का विस्तार:** नवोदय जनतांत्रिक पार्टी झारखंड में नए पदाधिकारी की घोषणा भी किया है, जिसमें उपाध्यक्ष पद के लिए अखिलेश कुमार, पलामू जिला , सुजीत मुंडा, रांची जिला टुमा तिर्की, रांची जिला , मनजीत सिंह, चंद्र किशोर उरांव को प्रभार दिया गया। प्रदेश सचिव के रूप में जितेंद्र कुमार, रांची जिला राजेंद्र उरांव, जगतपाल अहीर, रांची जिला तथा सोशल मीडिया (आई टी सेल)प्रभारी और मिडिया प्रभारी राजेश कुमार और जितेन्द्र कुमार पलामू जिले को झारखंड प्रदेश का प्रभार दिया गया है।

इसकी जानकारी नवोदय जनतांत्रिक पार्टी के महासचिव सत्यदेव जयसवाल और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मदन महतो ने दिया।

# भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की राह पर : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज श्रीहरिकोटा से भारत के चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण पर देश के महान वैज्ञानिकों को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। जिनके कठिन परिश्रम से यह परिणाम आया है। श्री मरांडी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत का तिरंगा चांद पर भी फहराएगा। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष में भी महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है।श्री मरांडी ने कहा कि आज झारखंड की धरती भी गौरवान्वित हुई है। चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी जिलांतर्गत तोरपा निवासी युवक सोहन यादव ने राज्य का मान बढ़ाया है। साथ ही लॉन्चिंग यंत्र का निर्माण भी एचईसी ,रांची में हुआ। श्री मरांडी ने सोहन यादव को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि झारखंड के युवाओं में योग्यता और लगन की कमी नहीं।उन्हे सिर्फ अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।प्रधानमंत्री का सम्मान देश के 125करोड़



जनता का सम्मान – नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव बढ़ा फ्रांस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मिले सर्वोच्च सम्मान लिजन ऑफ ऑनर पर बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह देश के 125करोड़ देशवासियों का सम्मान है।उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। वसुधैव कुटुंबकम् की भावना चरितार्थ हो रही।

**श्री मरांडी ने सोहन यादव को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।**

# रांची में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** धुर्वा थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित बालसिरिंग पुल के समीप शुक्रवार को एक युवक का शव मिला। उसकी हत्या कर शव को कंबल में लपेटकर फेंक दिया गया था। उसके चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार बालसिरिंग पुल के पास से गुजर रहे लोगों ने एक व्यक्ति का शव देखा और पुलिस को सूचना दी। आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कहीं और कर उसके शव को यहां



लाकर फेंक दिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक की शिनाख्त कराने की कोशिश की लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। इसकी जांच-पड़ताल की जा रही है।

प्रभात मंत्र
झारखण्ड
रांची, शनिवार, 15 जुलाई 2023 | पेज 4

## बुकबुका पंचायत में लाभुकों के बीच धोती साड़ी का किया गया वितरण



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुकबुका पंचायत में गुरुवार को लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया. अषोक सिंह की जनवितरण प्रणाली दुकान में 25 लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया.मौके पर उपस्थित उपमुखिया निलम मिंज के द्वारा लाभुकों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया. जिन लाभुकों को धोती साड़ी मिला उनमें प्रतिमा एक्का, शिवपूजन प्रसाद, देवंती देवी, अंजलि कुमारी, माणिक दास, बजरंगी सिंह, पूजा कुमारी, मुकेश राम, परवीन एक्का, सुमित टोप्पो, मुन्नी देवी, जग्गू आदि षामिल है.इस अवसर पर जनवितरण दुकान संचालक अषोक सिंह, सुनील रावत, मोनू सिंह, ललित उराँव, रबुल खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## खलारी में लोहा चोर सक्रिय, रोहिणी में काट लिया बैरियर



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी में इन दिनों लोहा चोर काफी सक्रिय हैं. आवासीय क्षेत्र हो या सीसीएल का क्षेत्र, पूरा इलाका इनके लिए चारागाह है. रोहिणी वर्कशाप से कांटाघर जाने के रास्ते में भारी वाहनों के आवागमन के रोकथाम के लिए लगाया गया बैरियर चोर काटकर ले गए. कबाड़ी में इस पाइप की अनुमानित कीमत लगभग तीन हजार होगी. एसीसी कालोनी खलारी के एक क्वार्टर से लोहे का गेट चोरी हो गया. कई छोटी चोरियां तो प्रकाश में भी नहीं आ पाती हैं. क्षेत्र में कबाड़ी की दर्जनों दुकानें हैं. वहीं एक दर्जन से अधिक लोग रिक्शा, साइकिल से लोहा सहित दूसरे कबाड़ चुनकर कबाड़ की दुकानों में बेचते हैं. कहा जा रहा है कि कबाड़ चुनने वाले ही वीरान में पड़े लोहा की रेकी करते हैं और मौका देखते ही उसे काट लिया जाता है या उठा लिया जाता है. चूकि ज्यादातर चोरियां छोटी होती हैं, इसलिए मामला थाना तक भी नहीं पहुंच पाता है.लेकिन लोहा चोरों की सक्रियता से आम लोग परेशान हैं।

## निः शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का अयोजन

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लाइफ केयर हॉस्पिटल तथा शहीद शेख भिखारी कल्याण विकास संस्था के संयुक्त तत्वाधान में सरकारी मध्य विद्यालय महेशपुर में 16 जुलाई को निः शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य शिविर में सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज निः शुल्क में किया जाएगा। लाइफ केयर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से भी बेहतर इलाज किया जाता है। इस तरह की मेगा स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आसानी से बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी।

## हाजी एहसान अंसारी मेमोरियल छात्रवृति परीक्षा 16 को



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मैट्रिक व इंटर पास छात्र छात्राओं के लिए ओरमांझी स्थित हाजी एहसान अंसारी एजुकेशनल वेलफेयर ट्रस्ट एवं फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की ओर से 16 जुलाई 2023 रविवार को सुबह 9 बजे से फार्मेसी एवं पैरामेडिकल के BMLT , DMLT , OT ASSISTANT , CRITICAL CARE , RADIO IMAGINES , ANAESTHESIA , ECG TECHNICIAN , OPHTHALMIC ASSISTANT, DRESSER, और D.PHARM जैसे कई कोर्स के लिए छात्रवृति यानी स्कॉलरशिप की परीक्षा का आयोजन फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एंड पैरामेडिकल साइंसेज इरबा रांची के प्रांगण में किया जा रहा है। जिसमें उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को संस्थान द्वारा कॉलेज फीस में छुट दिया जाएगा। एवं कोरोना काल में जिन छात्रों का माता-पिता का निधन हो गया हो वैसे पांच बच्चों को संस्थान द्वारा पूरी पढ़ाई की जिम्मेदारी ली जाएगी। साथ ही 18 जुलाई मंगलवार को सुबह 9:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर मेदांता हॉस्पिटल इरबा एवं सेंटर फॉर साइट आँखों का अस्पताल, रांची के सहयोग से लगाया जायेगा।

## शिव की उपासना के साथ प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन का ले संकल्प : लीलावती महतो



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक संस्था नव विकास जागृति संस्था के सचिव और जाने माने समाजसेवी लीलावती महतो ने कहा कि सावन के महीने में भगवान शिव की उपासना के साथ संरक्षण व संवर्धन का भी संकल्प लें। सावन माह में शिव की उपासना की विशेष महत्ता है। सावन के महीने में वर्षा के कारण खेतों की भरपूर सिंचाई होती है। और प्रकृति भी अपने पूरे हरे भरे रूप में नजर आती है। ऐसे में वर्षा के महीने में हम अधिक से अधिक जल संरक्षण और पौधारोपण कर हरियाली के सिमटते दायरे और जलाशयों के सूखने के संकट से छुटकारा पा सकते हैं। अपने भविष्य को सुरक्षित और जीवन को खुशहाल बना सकते हैं। महतो जी ने कहा कि सावन महीने में शिव की आराधना के साथ-साथ भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों से भी हमें सीख लेने की जरूरत है। यह सर्वविदित है। कि भगवान शिव को दो चीजें अधिक प्रिय है। जल और बेलपत्र। जल यानी पानी और बेलपत्र अर्थात हरियाली। इसमें प्रकृति को समझने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाहित है। सावन के महीने में पेड़ पौधों में नई कोंपल प्रकृति को नवयौवन के रूप में निखारती हैं। इससे हमारे भीतर भी नई ऊर्जा का संचार होता है। आये भगवान शिव के प्रिय मास सावन के बहाने नये पेड़ लगाने का संकल्प लें।

## हुसीर गांव में नये ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घाटन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांके क्षेत्र के हुसीर गांव में शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम ने ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि विगत कुछ दिन से हुसीर गांव का ट्रांसफर्मर खराब हो गया था। जिससे ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही थी। ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अब अंधेरे में रात बितानी नहीं पड़ेगी। ट्रांसफर्मर लगाने में कांके मंडल के महामंत्री प्रभात भूषण की अहम भूमिका रही। कमलेश राम ने ग्रामीणों को भी बिजली का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों के हर सुख दुख का साथी बनना चाहते हैं। उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी पहली प्राथमिकताओं में से एक है। ग्रामीण किसी भी तरह की समस्या हो तो उन्हें बताएं। वे समस्याओं का समाधान कराने के लिए तत्काल पहल करेंगे। वहीं उन्होंने बताया कि बिजली हमारे जीवन की मूल आवश्यकता बन चुकी है। इसके बिना जीना बहुत कठिन है। पहले के जमाने में लोग अंधेरे में रहते थे। लेकिन आज बिजली की वजह से हमको अंधेरे में भी उजाला देखने का मौका मिलता है। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष रामलखन मुंडा, वार्ड सदस्य इरफान अंसारी, सलामत अंसारी, लखन उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वार्षिक महोत्सव का आयोजन



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री 108 संकट मोचन हनुमान मंदिर बाजार टांड टाटीसिल्वे का वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। आज विधान से हवन पूजन के साथ अखंड हरिकीर्तं 24 घंटे का आयोजन के साथ कल महाप्रसाद का विति रण किया जायेगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 14 जुलाई से लेकर 15 जुलाई तक चलता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे बिंदेश्वर मंडल, अजय मंडल, बरतू महतो,नंदन मंडल, किशोर मंडल, अमिरक् राम,इंद्रदेव राम, जुगेश्वर महतो, आशीष मंडल, सुखदेव, राजन, मनोज, रवि, अमन, अमित, सावन, पंकज, धीरज, राजीव का महत्व पूर्ण योगदान रहा ।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन बदलाव और झारखंड स्वास्थ मिशन रांची के सोजन्य से निःशुल्क स्वास्थ जाँच शिविर का आयोजन साल्हन लेम्प्स लिमिटेड मे 16 जुलाई को किया गया है, इसमे बी पी, सुगर, जेनरल,स्त्री, स्पीच एंड हिअरिंग, नेत्र, दाँत कि निःशुल्क जाँच परामर्श विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा दी जायेगी। यह जानकारी वरिष्ठ सदस्य भाष्कर कुमार ने प्रेस को दी।

# डीडीसी पहुंचे सिल्ली, कई योजनाओं का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव गुरुवार को सिल्ली पहुंचे जहां प्रखंड कार्यालय समेत क्षेत्र में चल रहे कई योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सिल्ली में वर्षो से बन रहे झारखंड मानभूम कला केंद्र का निरीक्षण किया तथा इसको 6 महीना में पूरा करने का निर्देश दिया । पतराहातू स्थित जिला परिषद मैदान, प्रखंड कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास तथा मनरेगा में किये गये कार्य समेत कई योजनाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बिरसा मुंडा आर्चरी सेंटर, तथा स्टेडियम परिसर में चल रहे हैं झारखंड मानभूम कला केंद्र भी पहुँचे। बिरसा मुंडा अर्चन सेंटर में तीरंदाजों से मिले एवं उनके उपलब्धियों से अवगत हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों को हर संभव मदद के लिए तैयार है। खिलाड़ीयों को किसी प्रकार की मदद की जरूरत है तो जिला प्रशासन सहायता करने को हमेशा तत्पर है। सेंटर में किसी भी तरह की असुविधा हो तो उसे सुधार करने का प्रयास किया जाएगा। कोच प्रकाश राम ने सेंटर के संबंध में विस्तृत जानकारियां दी। वहीं झारखंड मानभूम कला केंद्र में आकर्षक छऊ देखकर वो भाव विभोर होते हुए कलाकारों के साथ सेल्फी भी ली। इससे पूर्व कला केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक सुनील सिंह ने शॉल व मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस दौरान डीडीसी ने एस्ट्रो टर्फ फुटबॉल मैदान को भी देखा एवं मैदान संबंधीत कई जानकारी ली। इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तीरंदाज मंगल सिंह, कोच शिशिर महतो, मनरेगा बीपीओ ललित महतो, शिशुपाल महतो ,मनोज कोइरी , सुकुकुमार महतो, धीरज महतो, समेत कई लोग उपस्थित थे।

## जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर में रोजगार मेला का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, खूँटी परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें जोमैटो प्रा. लिमिटेड, एरोसोफ्ट स्कील सेंटर, खूंटी, पीयर्ल ग्लोबल प्राईवेट लिमिटेड, बंगलोर सहित 10 नियोजक कंपनियों ने भाग लिया। नियोजकों द्वारा 288 रिक्तियां प्राप्त हुई थीं। इस रोजगार मेला में लगभग 300 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इन अभ्यर्थियों में से 108 (एक सौ आठ) अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उक्त मेला में 98 (अठानवे) अभ्यर्थियों को शॉटलिस्टेड एंव 49 (उनचास) अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से चयनित किया गया। मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी खूँटी, नियोजक प्रतिनिधि एवं नियोजनालय कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अन्तर्गत सिल्ली रांगामाटी मार्ग के बंता चौक पर शुक्रवार की सुबह सोनाहातु थाना क्षेत्र के कोकाडीह निवासी राजकिशोर महतो जो सब्जी विक्रेता है वह सब्जी बेचने के लिए सिल्ली आ रहे थे इसी क्रम मे बंता चौक पर एक ट्रेलर की चपेट मे आ गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल को सिल्ली अस्पताल लाया गया जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

## सिल्ली पुलिस ने सड़क पर बैरिकेटिंग लगाया

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली मुरी एवं आसपास के इलाके में हाल के दिनों में लगातार हो रहे सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार को सिल्ली बुंडू मार्ग पर बंता के निकट दो जगहों पर बेरिकेटिंग लगाए है। इस मौके पर थाना प्रभारी आकाश दीप, चंदन, पूर्व मुखिया सुशील कुमार सिंह मुंडा, रामजी आटोमोबाइल के राज कुमार सिंह, विद्या समेत कई लोग मौजूद थे।

## दरकने लगा है खलारी में हजारीबाग-बीजूपाड़ा रोड

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्टेट हाइवे 7 (हजारीबाग-बिजूपाड़ा रोड) की नवनिर्मित पीसीसी सड़क खलारी में कई जगहों पर दरकने लगी है. स्टेट हाइवे आथोरिटी आफ झारखंड (साज) द्वारा सिंह कंस्ट्रक्शन नाम के एजेंसी ने हाल ही में इस सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया है.सड़क बने एक साल भी पूरा नहीं हुआ है और पीसीसी सड़क में कई जगहों पर दरार पड़ गया है.चदराधौड़ा के निकट दरार चौड़ी हो गई हैं. करीब एक फिट मोटी कंक्रीट ढलाई की सड़क पर पड़ी चौड़ी दरार सड़क के गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है. एजेंसी ने निर्माण के कई कार्य अधूरे छोड़ दिए. इनमें आवश्यक कार्यो में केडी क्लब के सामने करीब 50 मीटर नाली का निर्माण करना था. इसे विवाद बताकर नहीं बनाया गया. स्थिति यह है कि पूर्व की पतली नाली का पानी सड़क के जड़ में जा रहा है और सड़क को कमजोर कर रहा है.वहीं केडी बाजार में बाबूलाल के फोटो फ्रेमिंग दुकान के बगल से 15-20 मीटर बहरा नाली बनाना था जिससे वहीं सड़क पर बनाए गए पुलिया सहित नाली के पानी का निकासी हो सके. एजेंसी ने नया पुलिया बनाया लेकिन इसके पानी के निकासी का इंतजाम नहीं किया.आमजन के मांग पर खलारी अंचल की ओर से भी इस नाली के निर्माण को आवश्यक बताते हुए स्वीकृति दी गई थी. परंतु एजेंसी के प्रतिनिधि आश्वासन दे देकर अपना काम निकालते रहे और सड़क का निर्माण पूरा होते ही नाली निर्माण अधूरा छोड़ काम समेट लिए.एक महीने के अंदर बरसात आने वाला है।

# प्रखंड सभागार में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जहां मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15 वे वित्त सहित अन्य विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने 4 सूत्री एजेंडे पर कार्य करने की हिदायत देते हुए कहा कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मजदूरों को काम उपलब्ध कराकर मानव दिवस सृजन करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गांव में कार्य उपलब्ध कराने के लिए अगर पुरानी योजनाएं पर्याप्त नहीं है तो मौसम के मुताबिक नए योजनाओं की शुरुआत कर मजदूरों को काम उपलब्ध कराया जाए। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि नई योजनाओं की शुरुआत के साथ यह जरूरी है कि लंबित योजनाओं को पूर्ण कर एमआईएस में बंद किया जाए। उन्होंने योजनाओं को पूर्ण कर एमआईएस में बंद करने की सख्त हिदायत भी देते हुए कहा कि योजनाओं का पूर्ण होना ही विकास की निशानी है। उन्होंने आधार सीडिंग की प्रतिशत को बढ़ाने की सख्त हिदायत दी साथ ही एबीपीएस के माध्यम से भुगतान सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान में एबीपीएस के महत्व को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। प्रधानमंत्री आवास योजना में शत-प्रतिशत डिमांड हर पंचायत में किया जाना सुनिश्चित किया जाए और भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण कर एमआईएस में योजनाओं को प्राथमिकता के तौर पर बंद करने की हिदायत भी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना में वैसे लाभुक जो आवास नहीं बना रहे हैं या इसमें उदासीन बने हुए हैं पंचायत वार वैसे लाभुकों की सूची जन सेवकों के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास जमा कर दिया गया।


**कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा**

**अतिअल्पकालिन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 07/2023–24**

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में पंचायत सचिवालयों में सुदृढीकरण निधि से स्वीकृत क्रमांक–07 में ग्रुप संख्या 15 वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की क्रमांक–1 के अनुसार निबंधित संवेदको से F2 प्रपत्र पर मुहर बंद एकल बीड निविदा आमंत्रित की जाती है।**

1विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, कोडरमा।
2परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 21.07.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–22.07.23 (अपराहन 3:00 बजे तक)
4निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–22.07.23 (अपराहृन 04:00 बजे )
5परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिषद्, कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखंड का नाम | क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Chandwara | 1 | Boundary wall of panchayat bhawan Bendi, vill Bendi. Of gram panchayat bendi block chandwara district koderma | 1204250 | 24500 | 2500 | 3 माह |

निविदा की शर्तें WWW.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता
जिला परिषद कोडरमा

PR 302351 (Panchayati Raj)23-24*D



**कार्यालय : प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मुरहू (खूँटी)**

**गोदाम एवं दुकान किराया संबंधी आम सूचना :-**

पत्रांक :– 733(ii) दिनांक :– 11.07.2023

माह अगस्त 2023 से वर्ष 2024–25 के लिए प्रखण्ड कार्यालय, मुरहू के अन्तर्गत गोदाम एवं दुकान किराया पर देने हेतु डाक बोली दिनांक 24.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाहन में प्रखण्ड कार्यालय, मुरहू के प्रखण्ड सभागार में होगी। इच्छुक डाक वक्ता डाक में भाग लेने हेतु दिनांक 21.07.2023 के 3:00 बजे अपराहन तक अपना आवेदन पत्र सुरक्षित राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में निविदा पेटी में डाला जा सकता है। गोदाम/दुकान का विवरण निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | प्रकार | संख्या | न्यनतम किराया (प्रति माह) | सुरक्षित जमा | जमानत राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | गोदाम | 2 | 8000.00 प्रति गोदाम | 50000.00 प्रति गोदाम | 5000.00 | |
| 2 | दुकान | 1 | 1200.00 प्रति दुकान | 15000.00 प्रति दुकान | 1200.00 | |

किराया संबंधी नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
मुरहू (खूँटी)

PR 302309 District (23-24)_D


# ग्रामीण विद्यार्थी मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

### मैट्रिक इंटर के सफल छात्र- छात्राओं को विधायक नेहा तिर्की ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** महादानी मैदान स्थित विवाह मंडप के समिप ग्रामीण विद्यार्थी मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह 2023 का आयोजन का आयोजन किया गया। मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रखंड के मैट्रिक व इंटर के छात्र- छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री सह कांग्रेस उपाध्यक्ष झारखण्ड प्रदेश बंधु तिर्की शामिल थे। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल पारम्परिक एवं कम जोखिम वाले क्षेत्रों की शिक्षा प्राप्त करने, केवल परीक्षा पास करने और अधिकतम अंक प्राप्त करने को प्राथमिकता देने के बजाय नये क्षेत्रों में चुनौती स्वीकार करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि स्किल डेवलपमेंट के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा की प्राप्ति, ज्ञान के अनन्त सागर से ज्ञान अर्ज़न के साथ ही अपने अच्छे समय का सही उपयोग भी बहुत जरूरी है। पूर्व मंत्री सह कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि अपने लक्ष्य पर अपना ध्यान केंद्रित करना, कड़ी मेहनत और सोच के बल पर आनेवाले दिनों में कोई भी बेहतर प्रदर्शन कर सकता है लेकिन सही और गलत मार्ग की पहचान से ही यह संभव है। एक सफल व्यक्ति बनने के लिए मेहनत हरेक क्षेत्र में जरूरी है। उन्होने आगे कहा कि शिक्षा का केंद्र एक मन्दिर है, इसमें ईमानदारी पूर्वक लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करें, लक्ष्य जरूर हासिल होगा। मैट्रिक में बेड़ो प्रखंड टॉपर प्रशांत सुधांसु 94त्न, प्रज्ञा टंडन 93.60त्न और तृतीय स्थान आदित्य कुमार साहु 92.60त्नप्राप्त किए हैं।

## कमलेश राम के नेतृत्व में घर घर जनसंपर्क चलाया गया



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भाजपा अनूसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री कमलेश राम के नेतृत्व में शुक्रवार को घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कांके विधानसभा क्षेत्र के हुंदुर, हुसिर, कुल्हिया, कनादु आदि गांवों में घर-घर जनसंपर्क कर मोदी सरकार की उपलब्धियों से संबंधित पत्रक का वितरण किया। घर घर स्टिकर भी चिपकाया। कार्यकर्ताओं ने इस दौरान केंद्र सरकार की नौ साल की उपलब्धियों के बारे में बता कर 2024 में फिर से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगों से समर्थन मांगा। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि भाजपा सरकार सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। जनसंपर्क अभियान में कांके विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत हुंदूर पंचायत के बूथ नं. 208 के मतदाताओं और लाभुकों से घर घर संपर्क अभियान के तहत मुलाकात कर मोदी की उपलब्धियों को बताया। और फिर से नरेंद्र मोदी जी को प्रचंड बहुमत से जिताने का आग्रह किया।मौके पर मुख्य रूप से मंडल महामंत्री महानंद महतो, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रंजन ठाकुर, भाजपा के वरीय नेता पप्पू , शंभु सिंह , मुकेश केशरी, रामजन्म, सतीश साहू, सुनील मुंडा, शंकर करमाली, सहित कई लोग उपस्थित थे।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला**
**Email – dddogumla@gmail.com**

**–:कृषकों के लिए आवश्यक सूचना:–**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुधारू मवेशी पालकों द्वारा दिनांक **–05.08.2023** के अपराह्न **05.00** बजे तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहितविहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

**मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम**

**-: 02- गाय की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए | 25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला को छोड़कर) | 10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलगी/सड़क दुर्घटना/परित्यकत ग्रामीण महिला के लिए |
| प्रथम चरण (01 गाय) | 1,35,050/- | 51,113/- | 61,335/- | 17,037/- | 6,815/- |
| द्वितीयचरण (01 गाय) | | 50,175/- | 60,210/- | 16,725/- | 6,690/- |

**-: 05 - गाय की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| प्रथम चरण (03 गाय) | 3,37,625/- | 1,52,869/- | 1,01,913/- | 50,956/- | 1,01,912/- |
| द्वितीयचरण (02 गाय) | | 1,00,350/- | 66,900/- | 33,450/- | 66,900/- |

**-: 10 - गाय की योजना:-**

| चरण | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| प्रथम चरण (05 गाय) | 6,75,250/- | 2,55,563/- | 1,70,375/- | 85,187/- | 1,70,375/- |
| द्वितीयचरण (05 गाय) | | 2,50,875/- | 1,70,375/- | 83,625/- | 1,70,375/- |

**–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–**

| योजना का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए |
| हस्तचालित चैफ कटर | 8,000/- | 7,200/- | 6,000/- | 800/- | 2,000/- |
| विद्युतचालित चैफ कटर | 20,000/- | 18,000/- | 15,000/- | 2,000/- | 5,000/- |

**अहर्त्ता** :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

**–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–**

| कार्यक्रम का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| मिल्कींग मशीन | 1,20,000/- | 1,08,000/- | 90,000/- | 12,000/- | 30,000/- |
| वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000/- | 22,500/- | 18,750/- | 2,500/- | 6,250/- |
| पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |
| काउ मैट (6.5'×4') | 5,200/- | 4,680/- | 3,900/- | 520/- | 1,300/- |
| डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.) | 1,00,000/- | 90,000/- | 75,000/- | 10,000/- | 25,000/- |

अहर्त्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वंय सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों और दुध उत्पादक सहयोग सदस्यो के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

**–: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :–**

| सामग्रियों का नाम | कुल ईकाई लागत | सरकारी अनुदान राशि | | लाभुक अंशदान | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) | 10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए) | 25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए) |
| संतुलित पशुआहार | 24 रू०प्रति किलोग्राम | 21.6 | 18 | 2.4 | 6 |
| एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अच्छे विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर | 120 रू० प्रति किलोग्राम | 108 | 90 | 12 | 30 |
| शीतवर्द्धक सप्लीमेण्ट | 60 रू० प्रति किलोग्राम | 54 | 45 | 6 | 15 |

**अहर्त्ता** :–तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/फीड सप्लीमेण्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमला ।

PR.NO.302335 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार का कहर

**भारी** मूसलाधार बारिश और बाढ़ के हालात सिर्फ आसमानी कहर नहीं हैं, बल्कि ये व्यापक भ्रष्टाचार के नतीजे हैं। इमें हड़प्पा, मोहनजोदड़ो सभ्यता के बारे में पढ़ाया जाता रहा है। सभ्यता के उस दौर में भी ड्रेनेज सिस्टम बेहतर था। आज हम आधुनिकता, तकनीकी विकास और वैज्ञानिक प्रयोगों के दौर में जी रहे हैं, लेकिन मानसून की बारिश के सामने अक्षम, लाचार, बेबस हैं। आखिर इसका बुनियादी कारण क्या है? राजधानी दिल्ली का ही उदाहरण लें, तो बीती 28 जून तक सभी नालों की सफाई का लक्ष्य हासिल कर लेना चाहिए था, लेकिन 30 जून तक करीब 68 फीसदी काम ही हो पाया था। जब तेज बारिश हुई, तो कलई खुल गई, क्योंकि अधिकतर नाले ब्लॉक पड़े थे। नतीजतन दिल्ली की जो दुर्दशा हुई, उसकी एक बानगी हम कल के संपादकीय में पेश कर चुके हैं। अब इसका भ्रष्ट आयाम भी देखिए। दरअसल दिल्ली में हर साल 1500 करोड़ रुपए बारिश की तैयारियों, ड्रेनेज, सीवर, नालों की सफाई आदि पर खर्च किए जाते हैं। पानी की सहज निकासी के लिए हजारों पंप खरीदे जाते हैं। यदि यह बजट ईमानदारी से खर्च किया जाता है, तो फिर राजधानी दिल्ली जैसा महानगर पानी में डूबने क्यों लगता है? सब कुछ ठहर-सा क्यों जाता है? इसी तरह गुरुग्राम सरीखे साइबर और आधुनिक शहर में, बारिश की तैयारी के मद्देनजर, करीब 150 करोड़ रुपए का प्रावधान है, लेकिन बरसात में इस शहर की दुर्दशा और गंदे दरिया वाली स्थिति क्यों बन जाती है? गुरुग्राम मलबे का तालाब बन जाता है, जिसमें से वाहनों की आवाजाही ऐसी होती है मानो किसी 'चक्रव्यूह' से निकल रहे हों! वाकई शोचनीय और अपमानजनक है। वह पैसा भी कहां जाता है? अजीब विरोधाभास है कि गुरुग्राम में संभ्रान्त सोसायटी के फ्लैट 5-8-10 करोड़ रुपए में बिकते हैं। दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियों के दफ्तर यहां हैं, लेकिन मुख्य सडक़ों पर पानी और मलबा ही दिखाई देते हैं। यह नालायकी और कोताही क्यों है? आखिर कौन, किसकी जिम्मेदारी तय करेगा? विश्व स्तर पर यह निंदनीय और शर्मनाक स्थिति हो सकती है। दरअसल राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में अंग्रेजों के जमाने के सिस्टम मौजूद हैं, लिहाजा वे कारगर नहीं हैं और जर्जर हो चुके हैं। दिल्ली में 1976 का ही मॉडल लागू है, जब उसकी आबादी करीब 60 लाख होती थी। वह आज 2.5 करोड़ से अधिक है। फिर दिल्ली 'दरिया' क्यों नहीं बनेगी? समस्या अवैध और अनियमित कॉलोनियों की भी है। इन आवासीय कॉलोनियों में सडक़, नाली, सीवर आदि की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती, नतीजतन बारिश के मौसम में वहां पानी ठहरता रहता है। इससे शहर के अन्य इलाके भी प्रभावित होते हैं। एक और बुनियादी स्थिति यह है कि शहरी नियोजन में प्राकृतिक जल-निकासी की लगातार अनदेखी की जाती रही है। इसके अलावा, सीवर ओवरफ्लो भी गंभीर समस्या है। कई जगह सीवर और सीवेज निस्तारण वाले स्थान में असमानता होती है। राजधानी दिल्ली में आईटीओ चौक के करीब सीवर का गंदा पानी और बारिश का पानी मिल कर पुलिस मुख्यालय से लेकर रिंग रोड तक को जलमग्न कर देता है। यह हाल तो देश की राजधानी का है। एक बेहद गंभीर समस्या मकानों के निर्माण-कार्य, मरम्मत, तोड़-फोड़ आदि से निकलने वाले कूड़ा-कर्कट और मलबे की है। ये लगातार पानी के प्रवाह को अवरुद्ध करते हैं और बारिश के दिनों में यही मलबा सडक़ों पर फैल जाता है। इन तमाम स्थितियों के गर्भ में भ्रष्टाचार है। पहाड़ों को छोड़ भी दें, तो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उप्र का एक हिस्सा और बिहार आदि राज्य अब भी 'अलर्ट' पर रखे गए हैं। बारिश और बाढ़ से अभी तक करीब 100 मौतें हो चुकी हैं। यह कोई सामान्य आंकड़ा नहीं है। आखिर देश का नागरिक मर रहा है। ऐसी स्थिति क्यों आई है? दो माह बाद दिल्ली में जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन है। उसमें दुनिया के 20 बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्षों को दिल्ली में आना है।


दिल्ली में हर साल 1500 करोड़ रुपए बारिश की तैयारियों, ड्रेनेज, सीवर, नालों की सफाई आदि पर खर्च किए जाते हैं। पानी की सहज निकासी के लिए हजारों पंप खरीदे जाते हैं। यदि यह बजट ईमानदारी से खर्च किया जाता है, तो फिर राजधानी दिल्ली जैसा महानगर पानी में डूबने क्यों लगता है? सब कुछ ठहर-सा क्यों जाता है? इसी तरह गुरुग्राम सरीखे साइबर और आधुनिक शहर में, बारिश की तैयारी के मद्देनजर, करीब 150 करोड़ रुपए का प्रावधान है, लेकिन बरसात में इस शहर की दुर्दशा और गंदे दरिया वाली स्थिति क्यों बन जाती है? गुरुग्राम मलबे का तालाब बन जाता है, जिसमें से वाहनों की आवाजाही ऐसी होती है मानो किसी 'चक्रव्यूह' से निकल रहे हों! वाकई शोचनीय और अपमानजनक है। वह पैसा भी कहां जाता है? अजीब विरोधाभास है कि गुरुग्राम में संभ्रान्त सोसायटी के फ्लैट 5-8-10 करोड़ रुपए में बिकते हैं।


## कुछ अलग

# सैंज के संदेश

**नदियां** कुख्यात, नाले औकात से बाहर और कूहलें जल बहाव को भूल गईं, ये बरसात है जिसके दामन में लोगों की चीखें और बहते-मिटते निशान। इस बार हिमाचल के आगोश में सैंज तड़प रहा या थुनाग का बाजार बिलख रहा है। सैंज में चालीस घरों व तीस दुकानों की तबाही का आलम जबरदस्त शिकायत कर रहा है। यह मलबा कभी प्रगति को दर्शाने की मेहनत मजदूरी करता रहा होगा, लेकिन आज तेरी छत भी गिरी, मेरी छत भी गिरी। समाज अपने भीतर एकल हुआ तो गीत बदल गए, ॠतुएं बदल गईं, लेकिन नहीं बदला पहाड़ का रुख। यह महत्त्वाकांक्षाओं का वीभत्स दृश्य है जो आज सैंज सिसक रहा है। कल मेरा घर भी उसकी जद में होगा, तेरा भी होगा। दरअसल हर नागरिक, हर गांव और हर शहर की महत्त्वाकांक्षा धरती पर युद्धरत और आसमान से लड़ रही है। ऐसे में कई धाराओं के बीच अस्पष्टता, सरकार और आम आदमी के बीच राज्य और नागरिक के सपनों में किसी समरूपता का न होना भी शैतानी करता है। सैंज के ढह गए चालीस घर हमारी प्रगति के आईने में जब तक स्थिर थे, दूर तक देखे गए, लेकिन आज कस्बे की हालत में हर गली रो रही है। इसी तरह उन तीस दुकानों का नामोनिशान मिटा, जिनके भीतर व्यापारिक उद्देश्य, आपसी प्रतिस्पर्धा, आगे बढने की महत्त्वाकांक्षा और सरकारी व्यवस्था में जीने का स्थायी सुकून ढूंढने की ख्वाहिश रही होगी। सवाल यह है कि क्या आज के सैंज ने पर्वतीय सीमाओं का उल्लंघन किया या आगे बढने के नियम ही बदल दिए। हमने अपनी गलतियों पर ही प्रगति को उन्माद बना कर न धरती का आवरण, न परंपरागत उल्लास की वजह जानी। विडंबना यह है कि पहाड़ी मोहल्ले अब सडक़ों के किनारे आकर बुरी तरह बंट गए। मौसम की रूह में पले परिवेश की बेपरवाही में हुई चीडफ़ाड़ और अतिक्रमण की मानसिकता से सारे जल निकासी के रास्तों पर खड़े होते भवनों की कोताही हमें आज भी समझ नहीं आई। इसी बीच विभागीय उलझनें, हर घर को नल-हर कमरे में बल्ब जलाते-जलाते भी हाथ जले हैं। बिजली के पोल या जलापूर्ति की पाइप के लिए समाज के पास जगह नहीं, लेकिन सरकार की वादाखिलाफी हो नहीं सकती, लिहाजा ये सुविधाएं भी जीने की मिट्टी छीन कर इधर-उधर से गुजरती हुईं, खतरे पैदा कर रही हैं। जरा मुड़ के देखिए कि आपके आसपास जलस्रोतों के नजदीक प्रगति का कुअसर हो कैसे रहा। विद्युत परियोजनाओं के निर्माण में स्थल चयन की प्रक्रिया में ज्यादा जोर कम खर्च पर अधिक बिजली उगाना है, जबकि नदी के बहाव में आ रही अड़चनें कुछ तो कुरेद रही हैं। हमने ऐसी सडक़ें खोद रखी हैं, जो उम्रभर पहाड़ को सताती रहेंगी, तो क्या सर्वेक्षण यूं ही कागजों में मापे जाते रहेंगे। जब सैंज अपना आकार बढ़ाने लगा, तो किस विभाग ने समाज के साथ मिल बैठकर सोचा कि एक दिन प्लानिंग की जरूरत होगी। क्या वहां टीसीपी के तहत दिशा निर्देश तय हुए। क्या प्रदेश के भौगोलिक या भूगर्भीय सर्वेक्षण के तहत नागरिक बस्तियों की सुरक्षा मापी जा रही है। दरअसल जनता व सरकार के बीच अपनी-अपनी महत्त्वाकांक्षाओं का सफर जारी रहा। सैंज की प्रगति को इसलिए भी नागरिक समाज व सरकार के समन्वय में परखना होगा। सियासत के लिए तो बढ़ते घर-बढ़ता व्यापार केवल वोट की छाती चौड़ी कर देता है। इसलिए हमने प्रदेश में सरकारों और मतदाताओं के बीच एक ऐसा सौहार्द पैदा कर लिया जो केवल सियासी सिक्के ही उछालता है। ऐसे में कब सरकार हिम्मत करके मतदाता को जागरूक नागरिक बनाएगी। दुर्भाग्यवश हिमाचल मतदाता के रूप में जागरूक होकर प्रदेश का ही दोहन करने लगा, जबकि जीने का अनुशासन केवल सतर्क व असरदार व्यवस्था ही पैदा कर सकती है। सैंज में बिखरी इमारतों के बीच अगर टीसीपी कानून मरा नहीं होता, तो विकास की योजना में इतना तो सामथ्र्य होता कि चहल पहल शर्मिंदा न होती। इसी तरह थुनाग के बाजार का स्वरूप अगर नाले में बदल रहा है, तो कहीं कसूरवार हमारी तरक्की भी है।

## नया शिक्षा सत्र अप्रैल महीने में आरंभ हो जाता है, किन्तु उच्च शिक्षा के संस्थानों में जुलाई से ही नये शिक्षा सत्र का प्रारंभ होता है

# नये शिक्षा सत्र का हम करें अभिनंदन

सौरभ मालवीय


प्राय : ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चे अपने माता- पिता के साथ अपनी नानी के घर जाते हैं। वहां वे अपने ननिहाल के लोगों से मिलते हैं। सब उन्हें बहुत लाड़-प्यार करते हैं। नानी उन्हें बहुत सी कहानियां सुनाती हैं। नाना और मामा उन्हें घुमाने के लिए लेकर जाते हैं और उन्हें उनके पसंद के खिलौने दिलवाते हैं। आज के एकल परिवार के युग में बच्चे अपने माता- पिता के साथ अपने दादा-दादी के घर भी जाते हैं। वहां भी उन्हें बहुत ही लाड़-प्यार मिलता है। नानी की तरह दादी भी बच्चों को कहानियां सुनाती हैं। इन कथा- कहानियों के माध्यम से वे बच्चों में संस्कार पोषित करती हैं, जो उनके चरित्र का निर्माण करते हैं।


**शिक्षण** संस्थानों में नया शिक्षा सत्र प्रारंभ हो चुका है। प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रायः नया शिक्षा सत्र अप्रैल महीने में आरंभ हो जाता है, किन्तु उच्च शिक्षा के संस्थानों में जुलाई से ही नये शिक्षा सत्र का प्रारंभ होता है। यदि देखा तो वास्तव में सभी शिक्षण संस्थानों में नया शिक्षा सत्र जुलाई महीने में ही आरंभ होता है। इससे पूर्व का समय तो शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने, पुस्तकें, स्टेशनरी, बैग और यूनिफॉर्म आदि खरीदने में व्यतीत हो जाता है। जो समय मिलता है, उसमें विद्यार्थी अपनी नई पुस्तकों से परिचय करते हैं। प्रायः विद्यार्थी भाषा की पुस्तकें पढ़ते हैं, क्योंकि उनमें कहानियाँ और कविताएं होती हैं, जो बच्चों को अति प्रिय हैं। कुछ समय विद्यालय जाने के पश्चात ग्रीष्म कालीन अवकाश आ जाता है। यह ग्रीष्म कालीन अवकाश ग्रीष्म ॠतु के मध्य में आता है। इस समयावधि में अत्यधिक भीषण गर्मी पड़ती है। प्रायः ग्रीष्म कालीन अवकाश मई के अंतिम सप्ताह से लेकर पूरे जून तक रहता है। इस समयावधि में उच्च तापमान के कारण सभी विद्यालय एवं महाविद्याल बंद रहते हैं। बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश की वर्ष भर प्रतीक्षा करते हैं, क्योंकि इसमें उन्हें सबसे अधिक दिनों का अवकाश प्राप्त होता है। बच्चों के लिए ग्रीष्म कालीन अवकाश किसी पर्व से कम नहीं होता। इस समयावधि में उन्हें कोई चिंता नहीं होती अर्थात उन्हें न तो प्रातःकाल में शीघ्र उठकर विद्यालय जाने की चिंता होती है और न ही गृहकार्य करने की कोई चिंता होती है। प्रायः ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चे अपने माता- पिता के साथ अपनी नानी के घर जाते हैं। वहां वे अपने ननिहाल के लोगों से मिलते हैं। सब उन्हें बहुत लाड़-प्यार करते हैं। नानी उन्हें बहुत सी कहानियां सुनाती हैं। नाना और मामा उन्हें घुमाने के लिए लेकर जाते हैं और उन्हें उनके पसंद के खिलौने दिलवाते हैं। आज के एकल परिवार के युग में बच्चे अपने माता- पिता के साथ अपने दादा-दादी के घर भी जाते हैं। वहां भी उन्हें बहुत ही लाड़- प्यार मिलता है। नानी की तरह दादी भी बच्चों को कहानियां सुनाती हैं। इन कथा-कहानियों के माध्यम से वे बच्चों में संस्कार पोषित करती हैं, जो उनके चरित्र का निर्माण करते हैं। यही संस्कार जीवन में उनका मार्गदर्शन करते हैं। अपने पैतृक गांव अथवा नगरों में जाने से वे वहां की संस्कृति से जुड़ते हैं। अपने सगे-संबंधियों से मिलते हैं। इससे उन्हें अपने संबंधों का पता चलता है। उनमें अपने संबंधियों के प्रति स्नेह का भाव पैदा होता है। वे अपने संबंधियों



के प्रति अपने दायित्व को भी समझते हैं। बच्चों में संबंध मूल्य और जीवन मूल्य की समझ बनती है। सम्मान और स्नेह का भाव उपजता है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चे अपने माता- पिता के साथ पर्यटन स्थलों पर भी जाते हैं। अधिकतर लोग ऐसे स्थानों पर जाते हैं, जहां तापमान कम रहता है। ये पहाड़ी क्षेत्र होते हैं। इससे वे वहां की संस्कृति एवं रीति- रिवाजों के बारे में जान पाते हैं। इसके अतिरिक्त वे धार्मिक स्थलों एवं ऐतिहासिक महत्त्व के स्थलों पर भी घूमने जाते हैं। घूमने का अर्थ केवल सैर सपाटा और मनोरंजन करना नहीं है, अपितु पर्यटन से बहुत सी शिक्षाएं मिलती हैं। धार्मिक स्थलों पर जाने से मन को शान्ति प्राप्त होती है तथा बच्चे अपने गौरवशाली संस्कृति से जुड़ पाते हैं। उन्हें अपने ईष्ट देवी-देवताओं के बारे में जानने का अवसर मिलता है। उनमें आस्था का संचार होता है। उनका आत्मबल एवं आत्म विश्वास बढ़ता है। ऐतिहासिक स्थलों पर जाने से उन्हें अपने इतिहास को जानने का अवसर प्राप्त होता है। ये व्यवहारिक ज्ञान है, जो उन्हें आने- जाने से प्राप्त होता है। यह उनके लिए आवश्यक भी है। वे जिन चीजों के बारे में पुस्तकों में पढ़ते उनके बारे में उन्हें सहज जानकारी प्राप्त होती है। इसका उनके मन- मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षकों द्वारा ग्रीष्मकालीन अवकाश के लिए भी विद्यार्थियों को गृहकार्य दिया जाता है। इस दौरान विद्यालय अवश्य बंद रहते हैं, किन्तु ट्यूशन सेंटर खुले रहते हैं। बच्चे ट्यूशन के लिए जाते हैं और अपना गृहकार्य भी करते हैं। इसके अतिरिक ग्रीष्म कालीन अवकाश के दौरान बहुत से संस्थान अनेक प्रकार के कम समयावधि वाले कोर्स प्रारंभ करते हैं, उदाहरण के लिए चित्रकला, संगीत, गायन, नृत्य, मिट्टी के खिलौने बनाने, सजावटी सामान बनाना आदि। इस समयावधि में बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने एवं नई- नई चीजें सीखने का अवसर प्राप्त होता है। बहुत से बच्चे खेलों की ओर रुझान करते हैं। समय अभाव के कारण वे खेल नहीं पाते थे, किन्तु अवकाश में उन्हें अपनी पसंद के खेल खेलने का अवसर मिल जाता है। क्षेत्र के बच्चे अपनी-अपनी टीमें बना लेते हैं और आपस में प्रतिस्पर्धा करते हैं. इससे उनमें खेल भावना का विकास होता है। किसी भी खिलाड़ी के खेल का प्रारंभ इसी प्रकार होता है। पहले वे अपने मित्रों के साथ खेलता है. फिर इसी प्रकार वह खेल स्पर्धाओं में खेलने लगता है। इस प्रकार एक दिन वह देश के लिए पदक जीतने वाला खिलाड़ी बन जाता है। वास्तव में यह समय बच्चों के नैसर्गिक गुणों को निखारने का कार्य करता है। ग्रीष्म कालीन अवकाश व्यतीत होने के पश्चात विद्यालय व अन्य शिक्षण संस्थान पुनः खुल जाते हैं। विद्यार्थियों की दिनचर्या पुनः पूर्व की भांति हो जाती है। वे प्रातःकाल में शीघ्र उठ जाते हैं। नित्य कर्म से निपटने के पश्चात विद्यालय जाने के लिए तैयार होते हैं। वे नाश्ता करके घर से निकल जाते हैं। दिनचर्या केवल बच्चों की ही परिवर्तित नहीं होती, अपितु उनके साथ- साथ उनके माता- पिता की दिनचर्या भी परिवर्तित हो जाती है। उनकी माता प्रातः काल में शीघ्र उठकर उनके लिए नाश्ता बनाती है। उनके लिए टिफिन तैयार करती है। उन्हें विद्यालय या स्कूल बस तक छोड़ने जाती है। बहुत सी माताएं बच्चों को विद्यालय लेकर भी जाती हैं और उन्हें वापस भी लाती हैं। बहुत से विद्यालयों के बाहर दोपहर में महिलाएं अपने बच्चों की प्रतीक्षा में खड़ी रहती हैं। बहुत से बच्चों को उनके पिता विद्यालय छोड़ने जाते हैं। नये शिक्षा सत्र में बच्चे बहुत प्रसन्न दिखाई देते हैं। उनकी कक्षा का एक स्तर बढ़ जाता है। वे स्वयं को पहले से श्रेष्ठ अनुभव करते हैं। पिछली कक्षा में भी उन्होंने कड़ा परिश्रम किया था। उसके कारण ही परीक्षा में वे सफलता प्राप्त कर पाए। परिणामस्वरूप अब वह उससे अगली कक्षा में अर्थात उससे ऊंची कक्षा में हैं। जब विद्यालय खुले थे, तब बहुत अधिक गर्मी थी। बच्चे गर्मी से व्याकुल थे, किन्तु उनके चेहरे पर उत्साह के भाव दिखाई दे रहे थे। बहुत से विद्यालयों में रोली एवं तिलक लगाकर बच्चों का स्वागत किया गया है। यह एक अच्छी पहल है। इससे बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति लगाव उत्पन्न होता है।

# झारखंड के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री डॉ. दिनेश कुमार सारंगी ने पूरे किए 75 वर्ष

**मधुकर**

रांची। झारखंड राज्य के प्रथम स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश कुमार सारंगी 75 वर्ष पूरे कर लिए। मैं उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं देता हूं कि वे दीर्घायु हों, जिससे कि उनका सबसे बड़ा सपना बहरागोड़ा को रेलवे के नक्शे पर पूर्ण होते हुए देख सके। डॉ दिनेश कुमार सारंगी का जन्म एक सुशिक्षित राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में हुआ द्य प्राथमिक शिक्षा बंगला माध्यम तथा माध्यमिक शिक्षा उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित एस एस उच्च विद्यालय गंधा नाता में पूरा किया द्य एमपीसी कॉलेज बारीपदा से विज्ञान विज्ञान संकाय में 12वीं की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत बुला मेडिकल कॉलेज से उन्होंनेचिकित्सा विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। बुल्ला मेडिकल कॉलेज मैं पढ़ाई के दरमियान छात्र राजनीति में उतरे द्य अपने महाविद्यालय के छात्र संघ के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया द्य यह वह दौर था जब उन्हें उस काल के प्रखर समाजवादी नेताओं रवि रे, किशन पटनायक, बीजू पटनायक, जॉर्ज फर्नांडिस समेत दर्जनों नेताओं के साथ काम करने का अवसर मिला द्य इस अवसर ने उनके अंदर समाजवादी भावना को बलवती करने का काम किया द्य यहां ही उन्हें डॉ बिन्नी सारंगी धर्मपत्नी मिली द्य पढ़ाई पूरी करने के बाद पति पत्नी चिकित्सक के रूप में बहरागोड़ा में अपनी सेवा देना प्रारंभ किया द्य इसी बीच जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर इमरजेंसी के विरुद्ध आंदोलन प्रारंभ हुआ द्य उस आंदोलन में उन्होंने बढ़-चढ़कर सिर्फ हिस्सा ही नहीं लिया देश के कई मूर्धन्य नेताओं को अपने घर में पनाह देकर गिरफ्तारी से बचाने में भी उनकी सराहनीय भूमिका थी द्य 1980 से बहरागोड़ा क्षेत्र में साम्यवादी दल की पकड़ मजबूत होती गई द्य लगातार 4 बार क्षेत्र के लोगों ने सीपीआई पर भरोसा जताते हुए विधायक चूना द्य कांग्रेस पार्टी लगातार कमजोर होती जा रही थी, वैकल्पिक राजनीति के पूरा बने डॉक्टर दिनेश द्य वैसे तमाम लो जो कम्युनिस्ट आंदोलन से आतंकित थे उन लोगों का नेतृत्व करना प्रारंभ किया। वर्ष 1990 में जनता दल से चुनाव लड़ा लेकिन पराजय का मुंह देखना पड़ा द्य 1995 में समता पार्टी से मजबूती के साथ चुनाव लड़ा लेकिन फिर एक बार हार का मुंह देखना पड़ा। वर्ष 2000 में भाजपा के प्रत्याशी के रूप में बिहार विधानसभा पहुंचे द्य डॉक्टर सारंगी के जीत के साथ ही क्षेत्र में भाजपा का पताका लहराया तथा कम्युनिस्ट पार्टी का उसी दिन से पराभव प्रारंभ हुआ द्य झारखंड बनते हैं बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में गठित मंत्रिमंडल में स्वास्थ्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार का दायित्व संभाला द्य एक चिकित्सक के स्वास्थ्य मंत्री बनने पर उन्होंने कई महत्वपूर्ण कार्य किए लेकिन उनसे जो अपेक्षा थी उस पर वह पूरी तरह से खरे नहीं उतर पाए द्य दूसरी बार क्षेत्र के लोगों ने उन्हें झारखंड विधान सभा भेजने का काम किया द्य इसमें दो राय नहीं है कि उनके 10 वर्ष के कार्यकाल में विकास की जो गाथा लिखी गई उसके समानांतर रेखा आज तक कोई खींच नहीं पाया है द्य इस शुभ अवसर पर समालोचना और आलोचना समझी नहीं है लेकिन उन बातों को नहीं रखना राजनीति के उत्तराधिकारी यों के साथ अन्याय होगा द्य इतिहास के विद्यार्थी के रूप में इन बातों को रखने का प्रयास कर रहा हूं की किसी भी नेता की राजनीतिक कैरियर के पराभव के लिए कोई दूसरा व्यक्ति उत्तरदाई नहीं होता है द्य वह व्यक्ति स्वयं उत्तरदाई होता है द्य आमतौर पर विरले ही होते हैं जिनके सर चढ़कर सत्ता नहीं बोलती है द्य खुशामदीद लोगों से धीरे रहने, अपनी कान पर विश्वास ना करने एव चापलूस लोगों की नजर से दुनिया को देखने के चलते असमय एक विलक्षण राजनीतिक व्यक्ति का कैरियर समाप्त हो गया द्य बहरागोड़ा क्षेत्र से दो व्यक्ति अब तक मंत्री बने हैं द्य शिबू रंजन और डॉक्टर दिनेश सारंगी द्य यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि झारखंड प्रदेश में योग्यता के मामले में अगर गिनती की जाए तो 5 लोगों में से एक व्यक्ति डॉक्टर सारंगी का चुना जाना तय है द्य आज भी जहां तक संपर्क की बात है तो बिहार बंगाल ओडिशा और झारखंड के राजनीतिक गलियारे में उनकी अपनी एक अलग पहचान है द्य समाजवादी आंदोलन से जुड़े प्रमुख नेता जो विभिन्न राज्यों के विभिन्न समय में छात्र थे अथवा हैं उनके साथ सीधा संवाद आज भी है द्य राष्ट्रीय स्तर के कई मूर्धन्य नेताओं के साथ व्यक्तिगत संबंध है द्य जहां तक ब्यूरोक्रेट्स की बात है तो उनके बीच भी आज भी इनका बेहतर रिश्ता है द्य इतना ही नहीं महामहिम द्रौपदी मुरमू के साथ घरेलू संबंध है द्य इन बातों को कहने का मेरा आशय यह है कि अपार राजनीतिक संभावनाओं वाला व्यक्तित्व मात्र 10 वर्ष एक राज्य की राजनीति में चमका और अब मध्यम दिए की तरह जलते हुए अपने अस्तित्व होने का सिर्फ प्रमाण दे रहा है।अगर ज्ञान जानकारी एवं विभिन्न विषयों पर पकड़ की बात की जाए तो राज्य में भी इनके समान जानकार कम लोग बचे हैं द्य एक विद्यार्थी, एक शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता अथवा शोधार्थी के रूप में अगर अपनी जिज्ञासा को शांत करना चाहता है तो उनके लिए डॉक्टर सारंगी से बेहतर बताने वाला कोई नहीं मिलेगा द्य मैं अपनी भाषा में कहूं तो आज डॉक्टर सारंगी खुद में एक संस्था है, एक शिक्षक और एक शिक्षण संस्थान बगैर पुस्तक के चलंत पुस्तकालय हैद्य स्थानीय भाषा की लड़ाई वर्षो से लड़ते रहे वह आज भी जारी है द्य वह कहते हैं कि मात्रिभाषा मात्री दुग्ध के समान है द्य नवजात को मात्री दुग्ध ना मिलने पर जिस प्रकार से बराबर वह रोग ग्रस्त रहता है वैसा ही हाल हमारे प्रदेश में क्षेत्रीय भाषाओं का है द्य जॉर्ज फर्नांडिस की जमाने से बूढ़ा मारा चाकुलिया रेल लाइन किस अपने को लेकर लगातार प्रयासरत रहे द्य लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते बजट में पैसे का भी प्रबंध हुआ था लेकिन दुर्भाग्यवश ममता दीदी के काल में इस पर ग्रहण लग गया द्य फिर एक बार उन्होंने लोगों में रेल के सपने को साकार करने के आशा का संचार किया है द्य मेरी अपेक्षा और शुभकामना है कि बूढ़ा मारा चाकुलिया रेल पर सफर कर जीवन का सफर तय करें द्य उक्त पोस्ट मेरा निजी विचार है अगर किन्हीं सज्जन को मेरे विचारों से दुख पहुंचती है तो मैं उसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। बहुत-बहुत शुभकामनाओं के साथ दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करता हूं। **(लेखक झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## देश दुनीया से

# फिर सूरज की तलाश

**बीती** महामारी के दौरान लोगों को डबल मास्क लगाने का आदेश क्या हुआ, तब से लोगों ने अपने चेहरे पर एक और चेहरा लगा दिया। मुखौटों का नया बाजार सज गया। यहां दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास बढ़ाने और संतुलित रहने वाले उपदेशकों का मुखौटा मिलता है, वहां समाज सेवा और जनसेवा का दम भरते हुए लोग अपने लिए एक नई पहचान यात्रा जुटाने पर चल दिए। काला व्यापारियों के मन में बीमारों के प्रति दर्द का नया एहसास जागा। जरूरी दवाओं की अनुपलब्धता बता फिर हमदर्दी जताते हुए दुगने-चौगुने दाम टीका निकाल देते हैं। निजी अस्पताल विशेष सेवा के नाम पर सरकारी रेट से अधिक दाम ले दिन-रात सेवा का वायदा करते हैं। सफाचट ने दाढ़ी बढ़ा ली और दडियल सफाचट हो अपने व्यक्तित्व के प्रदर्शन के प्रति वैराग्य दिखा रहे हैं। लेखकों में टालस्टाय, रवि बाबू या प्रेम चंद की छवि लेने का आकर्षण पैदा हो रहा है। जीवन जीने का नहीं, छवि बनाने का खेल हो गया। पहले वक्त और था, आदमी न काम का हो न धाम का, बस बातों के साथ अपनी प्रशंसा का जलतरंग बजा महिमा मण्डित हो जाता था। अपना स्मारक स्वयं बना कर इस पर श्रद्धा सुमन स्वयं चढ़ाता था। अपनी अब तक छपी पुस्तकों की भूमिकाओं और आलोच्य टिप्पणियों की किताब छपवाने की भूमिका बनाता था। अब फटाफट लोग मरने लगे तो उनके बारे में अपनी शोक संवेदनाओं अथवा काल्पनिक संस्करणों के महाग्रन्थों का प्रणयन कर रहा है। लोग एकांत में निर्वासित होने लगे, जो किसी को पास न फटकने दे ऐसा बिस्तर तलाशने लगे। लगा अब जमाना भूमिका नहीं उपसंहार को लड़ीबद्ध कर पुस्तक या पीडीएफ बनाने का आ गया। लोग अन्धेरी रात में नया सूरज उगने की तलाश करने लगे हैं। इसकी शोक धुन बजा रहे हैं। लेकिन अच्छे दिन लाने वाला सूरज आंख मिचौली खेल गया। उन्होंने तो अन्धेरे के यम ताण्डव की महामारी से विदा लेने की कल्पना कर प्रगति और विकास के काल्पनिक आंकड़ों के रंगों से देश के कैनवास पर ताजा सुबह के आगमन की सूचना दे दी थी। लेकिन कैसी आस निरास भई? तुमने अस्वस्थ दिनों से छूट जाने का भ्रम कैसे पाल लिया? सामान्य जिंदगी का उत्सव कैसे मना लिया? नहीं, नहीं, पीछे हटो। चेहरों पर नकाब ओढ़ लो, हाथों का मटमैला हो जाने का भ्रम भूलना चाहते थे, नहीं भूलो न, जिंदगी तो और भी मटमैली हो गई। रोजी-रोजगार छूट गए, भूख तुम्हारी देहरियों पर नृत्य कर रही है। महंगाई के आंकड़ों की हाय तौबा आदमी को बाजार की ओर जाने से डरा रही है। एक भीड़ भरे देश में उत्सवी, धर्मी होना गुनाह है, जानते नहीं हो क्या? इसलिए बगल हटो। तुम्हारे घुलने मिलने ने, जीवन के लौटने की उम्मीद ने मौत के दरकारों को वापस तुम्हारी गलियों में निमंत्रित कर लिया है। इनसे बचने के लिए फिर वहीं सन्देश मिलने लगे। लेकिन मर्ज पुराना हो जाए, तो लोग न केवल उससे बेपरवाह हो जाते हैं, बल्कि छद्मवेश धारण कर इसे छकाने का प्रयास भी करते हैं। लीजिये जीवन फिर अस्त-व्यस्त होने लगा, अब अपने विजेता बने रहने के भ्रम को कैसे जिंदा रखें? इधर-उधर परिवेश की जांच-पड़ताल की तो पाया कि विजेता वही होता है, जो विजय के भ्रम को अधिक देर तक जिंदा रख सके। चेहरे पर विलक्षणता नजर आए, इसलिए इसने दाढ़ी बढ़ा ली है। हां बंधु, यही तो है आपातकाल की नई परिपाटी। बेशक मास्क लगाओ, लेकिन सभ्य जागरूक नागरिकता का प्रमाण आपका एक चित्र तो छपना बनता ही है। यह दिन सदा रहेंगे नहीं। जब संकट भरे दिन लौट जायेंगे, तो हम यह छपा हुआ चित्र दिखा कर कह सकेंगे कि लो भाई इन दिनों से विरक्त होकर हमने दाढ़ी बढ़ा ली थी।


निजी अस्पताल विशेष सेवा के नाम पर सरकारी रेट से अधिक दाम ले दिन-रात सेवा का वायदा करते हैं। सफाचट ने दाढ़ी बढ़ा ली और दडियल सफाचट हो अपने व्यक्तित्व के प्रदर्शन के प्रति वैराग्य दिखा रहे हैं। लेखकों में टालस्टाय, रवि बाबू या प्रेम चंद की छवि लेने का आकर्षण पैदा हो रहा है। जीवन जीने का नहीं, छवि बनाने का खेल हो गया। पहले वक्त और था, आदमी न काम का हो न धाम का, बस बातों के साथ अपनी प्रशंसा का जलतरंग बजा महिमा मण्डित हो जाता था। अपना स्मारक स्वयं बना कर इस पर श्रद्धा सुमन स्वयं चढ़ाता था। अपनी अब तक छपी पुस्तकों की भूमिकाओं और आलोच्य टिप्पणियों की किताब छपवाने की भूमिका बनाता था। अब फटाफट लोग मरने लगे तो उनके बारे में अपनी शोक संवेदनाओं अथवा काल्पनिक संस्करणों के महाग्रन्थों का प्रणयन कर रहा है।


## नागरिक बोध

# 27 साल बाद ब्लास्ट के दोषियों को उम्रवैद

**27** साल पुराने लाजपत नगर बम ब्लास्ट मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चारों दोषियों को ताउम्र जेल काटनी होगी, यानि उन्हें सजा में छूट नहीं मिलेगी। उन्होंने गंभीर अपराध किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की सुनवाईं में काफी वक्त लगा। स्पीड ट्रायल समय की मांग है। सुप्रीम कोर्ट ने मोहम्मद नौशाद, मिर्जा निसार हुसैन, मोहम्मद अली बट और जावेद अहमद खान को उम्रवैद की सजा सुनाते हुए कहा कि मामले बेहद गंभीर है। बम ब्लास्ट में निदरेष लोगों की जान गईं थी और इसमें आरोपियों का रोल था। सुप्रीम कोर्ट ने दो आरोपियों को भी उम्रवैद की सजा दी है, जिन्हें हाईं कोर्ट ने बरी कर दिया था। जबकि इन दोनों को निचली अदालत ने फांसी की सजा दी थी। 1996 में लाजपत नगर बम ब्लास्ट मामले में अपील पर सुनवाईं के बाद दिए पैसले में जस्टिस बीआर गवईं की अगुवाईं वाली बैंच ने मोहम्मद नौशाद और जावेद अहमद की उम्रवैद की सजा को बहाल रखा। इन दोनों को भी उम्रवैद की सजा दी थी



जिसके खिलाफ इन दोनों ने अपील दाखिल की थी। सुप्रीम कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों—मिर्जा निसार हुसैन और मोहम्मद अली बट को भी उम्रवैद की सजा देते हुए कहा कि वह सजा काटने के लिए सरेंडर करें। न्यायमूर्ति बीआर गवईं, न्यायमूर्ति वि्राम नाथ और न्यायमूर्ति संजय कौल की पीठ ने अपने 190 पन्नों के पैसले में चारों दोषियों-मोहम्मद नौशाद, मिर्जा निसार हुसैन, मोहम्मद अली बट और जावेद अहमद खान को पैसले में हुईं देरी के आधार पर मृत्युदंड नहीं सुनाया। न्यायालय ने कहा—निदरेषों की जान लेने वाले अपराध की गंभीरता और प्रात्येक आरोपी की भूमिका को ध्यान में रखते हुए इन सभी आरोपियों को बिना किसी नरमी के जीवनपर्यंत उम्रवैद की सजा सुनाईं जाती है। आरोपी अगर जमानत पर बाहर है तो तत्काल संबंधित अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करे और उनके जमानती मुचलके रद्द किए जाते हैं। लाजपत नगर सेंट्रल माव्रेट में बम ब्लास्ट से दिल्ली में सनसनी पैल गईं थी। 13 लोगों की मौत हुईं थी, जबकि 38 लोग घायल हुए थे। जेकेआईंएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली थी। अप्रैल 2010 में दिल्ली की निचली अदालत ने छह में से तीन आरोपियों को फांसी का सजा सुनाईं थी। मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद अली बट और मिर्जा निसार हुसैन को फांसी की सजा देते हुए अदालत ने कहा था कि इनकी संलिप्तता और अपराध की गंभीरता के मद्देनजर फांसी की सजा दी जाती है। जावेद खान को उम्रवैद की सजा सुनाईं थी। साथ ही दो अन्य आरोपियों—फारुक अहमद खान और फरीदा डार को अन्य धाराओं में दोषी करार देते हुए जेल में बिताए गए समय को सजा माना।

## संक्षिप्त खबरे

### बीडीओ ने किया पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता के साथ बैठक की गई। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास एवं 15 वे वित्त की योजनाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस संबंध में निर्देश दिया गया कि सामग्री मद में जिन योजनाओं के विरुद्ध भुगतान हुआ है उसका भौतिक सत्यापन करके तुरन्त रिपोर्ट करेंगे। साथ ही मनरेगा की योजनाओं में प्रति गांव में 5 -5 योजनाओं के संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास के लंबित आवासों का निर्माण 15 दिनों के अंदर निश्चित रूप से करा लेने का निर्देश सभी को दिया गया। साथ ही सभी तरह के प्रमाण पत्र का ससमय निष्पादन सुविधा जनक ढंग से करने का निर्देश दिया गया। ताकि आम लोगों को परेशानी नहीं हो।

# उपायुक्त अबु इमरान, अपर समाहर्ता पहुंचे प्रखंड सह अंचल कार्यालय गिद्धौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय गिद्धौर के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर योजना, मनरेगा, मानव सृजन दिवस, डोभा, टीसीबी, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, अमृत सरोवर, खसरा रुबेला, फाइलेरिया अन्मुलन कार्यक्रम समेत अन्य की विस्तृत समीक्षा की गई। **प्रधानमंत्री आवास योजना :** जानकारी दी गई की वित्तीय वर्ष 2016 से 22, 23 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 3153 है इसके विरुद्ध अभी तक 3060 प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण कर लिया गया है। शेष 93 आवास को योग्य लाभुकों को लाभान्वित करते हुए 31 जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। **अंबेडकर आवास :** प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर संजीत कुमार सिंह ने प्रतिवेदन के माध्यम से जानकारी दिया की बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर कुल 72 लक्ष्य प्राप्त थे इसके विरुद्ध 63 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। शेष 9 योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कुल 12 लक्ष्य प्राप्त है। इसके विरुद्ध चार योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। दो योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण है। शेष योजनाओं में कार्य प्रारंभ है इसे जल्द से जल्द पूर्ण लिया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त ने कहा कि पूर्ण सभी वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में चेंजिंग रूम बनाना सुनिश्चित करें। **बिरसा हरित ग्राम योजना :** बिरसा हरित ग्राम योजना को लेकर जानकारी दिया गया कि वित्तीय वर्ष 23-24 में लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु 40 एकड़ का लक्ष्य प्राप्त है। इसके विरुद्ध 39 एकड़ की स्वीकृति कर दी गई है। वही फेज टू में भी 48 एकड़ की योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने हेतु लाभुक के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। **बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना :** उपायुक्त ने कहा कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। वित्तीय वर्ष 23-24 के फेज एक में प्राप्त योजनाओं को 15 अगस्त तक सभी पात्र लाभुकों का चयन करते हुए लाभान्वित करने का निर्देश दिया और कहा कि प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें।मानव दिवस सृजन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रति ग्राम कम से कम पांच योजनाएं संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करें की मनरेगा के तहत प्रत्येक पंचायत में पांच योजनाएं संचालित हो। पंचायत सचिवालय में सभी पंचायत के कर्मियों को रोस्टर अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। **अंचल की समीक्षा :** बैठक में अंचल की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि मोटेशन वाद अनावश्यक रूप से रद्द ना करें। विधिवत जांच कर सही कारण होने पर रद्द करें। मोटेशन हेतु निर्धारित समय सीमा आपत्ति रहित वादो में 30 दिन, आपत्ति वाले वादो में 90 दिन के अंदर निष्पादित करना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहा है मयूरहंड, खेतों में लगे धान के बिचड़े लगे हैं सूखने



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेशक मानसून इस समय देश के अन्य राज्यों में कहर बरपा रहा है।बाढ और भुस्खलन की त्रासदी से लोग डरे सहमे हुए हैं बाढ़ वाले राज्यों की सरकारों ने वहां के ऑफिसरों को 24 घंटे हाई अलर्ट मोड पर रखना बावजूद इसके त्रासदी कम होने का नाम नहीं ले रहा है। झारखंड के भी कुछ जिलों में मानसून अपना रौद्र रूप दिखा रहा है लेकिन चतरा जिले के मयूरहंड प्रखंड में मानसून की बेरुखी इस कदर है कि आसमान की तरफ यहां के किसान बूंद बूंद के लिए तरसती निगाहों से देख रहे हैं।कर्ज लेकर किसानों ने धान की बिचड़े तो खेतों में डाल दिए लेकिन यह बिचड़े अब सूखने लगे हैं। आपको बता दें कि मयूरहंड प्रखंड में खेती बारी को लेकर यहां के किसानों को कई तरह के फजीहतों का सामना करना पड़ता है और उसमें पहले स्थान पर आता है सिंचाई व्यवस्था की स्थिति बदहाली के शीर्ष पर होना।

## डीडीसी ने जन्म एवं मृत्यु निबंधन राज्यव्यापी विशेष जागरूकता रथ को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जन्म-मृत्यु निबंधन का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आमलोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु यह जागरूकता रथ दिनांक 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम घुमकर जन्म-मृत्यु पंजीकरण के प्रति आमलोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी।इस अभियान के तहत जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और सभी मृत व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के लिए जन जागरूकता हेतु जन्म एवं मृत्यु निबंधन विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# खबर लिखे जाने को लेकर विधायक प्रतिनिधि भोला सिंह ने किया पत्रकार अशोक पर जानलेवा हमला

➲पुराने नाले को मरम्मती कर नया नाले बनाने को लेकर किया गया था खबर प्रकाशित
➲प्रतिशोध के भावना से मारपीट, घड़ी लूट, गाली गलौज रुपये कि की गयी लूट व जानलेवा हमला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** दैनिक अखबार के रिपोर्टर अशोक कुमार साहू के साथ विधायक किसुन दास के सिमरिया प्रतिनिधि भोला सिंह द्वारा दोपहर 2 बजे सिमरिया प्रखण्ड कार्यालय के समीप अचानक मोटरसाइकिल रोक मारपीट करने लगा ।साथ हीं घड़ी और रुपया छिनते हुए जान से मारने तथा गाली गलौज करते हुए कहा कि सड़क पर पटक देंगे जहां जाना है जाओ हम देख लेंगे। घटना को लेकर पीड़ित पत्रकार अशोक एवं पत्रकारों के टीम ने एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी एवं थाना प्रभारी विवेक कुमार को लिखित आवेदन देकर गिरफ्तारी की मांग किया है। आगे कहा है कि उक्त व्यक्ति विधायक प्रतिनिधि का धौस दिखा हमेशा पत्रकारों के साथ इस तरह का कुकृत्य करते आ रहा है। जिसे लेकर पूर्व में किए गए जानलेवा हमला को लेकर पत्रकार के साथ न्यालय में मामला चल रहा है। यह व्यक्ति उदंड व झगड़ालू है ।यदि अविलंब गिरफ्तार नहीं की गयी तो हम पत्रकार संघ अनशन के लिए बाध्य होंगे। बता दें कि यह विधायक मद के 3 लाख 50 हजार रूपये की लागत से बन्हे तलाब के समीप नाली निर्माण का एकरार नामा किया गया था। जहां पूर्व से नाली निर्माण किया हुआ था। उसी नाली को पुनः मरम्मती कर योजना पूर्ण करने की प्रयास की जा रही थी। जिसे लेकर ग्रामीणों की शिकायत पर खबर प्रकाशित की गयी थी ।इसी के प्रतिशोध में इस तरह घटना का अंजाम दिया गया।

## विधायक मद योजना में घोटाला

# पुराने नाली को मरम्मत कर नए दिखा रुपये घोटाले करने का प्रयास

➲तीन लाख पचास हजार रुपए की लागत से बनाना था नाली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** विधायक किशुन कुमार दास के मद से प्रखंड के बन्हे गांव में मटकू सिंह के घर के पास नाली का निर्माण किया जा रहा है। जिसमे संवेदक द्वारा पुराने नाली को ही मरम्मत कर नए नाली का रूप देकर रुपए गबन करने में लगे हुए है। नाली में बंगला इट व डस्ट से मात्र एक रद्दे की जोड़ाई की जा रही हैं। साथ हीं ठीकेदारों के द्वारा जोड़ाई के साथ साथ पन्ना प्लास्टर भी कर दिया जा रहा हैं ताकि पुराने नाली के नामो निशान तक ना रहें। यह खुलासा जब हुआ की ग्रामीणों की सूचना पर पत्रकारों के एक टीम नाली निर्माण स्थल पर पंहुचा। जिसे लेकर संबंधित जेई मनोज कुमार मुन्ना से संपर्क की गई। जेई ने कहा की योजना बनना है लेकिन निर्माण की कोई जानकारी हमको नहीं दी गयी है। मामले को लेकर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। अब संज्ञान में आ गई है जांच किया जाएगा। गौरतलब है की उक्त नाली का निर्माण विधायक मद से एनआरईपी विभाग से किया जा रहा है जिसका प्रकालित राशि लगभग तीन लाख पच्चास हजार है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से जांच कर करवाई करने की मांग की है।

## डीसी को दिया आवेदन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह प्रखंड के चुँगरु पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नावाडीह निवासी महेंद्र सिंह पिता गंगा सिंह ने अपने जमीन पर विनोद राम पिता बुचुन राम के द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने को लेकर डीसी को आवेदन देकर तत्काल निर्माण कार्य पर रोक लगाते हुए कार्रवाई की मांग किया है। आवेदन में लिखा है, कि उक्त भूमी का प्रकार गैरमंजरुवा है, जिसका खाता सं.-114, प्लॉट- 136 रकबा 1.64 एकड़ है,जो पूर्वज के समय से हमारे कब्जा में है।उक्त भूमी पर दिनांक- 28-09-22 को मीना देवी पिता बुचुन राम,अशोक कुमार रवि, पिता विनोद राम ग्राम नावाडीह के द्वारा जबरन मड़ई का निर्माण कार्य शुरू गया था। जिसका आवेदन मैनें तत्काल ही बरवाडीह अंचल पदाधिकारी को दिया था उसके आलोक में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## हेरहंज पीएचसी में डॉक्टरों की हो स्थाई प्रतिनियुक्ति : प्रतुल शाह देव

**हेरहंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज झारखंड के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरुण कुमार सिंह से मुलाकात करके लातेहार जिले के हेरहंज पीएचसी में डॉक्टरों की स्थाई नियुक्ति की मांग की। प्रतुल ने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह को जानकारी दी की हेरहंज एक आदिवासी बहुल इलाका है।यहां का पीएचसी नर्सों के भरोसे चलता है। डॉक्टर कभी आते ही नहीं। प्रतुल ने अपर मुख्य सचिव से स्थाई डाक्टर की नियुक्ति का आग्रह किया और पीएएचसी में पर्याप्त दवाओं की भी उपलब्धता का आग्रह किया।

## केंद्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने श्रम मंत्री को सौंपा पांच सूत्री मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव, यूनियन पदाधिकारी सेलेस्टिन कुजूर ने शुक्रवार को सर्किट हाउस मे सूबे के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को पांच सूत्री मांग पत्र सौंपा है। सौंपे गए मांग पत्र मे बताया गया की लातेहार जिला अंतर्गत कोल ब्लॉक आवंटन किया गया है।जिसमे लातेहार के मजदूर आदिवासी सहित मूलवासीयो का रैयती जमीन कोयला खदान से मिलने वाला जमीन का मुआवजा, रोजगार, पुनर्वास समेत कई मुद्दों पर कंपनी सही काम नही कर पा रहा है। आए दिन भुरैयतो को डीवीसी कंपनी कर्मचारियों और दलालो के द्वारा डराया धमकाया जा रहा है। दिलेश्वर ने मंत्री से उपरोक्त समस्या पर ध्यानाकृष्ट करते हुए समाधान कराने की मांग की है। मांग पत्र मे अन्य मांग शामिल है।

## जागरूकता रथ को किया गया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए विंदेश्वरी ततमा द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकार ने बताया कि दिनांक 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए जन्मङ्कमृत्यु के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राज्य के सभी निबंधन इकाईयों यथा सभी पंचायत निबंधन इकाई, सभी शहरी नगर निकाय निबंधन इकाई, सभी स्वास्थ्य निबंधन इकाई एवं अन्य निबंधन इकाई आदि में विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि इस अभियान में जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और मृत व्यक्यिों का पंजीकरण अवश्य करायें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श संतोष कुमार भगत, अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# लाडले खान बनाएं गए जेनरल खलिफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआंडाड :** जामा मस्जिद के सदर मोहम्मद इमरान खान के अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर जामा मस्जिद के प्रांगन में बैठक का आयोजन किया गया।यह बैठक में मोहर्रम कमिटी के खलिफा के चुनाव हेतू किया गया। जहां सर्वसम्मति से मोहम्मद लाडले खान अम्वाटोली को महुआंड़ाड मोहर्रम कमिटी का जेनरल खलिफा बनाया गया। वहीं राशिद खान परवेज आलम अब्दुल मतीन उर्फ गुड्डू मोहम्मद शहजाद आलम को नायब खलिफा के लिए चयन किया गया। मोहर्रम कमिटी के लोगों ने आवाम से सामने अपनी बातें रखते हुए कहा कि लोगों के द्वारा हमलोगों को जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है इसका हर संभव निर्वहन का का प्रयास करेंगे।हर वर्ष के तरह इस वर्ष भी पुरे जोशो खरोश के साथ मोहर्रम मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। मौके पर नाइब सदर तनवीर अहमद उर्फ सोनू सिक्रेट्री मजहर खान नाइब सिक्रेट्री हबीबुल्लाह खान, खजांची शाहिद कमाल, गौसिया मस्जिद के नाइब सदर सहाबुद्दीन खान आजाद अहमद, बसारत अली, ब्बलु खान, सुवेब आलम, गुड्डू खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**Office of The Executive Engineer Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No.-07/2023-24 (1st Call)**

Quotation through e-tender are here by invited by the undersigned from the Manufactures/ Supplier/ Dealer/Reputed firm for rate of ***PP Integrated Saddle with inbuilt Flow Control Valve*** etc. all complete job shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders. gov.in Details of work are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate online from **17.07.2023 at 12:30 hrs. to 24.07.2023 at 17:00 hrs.** The quotation will be opened on **25.07.2023 at 17:00 Hours.**

The undersigned have been reserve right to reject one or all the quotations without assigning and reason.

**Address for Communication :-** Executive Engineer, D W & S Division, Hazaribagh
Address :- **Drinking Water & Sanitation Division, Hazaribagh**
Mobile No.- 8002093156
Fax No.- N/A
Email ID:- eedwsd.hazaribagh@gmail.com

**Executive Engineer**
**D W & S Division, Hazaribagh**

PR.NO.302392 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

# शिक्षकों के साथ मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस ने पिछले दिनों तुपु खुर्द स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक कामिल नगेशिया एवं शिक्षक नंदन सिंह के साथ मारपीट करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में लातेहार थाना में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेसवार्ता में थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि ये लोग स्कूल के शिक्षक ललन कुमार से लेवी लेने के लिए स्कूल गए हुए थे।पर स्कूल में ललन कुमार के नहीं मिलने पर अपना डर कायम करने के लिए शिक्षकों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में लातेहार थाना में 05 व्यक्तियों के विरूद्ध मामला अंकित किया गया था।उन्होंने बताया कि लातेहार पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस कांड के अनुसंधान एवं इसमें शामिल असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी को लेकर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। छापामारी दल द्वारा अग्रेतर कार्यवाही करते हुए इस कांड में संलिप्त 01. मो0 ताजुद्दीन अंसारी उर्फ सोनु, उम्र 22 वर्ष, पिता जल मोहम्मद उर्फ जान - मोहम्मद अंसारी, सा0 डुरूआ 02. सुरज लोहरा, उम्र - 29 वर्ष, पिता सोमनाथ लोहरा, सा0 लेधपा दोनों थाना व जिला लातेहार को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है,ताकि काण्ड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी यथाशिघ्र किया जा सके। छापामारी दल में लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, शाहरुख, देवानन्द कुमार, राज रौशन सिन्हा, दिवाकर धोबी, कुबेर प्रसाद देव और लातेहार थाना सशस्त्र बल एवं लाठी बल के जवान शामिल रहे।

## उद्गम स्थल फलगु नदी का होगा जीर्णोद्धार : डीडीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सबानो पंचायत के इचाक कला गाँव में फलगु नदी का उद्गम स्थल है। जहां उप विकास पदाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता ने औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण उपायुक्त के निर्देशानुसार किया गया ।जानकारी के अनुशार फलगु उद्गम स्थल को ऐतिहासिक बनाने को लेकर शनिवार को सेंट्रल कमिटी का मैराथन बैठक की जा रही है। उसके बाद सेंट्रल कमिटी उद्गम स्थल को निरीक्षण करेगी तदोपरांत उद्गम स्थल को ऐतिहासिक रूप दिया जाएगा। बता दें कि सिमरिया प्रखण्ड में दो उद्गम स्थल है। एक जो एदला गाँव के खेत से उद्गम स्थल है जो मानत नदी के नाम से प्रचलित है वहीं पांकी में इसी नदी को अमानत नदी के नाम से जाना जाता है। दुशरा सबानो पंचायत के इचाक कला गाँव के एक तलाब के करीब से फलगु नदी का उद्गम हुआ है। जो आगे जाकर बड़ा रूप लिया है जिसे फलगु नदी के नाम से प्रसिद्ध है।

## लाभुकों के बीच धोती साड़ी का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत बेतला पंचायत के जनवितरण प्रणाली दुकानदार मुकेश कुमार के दुकान पर शुक्रवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार सरण, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, पंचायत के मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से कई राशनकार्ड धारियों के महिला, पुरुष लाभुकों के बीच धोती, साड़ी, लुंगी वितरण करने का काम किया गया।

**झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम**
कल्याण कॉम्पलेक्स, तीसरी मंजिल, बलिहार रोड, मोराबादी, राँची–834008
दूरभाष संख्या–0651–2550505, Email id- jssccdc.ranchi@gmail.com
पत्रांक : राँची, दिनांक :

"इच्छा की अभिव्यक्ति"
"आयवृद्धि योजना अन्तर्गत (Bee Keeping)"

प्रस्तावित योजना का उदेद्दय :– अनुसूचित जाति के सदस्यों को आय वृद्धि योजना के अन्तर्गत Bee Keeping अन्तर्गत प्रशिक्षण–सह–सामग्री उपलब्ध कराना है, जिसे ग्राम स्तर पर स्वयं सहायता समुह/ग्राम स्तरीय सहकारी समिति में उपलब्ध कराया जाना है। जिससे अनुसूचित जाति वर्ग के सदस्यों को अपने आय में वृद्धि कराने का उद्देश्य है।

इच्छुक संस्थाओं से सूचीबद्ध हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित की जाती है। आवेदन पत्र प्राप्त करने हेतु लिखित पत्र, प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम लिमिटेड, कल्याण कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, बलिहार रोड, मोराबादी, राँची से 5000/– (पाँच हजार) रूपये बैंक ड्राफ्ट अप्रत्यार्पणीय (Draft Non Refundable) 19.07.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त किया जा सकता है। जिसे प्रबंध निदेशक, झारखण्ड राज्य अनुसूचित जाति सहकारिता विकास निगम, कल्याण कॉम्पलेक्स, तीसरी मंजिल, बलिहार रोड़, मोराबादी, राँची –834008 दिनांक–.28.07.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक भेजें, तथा विस्तृत जानकारी हेतु prdjharkhand.in तथा कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 302384 Jharkhand State Scheduled Caste Co-operative Dev. Corp.(23-24)D
प्रबंध निदेशक

## पीने के लिए उपयुक्त है फिल्टर प्लांट का पानी, सप्लाई शुरू होने से हर्ष



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** गुरूवार सुबह पीएचईडी के बुकबुका स्थित फिल्टर प्लांट से पानी सप्लाई शुरू हो गया. करीब डेढ़ महीने बाद फिल्टर प्लांट का पानी मिलने से लोग काफी खुश हैं. मालूम हो कि कम क्षमता का ट्रांस्फर्मर लग जाने से करंजतोरा स्थित इंटक वेल का 80 अश्व शक्ति का विद्युत मोटर स्टार्ट ही नहीं हो सका था. खबर मिलते ही लोग निराश हो गए. इसके बाद बुकबुका मुखिया सह बहुग्रामीण जलापूर्ति समिति के अध्यक्ष पारसनाथ उरांव, सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष उरांव, पृथ्वी सिंह, ललन सिंह, परवेज आदि ने समाजसेवी सुरेन्द्रनाथ पांडेय को समस्या से अवगत कराया. पांडेय ने जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक व कार्यपालक अभियंता से बात किया और मानवता का ख्याल रखते हुए अविलंब उपयुक्त क्षमता का ट्रांस्फर्मर भेजने का आग्रह किया. इसके बाद जेबीवीएनएल द्वारा तुरंत 200 केवीए का ट्रांस्फर्मर करंजतोरा भेज दिया गया. बता दें कि इस फिल्टर प्लांट के पानी का टीडीएस 118 मापा गया है जो पीने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है।

## आजसु पार्टी ने दो मांगपत्र बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बुंडू :** आजसू पार्टी के द्वारा पांच परगना क्षेत्र के विशेष मसले को लेकर आज दो मांग पत्र बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया है।प्रथम मांगपत्र सिविल सर्जन राँची को भेजा गया जिसमें बुण्डु अनुमंडलीय अस्पताल पर ट्रामा सेंटर के नाम लिखकर जो आम जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है, उस पर मांग की गई है है कि पुर्ण रुप से ट्रामा सेंटर को चालु करे अन्यथा उस ट्रामा सेंटर का बोर्ड को हटाया जाए। अगर उक्त मांग 15 दिनों में नहीं पुरी होती है तो आजसु पार्टी द्वारा उक्त बोर्ड को कालीकरण कर दिया जाएगा एवं उसकी पुरी जिम्मेवारी सरकार की होगी। द्वितीय मांगपत्र राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग दिल्ली को बुण्डु टोलप्लाजा को लेकर भेजा गया, जिसमें बुण्डु टोलप्लाजा पर चांडील एवं रामगढ़ की तरह बुण्डु के साथ साथ राहे, सोनाहातु, तमाड़ के निजी वाहनों में छुट एवं व्यवसायिक वाहनों के टोल टैक्स में छुट की मांग एवं टोलप्लाजा में कार्य करने के लिए क्षेत्रीय लोगों रखने की बात शामिल है। अगर उक्त मांग को 10 दिनों के अन्दर पुरी नही की जाती है तो उक्त टोलप्लाजा पर अनिश्चिकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा एवं टोल वसूली बन्द कर दिया जाएगा। उक्त दोनों मांगपत्रो को नितिन गडकरी भारत सरकार,सिविल सर्जन राँची एवं प्रतिलिपि उपायुक्त राँची को स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया है।इधर आजसु पार्टी के राँची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा बुण्डु अनुमंडलीय अस्पताल में कथित रूप से चल रही ट्रामा सेंटर पहुंचे तो देखा गया ।

## पिपरवार के तरवां में स्कुली बच्चों को हिन्दुस्तान स्कॉट गाइड टीम ने दिया प्रशिक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के तरवां गांव स्थित ज्ञान दीप विद्या निकेतन विद्यालय के छात्र छात्राओं को हिन्दुस्तान स्कॉट गाइड टीम चतरा द्वारा 12 जुलाई से 14 जुलाई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत डीटीसी प्रशिक्षक अजीत कुमार सिंह द्वारा विद्यालय के बच्चों को देश भक्ति का पाठ पढ़ाने के साथ आपातकालीन परिस्थितियों में लोगों के बचाव, स्वयं सुरक्षा, प्राथमिक उपचार,परेड एवं विभिन्न प्रकार की तालियां बजाने आदि के बारे मे शिक्षित किया गया।हिन्दुस्तान स्कॉट गाइड टीम की और से विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत करते हुए मोमेंटो प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पाकर विद्यालय के बच्चों में काफी खुशी देखी गई।इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपलाल महतो ने कहा कि वर्तमान समय में इस तरह के कार्यक्रम होने से बच्चो में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ मन का विकास होता है।साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की जानकारी मिलती है।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे शिक्षक रोशन कुमार महतो, जगदीश महतो, वीरेंद्र साहू, तेजनाथ महतो, शिक्षिका ऑस्कर खलखो,सुनीता कुमारी ने काफी सहयोग किया।

## कोयलांचल में बारिश नहीं होने से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में पिछले एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण उमस भरी गर्मी से लोग परेशान हैं, वहीं बारिश नहीं होने से किसानों की भी चिंता बढ़ने लगी है।मिली जानकारी के मुताबिक पिछले एक सप्ताह से कोयलांचल में कहीं धूप कहीं बादल का असर देखा जा रहा है,लेकिन बारिश नहीं हो रही है।इधर पिछले दो दिनों से पूरे आसमान में बादल छाए रहने के बावजूद बारिश नहीं हो रही है। जिसके कारण उमस भरी गर्मी से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।शाम को ठंडी हवा चलने से लोगों को कुछ राहत जरूर मिल रही है, लेकिन दिन भर लोगों की बेचैनी बढ़ी रहती है।इधर बारिश नहीं होने के कारण खेती के लिए तैयार किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों के अनुसार समय पर अच्छी बारिश नहीं होने के कारण धान की पैदावार को नुकसान पहुंच सकता है।अब किसान भी अच्छी बारिश के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।बारिश की बेरुखी से किसानों में मायूसी देखी जा रही है।


**AFFIDAVIT**

SALMAN BAIG, S/O Raushan Baig, Date of birth - 26/08/1990, by faith Muslim, by occupation - Unemployed, resident of Bye pass road, Near Dhanbad City School, Pandarpala, P.O. Polytechnic, P.S. Bhuli, District - Dhanbad, (Jharkhand), Pin - 826001, do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows : -

**1)** That I am holder of PASSPORT issued in my favour bearing my Passport No. L1947825 issued on dt. 20/05/2013, valid upto 18/05/2023.

**2)** That my said Passport has been lost/fell down some where on dt. 07/07/2023 while I was going to Bhuli Bazar for getting xerox copy of the same.

**3)** That despite of my atmost efforts, the said Passport could not be found/traced out as yet.

**4)** That the contents mentioned above are true and correct and nothing has been misstated therein.

**5)** That I am swearing this affidavit to submit before the concerned authority for needful purpose.

**SALMAN BAIG**

**DEPONENT**


## तमाड़ भाजपा मंडल द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**तमाड़ :** तमाड़ भाजपा मंडल के वरिष्ठ कार्यकर्ता संजीव मांझी के नेतृत्व में तमाड़ बाजार चौक में डोर टु डोर भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत हर दुकान दारों के बीच नरेंद्र मोदी सरकार के नौ वर्ष सेवा सुशासन और गरीब कल्याण की जानकारी लोगों को दी गई। इस दौरान विशेष रूप से जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा उपस्थित थे। जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने इस दौरान लोगों को बताया कि मोदी सरकार ने देश में गरीबों दलितों मध्यम वर्ग परिवारों सहित किसानों के कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किया है। देश की आंतरिक सुरक्षा के साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े कार्य हो रहा है। देश मजबूत हो रहा है। अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का नाम प्रथम श्रेणी में है। सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के साथ देश आगे बढ़ रहा है। जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा ने सबसे अपील किया कि 2024 में फिर से कमल को चुनें और फिर से मोदी सरकार बनाने में अहम भूमिका निभायें।आज कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के अलावे संजीव मांझी,अमित सिंह, राकेश लाल सिन्हा, असगर खान, अनवर खान, दिनेश प्रजापति सहित कई लोग शामिल थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला गंगा समिति की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला गंगा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सर्वप्रथम जिला गंगा समिति की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी नोडल पदाधिकारी नमामि गंगे योजना सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों से ली। साथ ही उन्होंने योजना के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगो को जागरूक करने एवं जिले के सभी जल स्रोतों को स्वच्छ रखने हेतु जन भागीदारी सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने आगामी 12 अगस्त को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिले में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमंडल रामगढ़, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण पदाधिकारी रामगढ़, नगर परिषद के पदाधिकारी, समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पवन कुमार मुर्मू विद्यालय परिसर से लापता, सनहा दर्ज

**चरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मासी मार्सल विद्यालय से एक मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय परिसर से एक छात्र जिसका नाम पवन कुमार मुर्मू पिता विसलाल मांझी ग्राम लावालॉन्ग बंगडवा तिरला थाना जगेसर जिला बोकारो का रहने वाला है जो विद्यालय परिसर से गुरुवार की रात 8ः00बजे से लापता है। विद्यालय के वार्डन प्रकाश बबलू हेमब्रॉम ने इस संबंध में चरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में वार्डन द्वारा छात्र के लापता होने की जानकारी दी गई है जिसमें कहा गया है कि गुरुवार की रात से पवन कुमार मुर्मू विद्यालय परिसर से लापता है यह छात्र छात्रावास में रहता था। लापता होने के बाद छात्र को खोजने का प्रयास किया गया जिसके बाद छात्र का पता ना चलने पर उसके अभिभावक को इसकी सूचना दी गई। वही इस संबंध में लापता छात्र की मां बासमती देवी ने कहा की उनका बेटा छात्रावास से लापता है इसकी जानकारी उन्हें स्कूल प्रबंधन के तरफ से दी गई जिसके बाद शुक्रवार को हम लोग स्कूल पहुंचे। इस मामला के बाद स्कूल प्रबंधन और लापता छात्र के अभिभावक दोनों काफी चिंतित हैं।

## नोनाहीटाड़ महुआ पेड़ पर वज्रपात हुआ, हताहत नहीं

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर परिषद के वार्ड 14 के अरगड्डा नोनाहीटाड़ के एक महुआ पेड़ पर शुक्रवार संध्या बारिश होने के दौरान आसमानी वज्रपात हुआ। जिससे पेड़ के बीचो बीच फटकर दरार व क्षतिग्रस्त हो गया। लोगों ने बताया कि इससे किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली हैं। वही वज्रपात हुए पेड़ को ग्रामीण देखने के लिए पहुंचने लगे।

## बीओबी के डिजिटल सर्विस आउटलेट का शुभारंभ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बैंक ऑफ़ बड़ौदा के रांची क्षेत्र की ओर से डिजिटलीकरण के दौर में एक नई पहल के रूप में डिजिटल सर्विस आउटलेट का शुभारंभ एसटीसी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बीएसएफ मेरु हजारीबाग में किया गया । उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डेनियल अधिकारी (इंस्पेक्टर जनरल ) एस टी सी, बी एस एफ, हजारीबाग एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख पटना, सोनाम टी भूटीया के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ । उद्घाटन सत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय, रांची के सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख शंकर महतो एवं हजारीबाग शाखा के मुख्य प्रबंधक एवं शाखा प्रमुख प्रेम कुमार साह एवं अन्य कार्यपालकगण और स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।



## आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने सामान नागरिकता (यूसीसी) को लेकर अपनी राय विधि आयोग को भेजी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया ने शुक्रवार को प्रेस बयान दिया। बताया है कि समान नागरिक संहिता/यूनीफॉर्म सिविल कोड (ष्ट्ट) पर विधि आयोग,भारत द्वारा राय आमंत्रित करने के लिए दिनांक- 14.07. 2023 को जारी सार्वजनिक नोटिस पर आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने गांव-सड़कों तक विरोध मार्च के माध्यम से ष्ट्ट को रद्द करने की मांग की गई है और विधि आयोग,भारत को आवेदन के माध्यम से आदिवासी संघर्ष मोर्चा ने अपनी राय भेजी हैं। जिनमें बीते 14 जून 2023 को जारी सार्वजनिक सूचना के जरिए समान नागरिक संहिता (ष्ट्ट) मांगे गए हैं।हम यहां अपना प्रत्युत्तर निवेदित करते हैं। हम आदिवासी संघर्ष मोर्चा जो भारत के मोर्चा है, कि ओर से अपनी राय रख रहे हैं। बताया हमें आश्चर्य है कि 31 अगस्त 2018 के विधि आयोग के अपने परामर्श पत्र को इस स्तर पर न तो आवश्यक और न ही वांछनीय करार किये जाने के बावजूद, विधि आयोग अब यूसीसी पर विचार मांग रहा है। ऐसे में बिना किसी औचित्य के इस मुद्दे को फिर से सामने लाने के कसरत के मकसद को लेकर हमारे मन में गंभीर आशंकाएं हैं। यह चिंता वाजिब है कि और यह आदिवासियों के विशिष्ट रीति-रिवाजों, पद्धतियों और प्रथाओं के लिए गंभीर संकट पैदा करेगा। यह इन समुदायों को जबरन हिंदू धर्म में समाहित करने की एक और कोशिश है। इससे आदिवासियों को मिले संवैधानिक विशेषाधिकार और संरक्षण भी कमजोर हो जाएंगे। गौरतलब है कि विशेष रूप से उत्तर-पूर्वी राज्यों में अनुसूचित जनजातियों के पारंपरिक कानूनों और प्रथाओं में हस्तक्षेप करने के मामले में संसद के संवैधानिक सिमाएं (अनुच्छेद 371ए से 371आई) है। यही कारण है कि देश भर के आदिवासियों ने यूसीसी पर गंभीर आपत्ति व्यक्त की है और अपने रीति-रिवाजों और परंपराओं में किसी भी हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि कानून व न्याय संसदीय समिति के अध्यक्ष सुशील कुमार मोदी ने पूर्वोत्तर और देश के अन्य हिस्सों में आदिवासी आबादी को यूसीसी से बाहर रखे जाने का कठिन तौर पर अश्वासन दिया है। कृपया ध्यान दें कि हम लैंगिक न्याय की दिशा में कानून सुधार प्रदान करने के पक्षधर हैं, लेकिन आदिवासी समुदायों के विशिष्ट रीति-रिवाजों और परंपराओं को अक्षुण्ण रखते हुए ही यह किया जाना चाहिए अन्यथा आगे कोई भी कदम व्यापक आंदोलन और प्रतिरोध को जन्म देगा। मौके पर तिरुपति गमांगो,सुमंति एक्का, जितेन्द्र मीना,रवि फांचो आदि मौजूद थे।

## उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेशन कमिटी (डीसीसी) की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेंस कमिटी (डीसीसी) की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम सुश्री प्रीति टोप्पो, डीएम-एफआई के द्वारा पीपीटी के माध्यम से उपस्थित सभी को बैठक के मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी गई।बैठक के दौरान रोबिन टोप्पो ने उपस्थित सभी बैंक के प्रतिनिधियों को डीपीएम जेएसएलपीएस से समन्वय स्थापित कर स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंककेज में आ रही त्रुटियों को दूर करते हुए लंबित क्रेडिट लिंकेज के कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्वयं सहायता समूह के लंबित बैंक खातों को जल्द से जल्द शुरू करने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने ऑनलाइन किए गए लंबित आवेदनों को भी यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया।इन्सुरेंस सेटेलमेंट के चर्चा के क्रम में श्री टोप्पो ने सभी बैंक प्रतिनिधियों को इन्सुरेंस सेटेलमेंट में आ रहे त्रुटियों को दूर करते हुए लंबित पड़े आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इंसुरेंस का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने मुद्रा लोन के तहत प्राप्त आवेदनों का यथा शीघ्र निष्पादन करने का भी निर्देश दिया।

## किआ इंडिया ने अपनी नई सेल्टोस के रोल-आउट के साथ मनाया, 10 लाख मेक इन इंडिया प्रोडक्शन यूनिट का जश्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** किआ इंडिया ने हाल ही में लॉन्च की गई नई सेल्टोस की पहली यूनिट को आज अनंतपुर स्थित अत्याधुनिक निर्माण इकाई से रोलआउट किया है। इसी के साथ ही कंपनी ने इस निर्माण इकाई से 10 लाख वाहनों को डिस्पैच करने की एतिहासिक उपलब्धि भी हासिल कर ली है। साथ ही इस यूनिट से नई सेल्टोस जैसी भारत की सबसे विकसित, सुरक्षित और स्मार्ट एसयूवी के उत्पादन की भी शुरुआत हो गई है। नई सेल्टोस नए जमाने की डिजाइन और 32 सेफ्टी फीचर्स के साथ आती है। इनमें 17 फीचर्स के साथ सबसे एडवांस लेवल 2 एडीएएस और बहुप्रतीक्षित पैनोरमिक सनरूफ शामिल हैं। नई सेल्टोस 14 जुलाई 2023 से भारत में प्री-बुकिंग के लिए उपलब्ध होगी। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारतीय बाजार के प्रति किआ की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है और इसके रणनीतिक दृष्टिकोण की सफलता को दर्शाती है।किआ की 10 लाखवीं कार को पेश करते हुए, किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ, ताए-जिन पार्क ने कहा, ÷यह हमारे लिए, हमारे कर्मचारियों के लिए और हमारे भागीदारों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है, जिन्होंने हमारे इस सफर को जीया है और किआ को बनाने में हमारी मदद की है। आज किआ भारतीय उपभोक्ताओं के जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। हम उनके समर्थन और अपने ग्राहकों के प्यार के लिए बेहद आभारी हैं। मुझे लगता है कि किआ इंडिया का भविष्य बेहद उज्ज्वल है। नई सेल्टोस हमारे लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। इस नए प्रोडक्ट के साथ हम भारतीय बाजार में ऑटोमोटिव उत्कृष्टता की ओर आगे बढ़ रहे हैं।

## अपने ही गोतिया पर लगाया डायन होने का आरोप

**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा प्रखंड के बीसा पंचायत अंतर्गत बीसा गांव के कड़रु टोली निवासी शोहरी देवी व उनकी पुत्री शांति कुमारी ने अपने गोतिया रिदय पहान विनोद पहान अनंदु पहान दिलीप मुकेश जीतलाल छेदिया व अशोक पहान के उपर डायन बिसाही बोलके जमीन लूटने व जान से मारने का संगीन आरोप लगाया , दैनिक अखबार में भी मामला प्रकाश में आया । प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रिदय पहान व उनके गोतिया ने अपना पक्ष रखा । रिदय पहान ने बताया उनका चाची शोहरी देवी एक बेटी के अलावा परिवार में कोई भी सदस्य नहीं है ।

## जन्म-मृत्यु निबंधन को लेकर उप विकास आयुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** शुक्रवार को उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो ने 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले जन्म-मृत्यु निबंधन अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय रामगढ़ परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर श्री टोप्पो ने उपस्थित सभी सहायिकाओं और सहियाओं को संबोधित करते हुए जन्म-मृत्यु निबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस अभियान में उनकी भूमिका से अवगत कराया। वहीं उन्होंने कहा कि जिले के सभी लोगों का जन्म-मृत्यु शत प्रतिशत हो सके इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है और यह जागरूकता रथ उसी उद्देश्य को पूरा करने के एक पहल है जो जिले के सभी प्रखंडों में जन्म-मृत्यु निबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ जन्म-मृत्यु से संबंधित महत्वपूर्ण बातों की जानकारी भी देगी।मौके पर जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की सहित बड़ी संख्या में साहिया एवं सहायिका उपस्थित थे।

**जन्म-मृत्यु निबंधन संबंधित आवश्यक सूचना**



1. अपने परिवार में हुए जन्म/मृत्यु की सूचना 21 दिनों के अंदर संबंधित रजिस्टार को देकर निबंधन कराएं एवं निःशुल्क प्रमाण पत्र पाएं। विलंब शुल्क 1 रुपये मात्र देकर विलंब निबंधन करने का भी प्रावधान है।
2. लड़का हो या लड़की, जन्म पंजीकरण हर बच्चे का अधिकार है।
3. जन्म प्रमाण-पत्र हर जगह उपयोगी है- स्कूल में, सरकारी दफ्तर में, पासपोर्ट बनवाने में, नागरिकता प्रमाण पत्र बनवाने में, अपनी पहचान आदि।
4. जन्म/मृत्यु चाहे घर में हो या अस्पताल में, प्रमाण पत्र आवश्यक है।
5. जन्म/मृत्यु जिस गांव/शहर में हुआ हो, प्रमाण पत्र वहीं से लें।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा (समाज कल्याण शाखा)**

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**
**(Expression of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला अन्तर्गत **30 (तीस)** आंगनबाड़ी केन्द्रों को **DMFT** से मॉडल बनाया जाना है। उक्त के निमित् इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में किया जायेगा। मॉडल बनाने के निमित आवश्यक कार्य/सामग्री सूची संलग्न।

अतः इच्छूक आपूर्तिकर्त्ता/एजेन्सी अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति **(Expression of Interest)** का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में **उपायुक्त, कोडरमा को संबोधित करते हुए** स्थान– जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में दिनांक–**25.07.2023** को पूर्वाह्न/अपराह्न **12:00 बजे** तक हाथों–हाथ या स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति उपायुक्त, कोडरमा के सभा कक्ष में **दिनांक–25.07.2023 को 03:00 बजे** पूर्वाह्न/अपराह्न में खोला जायेगा।

**नोटः– उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट** www.koderma.nic.in **पर देखा जा सकता है।**

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 302370 (Social Welfare,Women and Child Development)23-24*D



**कार्यालयः जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी**

**किसान भाईयों के लिये आवश्यक सूचना**

खूँटी जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि वर्त्तमान में खेती कार्य में आर्थिक सहयोग प्रदान करने हेतु केन्द्र प्रायोजित ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि **(PM-KISAN)** योजना'' जिले में चलायी जा रही है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के द्वारा PM-KISAN योजना अन्तर्गत 14 वें किस्त उन्हीं लाभूक किसानों को विमुक्त की जाएगी, जिनका e-KYC, Land Seeding एवं बैंक खाता Aadhar Seeding से जुड़ा हुआ है, DBT हेतु उपयुक्त होगा। इस क्रम में भारत सरकार द्वारा भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) का सहयोग लिये जाने का भी निर्देश दिया गया है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिले के PM-KISAN योजना के वैसे लाभुक, जिनका भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) में खाता नहीं है, उन्हें भी इस योजना का लाभ लेने हेतु अपने–अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक/सहायक तकनिकी प्रबंधक एवं कृषक मित्र से सम्पर्क करते हुए डाकघरों में जाकर अपना Aadhar Seeding कराना होगा, ताकि कोई भी योग्य किसान इस योजना के लाभ से वंचित न रहें।

नोट :– अधिक जानकारी के लिये अपने निकटतम डाकघरों, अपने–अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनिकी प्रबंधक/सहायक तकनिकी प्रबंधक एवं कृषक मित्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
खूँटी।

PR 302346 District(23-24)D

## बाल विवाह से बच्चों का संरक्षण व सुरक्षा के अधिकार का होता है हनन : नईमुद्दीन अंसारी



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** खेलने की उम्र है बाल विवाह जुर्म है, घर घर में आवाज लगाओ, बाल विवाह को जड़ से मिटाओ आदि नारों के साथ आज झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा मंझलाडीह धोवाटांड़ एवं पारजोरिया आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विवाह उन्मूलन पर बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहिया, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ दर्जनों ग्रामीणों ने बाल विवाह रोक पर शपथ लिया। ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने अपने संबोधन कहा कि बाल विवाह समाज के माथे में कलंक है जिसे हम सभी को मिलकर हटाना होगा। बाल विवाह के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो ने कहा कि बाल विवाह जैसे कुप्रथा को समाज से मिटाना है तभी हम सुरक्षित बचपन और सुरक्षित भारत की बात कर सकते हैं। ट्रस्ट के जिला कोर्डिनेटर नईमुद्दीन अंसारी ने कहा की बाल विवाह कानूनन अपराध है, बाल विवाह होने से बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक शोषण होता है बैठक में मुख्य रूप से माला देवी, पूनम सिंह, नमिता देवी, लक्ष्मी देवी, सुनीता देवी,मेनका देवी, अनीता देवी, उर्मिला देवी, देवकी देवी, जानती देवी आदि के साथ साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## मुखिया प्रतिनिधि ने धोती साड़ी का किया वितरण



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के छोटकी खरगडीहा पंचायत के सभी जनवितरण प्रणाली की दुकानों में झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण योजना धोती साड़ी का वितरण स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र प्र वर्मा के और उप प्रमुख सबा अंजुम ने सयुक्त रूप से किया सैकड़ों लोगों को इसका लाभ मिला मौके पर सभी दुकानों के डीलर और लाभुक मौजूद रहे। मो समसुद्धिन अंसारी मो रियाज अंसारी छोटेलाल दास हीरालाल वर्मा सलीम अंसारी बिनोद दास संजय दास उप मुखिया मो मुस्तकीम अंसारी मो हुसैन मो हकीम मो रज्जाक मो दाऊद मो रहीम मो येनुल मो जलील मो यूसुफ।

## कार्मेल स्कूल में कार्मेल डे सेलिब्रेशन धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आज कार्मेल स्कूल के दोनों स्कूल जूनियर और सीनियर विंग में कार्मेल डे काकार्यक्रम बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया दोनों ही स्कूल में वहां के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई और क्योंकि कार्मेल डे सेलिब्रेशन समाज में सिस्टर के द्वारा दिए जाने वाले सेवा चाहे वह शिक्षक के तौर पर हो या स्वास्थ्य सेवी के तौर पर हो हर जगह इनका योगदान महत्वपूर्ण होता है इसीलिए उन्हें बच्चों के द्वारा बहुत ही अनोखे ढंग से वेलकम करते हुए स्टेज पर लाया गया और स्टेज पर शिक्षिका राखी झुनझुनवाला, अंशु, नवनीता के द्वारा फूलों से बनाए गए क्राउन पहनाकर वेलकम किया गया किंडर गार्डन के बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम दिया गया साथ ही साथ प्राइमरी स्कूल के बच्चों के द्वारा भी नृत्य और नाटक देख कर बच्चे काफी खुश नजर आए इधर सीनियर विंग में भी 10,12 के बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## कुड़मी महासम्मेलन की सफलता को लेकर कुड़मी बहुल गांव में जनसंपर्क अभियान तेज



**तोपचांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वृहद झारखंड आदिवासी कुडमी मंच की ओर से तोपचांची प्रखंड के कुडमी बाहुल गांव में तोपचांची बुधनी हटिया मैदान में 22 जुलाई को आयोजित बंगाल कुडमी टाइगर अजीत महतो के सम्मान-स्वागत सह कुडमी महासम्मेलन को सफल बनाने को लेकर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पावापुर, मछैदाहा, महुआटाड, दादुभगाट, पहाड़पुर एवं रतनपुर आदि कुडमी बाहुल गांव में समाज के प्रबुद्ध जनों एवं महिलाओं के बीच संवाद कर 22 जुलाई के कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मौके पर कुडमी आंदोलन के नेता सदानंद महतो ने कहा कि 72 वर्षों से केंद्र व राज्य सरकार ने कुडमी को संवैधानिक अधिकार से वंचित रखा है।

## जन्म-मृत्यु निबंधन विशेष अभियान के जागरूकता रथ को उपायुक्त ने किया हरी झंडी दिखाकर रवाना

**14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलाया जाएगा विशेष आभियान**



**256 पंचायत, 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित 303 जगह कर सकते हैं जन्म-मृत्यु का निबंधन**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) संदीप सिंह ने जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान को लेकर आज समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

जहां जन्म प्रमाण पत्र आधार कार्ड, वोटर कार्ड सहित अन्य दस्तावेज बनाने में बहुत उपयोगी है वहीं मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र की अपनी महत्ता है।

उन्होंने कहा जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन हेतु जागरूक करने का कार्य करेगा। 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा।

अभियान के दौरान जागरूकता हेतु एवं आमजनों में जन्म, मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम चलाया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि धनबाद में 256 पंचायत, 33 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 10 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा सदर अस्पताल, धनबाद नगर निगम, नगर परिषद चिरकुंडा एवं शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एसएनएमएमसीएच को लेकर कुल 303 जगह पर जन्म एवं मृत्यु का निबंधन किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) कमलाकांत गुप्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सह अपर जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) महेश भगत, सहायक नगर आयुक्त सह रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) प्रकाश कुमार, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सांख्यिकी पदाधिकारी परशुराम सिंह, मुलिन मरांडी, देवेन्द्र कुमार सिंह व बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्या से उपायुक्त को अवगत कराया। लोगों की समस्या को सुनने के बाद उपायुक्त ने उसके निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दरबार में नावाडीह से आए एक व्यक्ति ने कहा कि वहां स्थित असर्फी अस्पताल के नाले से गंदा पानी बहकर सीधे उनके घर पर आता है। उन्होंने कई बार अस्पताल प्रबंधन से शिकायत की है। साथ ही अन्य विभाग में भी समस्या के समाधान के लिए आवेदन दिया है। परंतु अब तक उसका समाधान नहीं हुआ है। डिगवाडीह से आई एक महिला ने बताया कि वह डिगवाडीह नंबर 10 के मांझी बस्ती में रहती है। उनकी जमीन पर कुछ लोग जबरन कब्जा कर काम कर रहे हैं। अनुमंडल कार्यालय से धारा 144 लगने के बाद भी काम जारी है। कई बार झरिया अंचल कार्यालय गई। परंतु अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। महिला की शिकायत सुनने के बाद उपायुक्त ने उसके समाधान के लिए अंचल अधिकारी झरिया को निर्देशित किया है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना में लाभुक चयन को लेकर बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेंगाबाद :** मधवाडीह पंचायत सचिवालय में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में लाभुक चयन करने को लेकर बैठक की गयी । मुखिया सदीक अंसारी ने इस योजना के बारे में लोगो को विस्तार से बताया साथ ही लाभुक का चयन को लेकर पंचायत सचिवालय में बैठक की गयी। मौके पर पंचायत सचिव हरिहर महथा ने भी लोगो को पशुधन योजना के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर रोजगार सेवक, उप मुखिया प्रतिनिधि, वार्ड सदस्य के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे ।

## जमुआ प्रखंड में बिजली की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमुआ :** प्रखंड के लोग बिज़ली की लचर व्यवस्था से त्रस्त। एक और जहा केंद्र सरकार और झारखंड सरकार का नारा है की अब से ग्रामीण क्षेत्रों में भी जीरो कट बिजली मिलेगी उसके लिए सरकार ने कई योजनाएं कई करोड़ के चला रहे हैं उसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रो में बिजली की लचर व्यवस्था जारी है । जमुआ पूर्वी के चिलगा और लताकी फीडर मे पिछले कई दिनों से बिजली के नाम पर 8 से 10घंटे बिजली मिल पा रहा है । पिछले दिनों जमुआ के कारोड़ीह पावर हाउस में लगे 33 केवीए के दोनों ट्रांसफार्मर में आए खराबी के कारण कारोडीह पीएसएस से चलने वाला सभी फीडर को जमुआ पावर हाउस से फिलहाल जोड़ा गया है । जब से चिलगा फीडर को जमुआ पावर हाउस से जोड़ा गया है तब से बिजली की लचर व्यवस्था कायम है अगर बिजली रहता भी है तो लो वोल्टेज रहता है । जिससे इस क्षेत्र में लगे हैवी कनेक्शन जैसे मोबाइल टावर ,क्रेशर ,आटा चक्की मिल और घर में लगे पंखे कुलर इनवर्टर कुछ भी चलने मे सक्षम नहीं है । वही पिछले कई दिनों से वर्षा नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में धान की बीज को ग्रामीण मोटर पंप से सिंचाई कर रहे हैं और बिजली नहीं रहने के कारण किसानो को काफी महंगा पड़ रहा है। सियाटांड के किसान शीतल महतो ने बताया कि डीजल पंप से सिंचाई करने पर बहुत महंगा पड़ रहा है ?100 प्रति लीटर डीजल मिल रहा है जिससे किसानों का कमर टूट रहा है। वही जीनियस पब्लिक स्कूल के शिक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों को पढ़ाई करने में भारी कठिनाई हो रही है सही समय पर बिजली नहीं मिलती है और आती है तो कब चली जाएगी इसका कोई गारंटी नहीं है। भाजपा के युवा नेता डी डी वर्मा ने कहा कि अगर बिजली विभाग द्वारा सही से बिजली नहीं दिया तो आने वाले दिनों में जमुआ पीएसएस को घेराव करेंगे। जमुआ बिजली विभाग के जेई दुर्गेश नंदन सहाय ने बताया कि चिलगा फीडर को हम अपने से देख रहे है उस फीडर में बहुत ज्यादा अभी कनेक्शन है और रेग्नु भी बहुत ज्यादा अधिक आता है 10 से 14 घंटा बिजली मिल रहा है थोड़ा दिक्कत है से बहुत जल्द दूर किया जाएगा और कारोड़ीह का 33 केवीए का जो ट्रांसफार्मर जला है उसे 10 से 12 दिन में ठीक कर लिया जाएगा।

## चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के लिए पहुंची टीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** सरकार द्वारा स्वास्थ्य स्टाफ की कमी होने के कारण निजी एनजीओ के अधीन चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंदो की रखर खाव और उनकी सेवाओं के जांच हेतु सरकार द्वारा एक टीम गठित की गई जिसमें जिले के सिविल सर्जन, एडीएम (विधि व्यवस्था) आयुष्मान के नोडल पदाधिकारी इसके सदस्य होंगे जो कि जिले में एनजीओ द्वारा संचालित सरकार के स्वास्थ्य केंद्रों की जांच करेंगे। उसी जांच के क्रम में सिविल सर्जन आलोक शर्मा, एडीएम विधि व्यवस्था नंद किशोर गुप्ता, आयुष्मान नोडल पदाधिकारी डॉ आनंद और प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी चिरकुंडा विनोद कुमार कर्मकार की टीम चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण हेतु पहुंची। जहां पदाधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में दी गई सेवाओं की जांच, साफ सफाई की व्यवस्था का निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मचारियों के साथ पूछताछ कर कार्यों की जानकारी ली गई। वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मचारियों को विगत 8 माह से वेतन नहीं मिला उस सिलसिले में सिविल सर्जन आलोक विश्वकर्मा को अवगत कराया गया। वही सिविल सर्जन ने मीडिया को बताया कि राज्य सरकार से निर्देशित किया गया है कि सिटीजन फाउंडेशन के पी पी मोड में अवस्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो कि चिरकुंडा क्षेत्र में अवस्थित है, यहां सुविधा या उनके द्वारा दी गई सेवाओं कितनी कारगर है उसकी जांच करें और जांच प्रतिवेदन सरकार को दिया जाए। उसी सिलसिले में विधि व्यवस्था एडीएम के साथ निरीक्षण करने पहुंचे हैं।

## लालमणि वृद्धा आश्रम में मनी मनोरंजन सिंह की पुण्यतिथि



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को लोहार बरवा रोड, आसन डाबर, टुंडी रोड में लालमणि आश्रम के संस्थापक स्वर्गीय मनोरंजन सिंह की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में आश्रम में आश्रय ले रहे समस्त बुजुर्ग एवं अन्य सेवाकर्ता उपस्थित थे। सभी को बुजुर्गों ने अपना आशीर्वाद दिया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा हम तीन दोस्तों स्व. मनोरंजन सिंह, स्व. रामजी यादव और मैंने 2006 इस वृद्धा आश्रम की नीव असहाय वृद्ध माताओं पिताओं के आश्रय एवं सेवा के लिए रखी थी।

## समस्तीपुर मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** समस्तीपुर मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन समस्तीपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया । इस बैठक में समस्तीपुर मंडल क्षेत्राधिकार के माननीय सांसदगण ने भाग लिया ।

बैठक की अध्यक्षता खगड़िया के माननीय सांसद चैधरी महबूब अली कैसर द्वारा की गयी । सभी माननीय सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया । इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आलोक अग्रवाल सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। आज की इस बैठक में मुजफ्फरपुर के माननीय सांसद अजय निषाद, वाल्मिकीनगर के माननीय सांसद सुनील कुमार, अररिया के सांसद प्रदीप कुमार सिंह, झंझारपुर के माननीय सांसद रामप्रीत मंडल, सुपौल के माननीय सांसद दिलेष्वर कामैत, दरभंगा के माननीय सांसद गोपाल ठाकुर, मधुबनी के सांसद अषोक कुमार यादव तथा माननीय सांसद (राज्य सभा) रामनाथ ठाकुर उपस्थित थे ।

## महुदा : सीएनजी स्टेशन का किया गया शुभारम्भ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा मोड़ में इंडियन ऑयल कारपोरेशन एंव गैल गैस लिमिटेड की और से सीएनजी स्टेशन का शुभारम्भ किया गया। इस मौके गैल गैस के डीजीएम तपन पलय एवं इंडियन ऑयल के महेश कुमार ने विधि विधान के साथ पुजा अर्चना कर नारियल फोड़कर व फिता काटकर सीएनजी स्टेशन का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने टेम्पो में सीएनजी डाल कर इसकी शुरुआत की गई।

इस मौके पर इंडियन ऑयल के रीजनल और क्षेत्रीय पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान अनिल कुमार ने कहा कि सीएनजी से प्रदूषण नियंत्रण में होगी। और वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी। सीएनजी पेट्रोल से 60 प्रतिशत और डीजल से 40 प्रतिशत सस्ता होगा।

मौके पर डीआरएसएच महेश कुमार, फिल्ड ऑफिसर रितेंश कुमार, जवाहर लाल गुप्ता, विकास गुप्ता, पुर्व मुखिया धनेश्वर महतो, पंसस सुभाष महतो, राजकुमार सिंह, संजीत सिंह, फनी मिश्रा, उमेश पाण्डेय, सुरेश महतो, सागर मिश्रा, कालाचंद दास, रमेश महतो, विभूति पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## जनता मजदुर संघ ने किया मिलन समारोह का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**निरसा :** ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय सभागार में जनता मजदुर संघ के द्वारा आयोजित मिलन समारोह में जनता मजदूर संघ के महामंत्री सिद्धार्थ गौतम की उपस्थिति में ईसीएल मुगमा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके रामा एवं कार्मिक प्रबंधक विमल भौमिक सम्मिलित हुई। कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर एवं ढोल नगाड़ा के साथ स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जनता मजदूर संघ के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए मजदूर संगठन आईटेक छोड़कर सैकड़ों की संख्या में मजदूरों ने सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर निरसा मुगमा ईसीएल जोन के अध्यक्ष गौतम सेनगुप्ता, क्षेत्रीय सचिव पी एन राय, असीम भट्टाचार्य, संतोष सिंह, दयामई उपाध्याय, सच्चिदानंद सिंह, कीस्टो मंडल, विनय सिंह, सनातन हांड़ी, बामा पद मोदक, सोमेन सिंह, चंदन माजी, मुन्ना गोप, दुर्गा देवी, तुलसी विश्वकर्मा, रेखा देवी, रानी सिंह आदि उपस्थित थे।

## 17 साल के किशोर का शव बरामद, हत्या की आशंका, पुलिस हिरासत में 2 लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिले में एक 17 साल के किशोर का शव एक ग्राउंड में पाया गया है। शव मिलने की सूचना पर इलाके में सनसनी फैल गई। शव देखकर यह प्रतीत होता है जैसे उसकी हत्या की गई है। सिर और चेहरे पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया है। वहां से काफी खून निकल रहा था। परिजनों ने भी हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि युवक की हत्या कर शव को ग्राउंड में फेंका गया है। वहीं पुलिस मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। युवक का शव सुदामडीह थाना क्षेत्र के होल्ट तल्ला ग्राउंड के पास बरामद हुआ है। शव की पहचान अंकित कुमार सिंह के रूप में की गई है। शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल भेज दिया। शव के सिर और चेहरे पर धारदार हथियार से वार किया गया है। सिर और चेहरा खून से लथपथ था। बताया जा रहा है कि अंकित कुमार सिंह होल्ट तल्ला ग्राउंड के पास का ही रहने वाला था। पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी चल रही है।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका :-** मृत किशोर के परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि किसी दूसरे स्थान पर हत्या कर शव को ग्राउंड में फेंक दिया गया है। वहीं पुलिस मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में है। मामले के बारे में सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि एक युवक का शव संदिग्ध स्थिति में मिला है। सिर और चेहरे पर चोट के निशान हैं। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। दो लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## दो दुकानों में भीषण आग, लाखों का सामान हुआ खाक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद में आग लगने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इस बार सुदामडीह थाना क्षेत्र में दो दुकानों में भीषण आग लग गयी। इस आग से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। गुरुवार रात शहर के दो दुकानों में भीषण आग लग गई। अगलगी की घटना की जानकारी दुकान मालिकों को काफी देर से हुई। जिसके बाद दुकानदार के द्वारा फायर ब्रिगेड विभाग को घटना की जानकारी दी गई। फायर ब्रिगेड को भी सूचना समय पर नहीं लग सकी। हालांकि दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया। लेकिन आग से दुकान के अंदर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की वजह क्या है, इसका खुलासा अब तक नहीं हो सका है। धनबाद में दुकान में आग की घटना को लेकर बताया जा रहा है कि सुदामडीह थाना क्षेत्र के नुनुडीह में देर रात दो दुकानों में आग लग गी। ये दोनों दुकान आसपास ही थे, जिससे दोनों को काफी नुकसान पहुंचा है। शुक्रवार अहले सुबह करीब 2:30 से 3:00 के आग लगने की घटना की जानकारी दुकानदार को हुई। जिसके बाद मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन आग के कारण दुकान का सारा सामान राख हो गया।

# उपायुक्त ने जन्म-मृत्यु निबंधन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए जागरूकता रथ को किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त-सह-जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज लोहरदगा जिला में जन्म-मृत्यु निबंधन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने हेतु अभियान की शुरूआत जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर कर की गई। प्रचार रथ के जरिये जागरूकता कार्यक्रम ऑडियो के माध्यम से जिला के सभी 66 पंचायतों में चलेगा। आज इस मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद देवेंद्र कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे। जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा यह अभियान दिनांक 14.07.2023 से 14.08.2023 तक चलेगा। इस अभियान में आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित डेटाबेस तैयार किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर शिक्षकों द्वारा जन्म निबंधन से संबंधित डेटाबेस तैयार किया जाएगा। सभी सूची की जांच व सत्यापन जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में पंजीकरण संबंधित नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं अधिसूचित क्षेत्र समिति में कराया जा सकता है। चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल अनुमण्डलीय अस्पताल में एवं रेफरल अस्पताल में घटित घटनाओं का पंजीयन संबंधित अस्पताल में होगा। ग्रामीण क्षेत्र में पंजीयन का कार्य ग्राम पंचायत में होगा। ग्राम पंचायत में कार्यरत चौकीदार, आंगनवाड़ी सेविका एवं सहिया के माध्यम से अथवा सीधे पंचायत सचिव को सूचना देकर कराया जा सकता है। बस, ट्रेन, हवाई जहाज, यान इत्यादि में जन्म या मृत्यु की घटना होने पर उसका निबंधन प्रथम विराम स्थान के अंतर्गत आनेवाली रजिस्ट्रेशन ईकाई में कराया जाता है।

## भाजपा ने चलाया सम्मान समारोह कार्यक्रम

# भाजपा सरकार में हुए विकास कार्यों को हर घर तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : सुशील श्रीवास्तव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत महा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है इसी निमित्त भाजपा कुरडेग मंडल के कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह की अध्यक्षता में संपर्क से समर्थन अभियान चलाया गया, इसमें समाज के 21 वरिष्ठ एवं सम्मानित लोगों को अंग वस्त्र एवं मोदी सरकार की विकास कार्यों की पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया गया। संपर्क से समर्थन कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की भारतीय जनता पार्टी समय-समय समाज के उन वरिष्ठ जनों का सम्मान करती है जिनका समाज के विकास में कहीं ना कहीं योगदान रहता है इसी क्रम में कुरडेग में वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया जा रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि भारत विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल रहे इसी सोच के तहत प्रधानमंत्री मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत किसान सम्मान निधि प्रधानमंत्री आवास नल जल योजना जनधन खाता योजना सहित कई योजनाएं की शुरुआत की जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे। मौके पर कुरडेग प्रखंड सांसद प्रतिनिधि उमेश जायसवाल महामंत्री रविंद्र शर्मा वीरेंद्र मांझी धनेश्वर भोय महादेव मांझी जागेश्वर मांझी सीता राम मांझी अमर मांझी मौजूद थे।

# फरार वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने रांची जेल भेजा



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लम्बे समय से फरार वारंटी को सेन्हा थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार भड़गांव से गिरफ्तार कर भेजा रांची जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव निवासी लतीफ अंसारी के पुत्र हनीफ अंसारी को केस ड्राइव के दौरान भड़गांव से गिरफ्तार कर रांची जेल भेजा गया। बताया जाता है कि रांची कोर्ट कम्प्लेन केश के दरमियान आरोपी के विरुद्ध चेक बाउंस का मामला दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि रांची न्यायालय बाद संख्या 10314/22 के आलोक में धारा 138 एन आई के तहत सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए हनीफ अंसारी को गिरफ्तार कर रांची जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में शस्त्र बल के सहयोग से छापेमारी अभियान के क्रम में भड़गांव से गिरफ्तार किया गया है।

# फरार दो वारंटी को सेन्हा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खनिज संपदा चोरी मामला के आरोपी वारंटी को अरू ग्राम से गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन मामला में सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। खनिज संपदा चोरी मामला में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी फरार चल रहा था। जिसको लेकर न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में एवं आदेशानुसार दो वारंटी को अरू ग्राम से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 70/18 एवं जीआर नम्बर 256/19 के आलोक में अरू निवासी सुलेश्वर महतो के 32 वर्षीय पुत्र कुणाल महतो एवं सबहोसेन उराँव के 34 वर्षीय पुत्र मंटू उराँव को अरू से गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर लोहरदगा जेल भेजा गया।

# आजसू पार्टी महासचिव विलियम कुजुर के नेतृत्व में जन पंचायत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत में आजसू पार्टी के द्वारा जन पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला महासचिव विलियम कुजूर ने कहा कि हम कार्यकर्ताओं में फिर से एक बार 2009 वाला जुनून देखना चाहते हैं तभी हम 2024 के विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहरा सकेंगे। जिला प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रामचंद्र गिरि ने उपस्थित लोगों से कहा कि कार्यकर्ता ?ही पार्टी के रीढ़ होते हैं और हार जीत उन्हीं के बदौलत तय होता है। इसलिए अगर मन में किसी प्रकार का असंतोष का भाव भी हो तो उसे किनारे करते हुए पुनः एक बार आजसू प्रत्याशी को जिताने के लिए कमर कस लें । आने वाले समय में हम सभी मिलकर लोहरदगा का भविष्य संवारने का काम करेंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी ने कहा कि 2009 और 2014 में आजसू प्रत्याशी कमल किशोर भगत को जिताने में अल्पसंख्यक समाज का बहुत बड़ा योगदान था और कमल किशोर भगत ने भी अल्पसंख्यक समाज के लिए बहुत कुछ किया। उनके मन में बहुत कुछ करने की योजना भी थी, जो अधूरा रह गया। इस बार पुनः आप सभी के सहयोग से जीत हासिल कर उन अधूरे कार्यों को पूरा किया जाएगा। बैठक में विशेष रूप से शमीम अंसारी, अकील अंसारी, चंद्र किशोर भगत, सज्जाद अंसारी, समीर अंसारी, रेयाज अंसारी, नूरउला अंसारी, इश्तियाक अहमद, रजबली अंसारी, बीरी भगत, इब्राहिम अंसारी, मुस्ताक अंसारी, इदरीस अंसारी, शकील अहमद, इम्तियाज अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल करेंगे ट्रक मालिक : एसोसिएशन

## एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डॉ. रामेश्वर उरांव को सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों ने रांची के प्रोजेक्ट भवन में झारखंड के माननीय वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर ऊराँव से मुलाकात की एवं मांग पत्र सौंपा और माननीय मंत्री से वार्ता के दौरान बताया की हम लोगों के ट्रक जो कि हिंडाल्को के बॉक्साइट माइन्सों मे बिमरला,न्यू अमतीपानी एवं गुरदरी माँईस में चलते थे,पिछले लगभग दो महीने से लगभग ग्यारह सौ ट्रक खड़े हैं,कंपनी से पूछने पर कंपनी कहती है कि जिला प्रशासन के द्वारा हमें जमीन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है जिसके कारण माइंस चालू नहीं है। इस बीच एक जुलाई को गुमला उपायुक्त महोदय से मिलकर मांग पत्र सौंपा गया था और पुन~ कल दिनांक 13/7/2023 को भी गुमला उपायुक्त कार्यालय को पुन~ मांगपत्र सौंपते हुए ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की मांग की गई है, किंतु अभी तक इस पर कोई पहल नहीं हुई। इस पर माननीय वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर ऊराँव ने कहा की चूँकि यह हमारे विधानसभा क्षेत्र की बात है और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं,इस पर मैं शीघ्र ट्रकों का परिचालन शुरू कराऊँगा। इधर दूसरी ओर एसोसिएशन के संरक्षक सह राज्यसभा सांसद माननीय धीरज प्रसाद साहू से एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दूरभाष पर वार्ता की एवं पूरी वस्तु स्थिति से उनको अवगत कराया, संरक्षक महोदय ने भी कहा है कि मैं शीघ्र झारखंड आ रहा हूं और इस पर ठोस पहल करूंगा आप लोगों का व्यवसाय को सुचारू रखने का प्रयास करूंगा। वहीं एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया कि अगर शीघ्र ही ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं होता है ट्रक मालिक वैसे भी भुखमरी के कगार पर चले गए हैं तो आंदोलन की शुरुआत करते हुए गुमला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल की जाएगी।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग, राँची।**
**Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

**शुद्धि - पत्र**

एदद् द्वारा सभी Quotationers को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 302024 Building(23-24).D से प्रकाशित SHORT INVITING QUOTATION NOTICE NO-10/2023-24 कार्य का नाम Annual maintenance of "Jharkhand Bhawan" New Delhi (Period August 2023 to July 2024) में Quotationers must have minimum two years Experience of day to day maintenance work of any Guest House of Govt./Govt. undertaking department in Delhi NCR Region एवं Two year experience for same nature works in Jharkhand Bhawan New Delhi, Other office in Delhi के स्थान पर Quotationers must have minimum two years Experience/Affidavit regarding wanting experience from another experience agencies of day to day maintenance work of any Guest House of Govt./Govt. undertaking department पढ़ा जाए। शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल,
भ0 नि0 वि0, राँची।

PR 302391 (Building) 23-24 (D)

# पुलिस ने दो अजमानतीय वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा थाना पुलिस ने न्यायालय द्वारा निर्गत दो अजमानतीय वारंटी को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिसमें गडरपो गांव निवासी घूरा उरांव का पुत्र चंदन भगत को चोरी का सामान बरामदगी तथा मसमानो गांव निवासी देवचंद महली के पुत्र सुनील महली को अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के विरुद्ध दोनों वारंटी को घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि कांड को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपित फरार चल रहे थे। जिसपर न्यायालय ने अजमानतीय वारंट जारी किया था। जिसपर भंडरा थाना पुलिस ने अग्रतर कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# तपजप जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आज दिनांक 14 जुलाई 2023 को समय 11.00 बजे दिन में समाहरणालय लोहरदगा के लिप्टस बगान में तपजप के जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए तपजप के जिला मीडिया प्रभारी श्री पवन तिग्गा ने कहा कि संसद से पारित buds act 2019 कानून चार वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक राज्य सरकार के द्वारा धरातल पर उतारने में असफल है,जो काफी चिंता का बिषय है। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव श्री बिहारी भगत ने कहा कि संगठन में अनुशासन,एकता वित्तीय मजबूती का बहुत जरूरी होता है। इसके साथ-साथ धैर्य का होना भी जरूरी है। श्री भगत ने यह भी कहा कि पहले भुगतान फिर मतदान का नारा को बुलंद करना होगा। जिला अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते कहा कि संगठन में मजबूती के लिए सबका सहयोग होना जरूरी है। आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए सबका समर्थन की जरूरत है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि आज हम सभी ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार को अपने अपने घरों में पहले भुगतान फिर मतदान का नारा हुआ झंडा लगाने की जरूरत है। बैठक को करमचंद उरांव, किशोर राम, विशाल कुजुर, गोबरधन महतो, दुबराज राम आदि ने भी सम्बोधित किया। इस बैठक में लोहरदगा, किस्को, कुडू, कैरो, सेन्हा आदि के ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के लोग शामिल हुए।

# पुलिस के साथ हाथा पाई मामला में तीन युवक को गिरिफ्तार भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** बक्सीडीपा जंगल में राहगीरों के साथ शराब के नशे में गाली गलौज एवं मारपीट की सूचना पर गस्ती दल कारवाई करते तीन आरोपी को किया गिरफ्तार एक फरार। सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल में घाघरा लोहरदगा मुख्य पथ पर इमली पेड़ के समीप चार लोग शराब के नशे में राहगीरों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर रहे थे। जिसकी सूचना थाना प्रभारी को प्राप्त हुआ था। जिसके आलोक में कारवाई करते हुए तीन को पकड़ कर थाना लाया गया जबकि एक व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाते हुए जंगल के रास्ते से फरार हो गया। थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि चार व्यक्तीयों द्वारा नशे की हालत में गुरुवार रात को राहगीरो के साथ गाली गलौज एवं धमकी देने की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिली थी। साथ ही उन्होंने कहा गस्ती दल में पुअनि कुलदीप कुमार राम और गणेश कुमार यादव को शस्त्र बल के साथ बक्सीडीपा जंगल में इमली पेड़ के पास पहुंच कर चारो युवक को सड़क से किनारे होने के लिए बोला गया।

**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**e- Procurement, Short Notice Inviting Tender**

**Reference No. - UDD/HMC/HZB/13/2023-24**

1. Detail of work

| Group No. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Laying of Paver Block near Butterfly Statue in Trimurti Chowk Jheel Under Municipal Corporation, Hazaribag | 18,48,600/- | 38,000/- | 5000/- | 30 Days |
| 2. | Date of Publication of Tender on website | 17.07.2023 at 11:00 A.M. | | | |
| 3. | Last Date/Time of receipt of bids online | 24.07.2023 up to 2:00 P.M. | | | |
| 4. | Hardcopy Submission date | 25.07.2023 up to 2:00 P.M. | | | |
| 5. | Bid Opening date | 26.07.2023 at 11:00 A.M. | | | |
| 6. | Name & Address of office inviting tender | Executive Engineer Municipal Corporation, Hazaribag. | | | |
| 7. | Contact No. of Procurement officer | 8219204356 | | | |

**NOTE :**
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 25-07-2023 up to 2.00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Executive Engineer**
**Municipal Corporation, Hazaribag**

**PR 302407 Urban Development and Housing(23-24)#D**

**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।**

**आवेदन आमंत्रण हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनांतर्गत लोहरदगा जिले के मत्स्य पालकों से निम्नलिखित योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क0 सं0 | योजना ईकाई का नाम | ईकाई | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) लघु शीर्ष 796 | लघु शीर्ष 789 | कुल | योजना ईकाई हेतु अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक का अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वर्ष 2021–22 तक पुराने केजों/विभागीय अनुदान से अधिष्ठापित आर0ए0एस0/बॉयोफ्लॉक तालाब/ बॉयोफ्लॉक टैंक में पंगेशियस/Gift tilapia/अन्य उपयुक्त बीजों का संचयन | संख्या में | 4.50 | 0.50 | 5.00 | 1.50 (रू0 प्रति पीस) | - | |
| 2 | वर्ष 2018–19 के पूर्व निर्मित केजों के लिए ग्रो– आऊट नेट | संख्या में | 5 | - | 5 | 22819.00 (रू0 प्रति पीस) | 7606.00 (रू0 प्रति पीस) | |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए नाव | संख्या में | 2 | 1 | 3 | 30000.00 (रू0 प्रति नाव) | 3000.00 (रू0 प्रति नाव) | |
| 4 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए मोटरचालित नाव | संख्या में | 1 | - | 1 | 400500.00 (रू0 प्रति मोटर चालित नाव) | 44500.00 (रू0 प्रति मोटर चालित नाव) | |
| 5 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट (प्रति लाभुक 5 कि0ग्रा0) | संख्या में | 10 | 10 | 20 | 574.00 (रू0 प्रति कि0ग्रा0) | 64.00 (रू0 प्रति कि0ग्रा0) | योजना का लाभ हेतु जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों /सदस्यों/ विस्थापितों तथा कोविड–19 के प्रवासी मजदूरों से आवेदन आमंत्रित है। |
| 6 | पुराने आर0एफ0एफ0/ओपेन एरिया फार्मिंग में इनपुट्स | संख्या में | 10 | - | 10 | 25000.00 (रू0 प्रति यूनिट) | - | वर्तमान में RFF ग्रुप का सक्रिय होना अनिवार्य है। |
| 7 | नये आर0एफ0एफ0/ओपेन एरिया फार्मिंग | संख्या में | 5 | - | 5 | 86000.00 (रू0 प्रति यूनिट) | - | अनुमानित ईकाई लागत इनपुट के साथ अंकित है। |
| 8 | केज रिपेयरिंग का भौतिक लक्ष्य | संख्या में | 10 | - | 10 | 25000.00 (रू0 प्रति केज) | 10000.00 (रू0 प्रति केज) | |
| 9 | केज हाऊस का अधिष्ठापन का लक्ष्य | संख्या में | 1 | - | 1 | 455400.00 (रू0 प्रति केज हाऊस) | 50600.00 (रू0 प्रति केज हाऊस) | वर्ष 2016–17 में ब्लु–रिभोल्यूशन/NFDB योजना से निर्मित केज जिनमें केज हाऊस निर्मित नहीं है। |
| 10 | पोर्टेबल हैचरी से मत्स्य स्पॉन उत्पादन (करोड़ में) | संख्या में | 10 | - | 10 | 40000.00 (रू0 प्रति करोड़ स्पॉन उत्पादन पर) | - | |

नोटः–
1. उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 28.08.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।
2. क्रम सं0 4, 6, 7 ,8 एवं 9 में अंकित योजनाओं के लिए लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
3. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुक को अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी।
5. कार्य के अभिश्रव के आधार पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि कार्य एजेन्सियों/आपूर्तिकर्त्ताओं के बैंक खाता में एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

ह/0
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 302348 Lohardaga(23-24)D

# वनों का संरक्षण जरूरी क्योंकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान में वनों की अभिन्न भूमिका : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा वन प्रक्षेत्र के एडेगा पंचायत में वन विभाग के नेतृत्व में वन महोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम हुआ, इसमें पूर्व मंत्री झारखंड सरकार एनोस एक्का, सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेग झारखंड पार्टी युवा नेता संदेश एक्का शामिल हुए । अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने शहीद अनिल तोपनो चौक के समीप पौधारोपण कर कार्यक्रम सुरक्षा संरक्षण का लिया संकल्प लेते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की अवसर पर उन्होंने वहां उपस्थित सभी जनसमूह से एक एक पेड़ लगाने की अपील की वही जंगल को संरक्षित करने की बात कही उन्होंने इनके लाभ गिनाए कि हमें जंगलों से ऑक्सीजन मिलती है वही *वनउत्पाद से सिमडेगा जिला के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार के साथ आर्थिक सहयोग मिलता है। साथ ही उपस्थित लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा जहां रौपे गए पौधों के बड़े होने तक संरक्षण करने को कहा, यह पेड़ पूरे जीवन व्यक्ति को फल, छाया, लकड़ी, आक्सीजन इत्यादि देकर सहयोग करते रहेंगे। वही सिमडेगा में हाथी प्रभावित क्षेत्र को लेकर उन्होंने कहा जंगल की बचाव जरूरी है जंगल के कटने से हाथी ग्रामीण क्षेत्र में घुस रहे हैं और लोगों को नुकसान पहुंचा रहे हैं हाथी भगाने की टीम जिले में रहनी चाहिए ताकि सारड़ा के जंगल तक उन्हें पहुंचाया जा सके ग्रामीण परेशान हैं अब हम आ गए हैं।

**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/15/2023-24**

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | खूँटी प्रखण्ड अन्तर्गत मातृ शिशु अस्पताल के बाहरी दिवारों का रंग रोगन इत्यादि कार्य | 13,43,900.00 | 27000.00 | 2500.00 | 01 माह |
| 2 | खूँटी | उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी के गोपनीय कार्यालय में चबुतरा का जीर्णोद्धार तथा सॉकपीट का निर्माण। | 4,10,600.00 | 8500.00 | 750.00 | 01 माह |

नोट :–
1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 17.07.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि 24.07.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 25.07.2023 अपराह्ण 03:00 बजे तक। जो समय पर अभिलेख जमा नही करेंगे उनकी निविदा को खोला नही जायेगा।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 26.07.2023 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी के पक्ष, जो आई०डी०बी०आई०,बैंक, खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।
8. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।

PR.NO.302410 District(23-24):D

## चलते चलते एक नजर

### सोनिया और प्रियंका गांधी के आयकर असेसमेंट ट्रांसफर केस में सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की 2018-19 के आयकर असेसमेंट को इनकम टैक्स के केंद्रीय सर्किल में ट्रांसफर करने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टाल दी है। जस्टिस संजीव खन्ना ने इस मामले की अगली सुनवाई अगस्त में करने का आदेश दिया। याचिका में 2018-19 के आयकर असेसमेंट को इनकम टैक्स के केंद्रीय सर्किल में ट्रांसफर करने के आदेश को चुनौती दी गई है। ये असेसमेंट आर्म्स डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। संजय भंडारी को रॉबर्ट वाड्रा का करीबी बताया जाता है दिल्ली हाई कोर्ट ने सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की याचिका खारिज कर दी थी, जिसके खिलाफ दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। हाई कोर्ट ने कहा था कि इनकम टैक्स विभाग ने नियमों के मुताबिक फैसला लिया है। सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी ने अपने मामलों को सेंट्रल सर्किल में ट्रांसफर करने का इस आधार पर विरोध किया है कि उनका संजय भंडारी समूह के मामलों से कोई लेना-देना नहीं है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने रॉबर्ड वाड्रा के नजदीकी संजय भंडारी के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया हुआ है।

### देश की खुशहाली के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बाबा श्याम दरबार में पूजा की

**सीकर :** देश की खुशहाली की कामना के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को खाटूग्राम में विश्वप्रसिद्ध बाबा खाटूश्याम मंदिर में पूजा अर्चना की। दोपहर करीब एक बजे जयपुर से हेलीकॉप्टर से खाटूश्यामजी पहुंची राष्ट्रपति मुर्मू ने करीब ढाई घण्टे खाटूश्याम दरबार में रुककर विधिविधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर श्याम दरबार को फूलों से सजाया गया तथा सुरक्षित दर्शन के लिए दर्शनार्थियों के इंतजामात में बदलाव किए गए। मंदिर समिति ने अध्यक्ष श्यामसिंह चौहान ने राष्ट्रपति का स्वागत कर पूजा-अर्चना करवाई। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल कलराज मिश्र, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती और प्रभारी मंत्री शकुंतला रावत भी मौजूद रहीं। बाबा श्याम के दर्शन के बाद राष्ट्रपति ने भण्डारे के तैयार प्रसाद को ग्रहण किया। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे राष्ट्रपति हेलीकाप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान कर गईं। राष्ट्रपति के दौरे के चलते आज खाटू में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सीकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पिछले करीब 14 दिनों से तैयारियों में लगा हुआ था। चप्पे-चप्पे पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। वे 30 से ज्यादा गाड़ियों के काफिले के साथ मंदिर पहुंची थीं।



# प्रथम कुलाधिपति बने दिनेश प्रसाद सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट,फरठिया, गढ़वा द्वारा नवस्थापित बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय फरठिया गढ़वा झारखण्ड के प्रथम कुलाधिपति की नियुक्ति राज्य सरकार से प्राप्त तीन नामो के पैनल के प्रस्ताव के आलोक में राज्यपाल सह विजिटर द्वारा की गयी है। जिसमे दिनेश प्रसाद सिंह को विश्वविद्यलाय का प्रथम कुलाधिपति नियुक्त किया गया है। जिसकी अधिकारिक सुचना राज्यपाल के प्रधान सचिव द्वारा निर्गत पत्र संख्या वैधा-03/2023/2139/रा0 स0 रांची दिनांक 05-07-2023 द्वारा दी गयी है इस पत्र के आलोक में झारखण्ड सरकार, उच्च एव तकनिकी शिक्षा विभाग के पत्रांक 1495 दिनांक 13-07-2023 द्वारा वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी सह सचिव को सूचित किया गया है.।कुलाधिपति की नियुक्ति नियमानुसार झारखण्ड सरकार द्वारा किये जाने के बाद श्री सिंह को बधाइयों का ताँता लग गया इस दौरान उन्होंने प्रथम प्रेस बिग्यप्ती कर राज्यपाल झारखण्ड सरकार को बधाई देते हुए बताया कि झारखण्ड राज्य के प्रत्येक युवक व युवतियों को शिक्षा के क्षेत्र में रोजगारोन्मुख शिक्षा देना उनका प्रथम उद्देश्य है। इसके लिए उन्होंने गढ़वा जिला का चयन कर सन 2005 से अथक प्रयास कर रोजगारोन्मुख शिक्षा को बढाने के लिए प्रयासरत है जिसके फलस्वरूप आज ट्रस्ट द्वारा संचालित बिभिन्न महाविद्यालयों के हजारो विद्यार्थी रोजगार को पाकर अपने




परिवार का जीवनयापन कर रहे है और झारखण्ड तथा देश के उन्नति में अपना योगदान दे रहे है, खासकर गढ़वा जैसे अविकसित क्षेत्र जहाँ सन 2005 में शिक्षा का प्रतिशत नगण्य था उसमे बृद्धि की है और आज 18 वर्षो की मेहनत के फलस्वरूप गढ़वा जिला को अपना प्रथम विश्वविद्यालय, बाबु दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के रूप में मिला जिसके तहत सभी सिक्षाओ का सञ्चालन किये जाने को प्रयासरत है खाशकर चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र को बढावा देना इसी के फलस्वरूप गढ़वा जिला आज शिक्षा का हब बन गया है ! उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना का भी मुख्य उद्देश्य रोज्गारोंमुख् शिक्षा कम से कम आर्थिक भर देकर प्रदान करना तथा इस क्षेत्र का विकाश कर इस जिला को शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम स्थान दिलाना ही उनका सपना है। श्री सिंह ने बताया कि गढ़वा जिला के नवयुवक जो मुख्य धारा से भटककर गलत दिशा में जा रहे थे उन्हें मुख्य धारा से पुनः जोड़ना प्रथम प्रयास रहेगा। यहाँ के जनता को हर प्रकार की चिकित्सा शिक्षा व सेवा देना ही उनका उद्देश्य है।

इसके लिए उन्होंने गढ़वा के कोने कोने में मेडिकल कैंप लगवाकर यहाँ के जनता को मुफ्त चिकित्सा सेवा प्रदान किया है और भविष्य में भी करते रहेंगे। साथ ही साथ श्री सिंह की रूचि मानव सेवा की तरफ भी है जिसको वो सर्वोपरी मानते हुए प्रत्येक वर्ष 101 जोड़े असह्या व निर्धन युवक युवतियों का निशुल्क सामूहिक विवाह करवाते आये है साथ ही साथ ढेरो सामाजिक कार्य ट्रस्ट के माध्यम से करते आये है।।श्री सिंह ने सबसे पहले अपने आराधय गुरु का ध्यान करते हुए पद को ग्रहण किया और यहाँ के जनता तथा सभी सुभ्चिंताको को धन्यवाद् देते है जिनकी सुभकामना से इस पद पर पदस्थापित हुए है उनको कोटि कोटि धन्यवाद् ज्ञापन करते है तथा उन्होंने यह वचन दिया कि इस क्षेत्र का विकाश करूँगा और कम से कम शुल्क में रोजगारोन्मुख शिक्षा प्रदान कर यहाँ के युवक युवतियों को रोजगार दिलाना ही मुख्य उद्देश्य होगा।।इस मौके पर ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी संस्थानों के प्राचार्य, सिक्षक्गन, कर्मचारी तथा आस पास के क्षेत्रो के गणमान्य वियक्ति मौजूद रहे।

## पटना में पुलिस के बर्बर लाठीचार्ज पर भाजपा ने गठित की उच्च स्तरीय जांच समिति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पटना में 13 जुलाई को पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस प्रशासन की बबर्रता एवं राज्य सरकार के तानाशाही रवैये की निंदा की है।

इसके साथ पुलिस लाठीचार्ज में मारे गए पार्टी कार्यकर्ता विजय सिंह की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया। इस घटना में पार्टी के कई कार्यकर्ता घायल हुए हैं। शुक्रवार को पटना में हुई इस घटना की जांच के लिए जे पी नड्डा ने एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। इस समिति के संयोजक पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास को बनाया गया है। इसमें सांसद मनोज तिवारी, सांसद विष्णु दयाल राम और सांसद सुनीता दुग्गल शामिल हैं। यह जांच समिति घटना स्थल का दौरा करेगी और अपनी रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपेगी।

# पलामू: सांसद ने पत्रकार संजय के घर पहुंच कर दी सांत्वना

*** जेएमएम पलामू जिला के पदाधिकारियों ने भी दी सांत्वना**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला के सांसद विष्णु दयाल राम एवं उनके पलामू जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा वरिष्ठ पत्रकार संजय सिंह ÷उमेश÷ घर पर पहुंचकर उनके पिताजी के मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सांत्वना दिया। पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने शोक व्यक्त करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि जैसा मुझे मालूम है कि पत्रकार संजय सिंह के



पिता विश्वनाथ सरकारी सेवा में होते हुए एक समाजसेवी के रूप में भी अपनी भूमिका अदा किया। उनका मौत हम सभी के लिए भी दुखदाई है। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा उर्फ गुड्डु सिन्हा, केंद्रीय झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य सुनील तिवारी, झामुमो के पलामू जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी समेत झामुमो के कई नेता पत्रकार संजय सिंह उमेश के घर पर पहुंचकर उनके पिताजी के मौत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पूरे परिवार को सांत्वना दिया। झामुमो जिलाध्यक्ष गुड्डु सिन्हा समेत सभी उपस्थित झामुमो नेताओं ने शोक व्यक्त करते हुए उन्होंने मृत आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। कहा कि जैसा मुझे मालूम है कि पत्रकार संजय सिंह के पिता विश्वनाथ सरकारी सेवा में होते हुए एक समाजसेवी के रूप में भी अपनी भूमिका अदा किया। उनका मौत हम सभी के लिए भी दुखदाई है। वहीं जेएमएम अध्यक्ष गुड्डु सिन्हा ने कहा कि पत्रकार संजय सिंह उनके बड़े भाई समान है. उनके पिताजी की मौत से उन्हें भी गहरा सदमा लगा है।

इस दौरान मृतक के छोटे पुत्र हेड मास्टर अजय कुमार सिंह, कांग्रेसी नेता व मृतक के दामाद अनंत कुमार सिंह समेत परिवार के कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# असम के 17 जिलों में बाढ़ का कहर, 317 गांवों के 67 हजार से अधिक लोग प्रभावित

एजेंसी

**गुवाहाटी:** असम में बाढ़ की स्थिति एक बार फिर से विकराल रूप धारण करती नजर आ रही है। पिछले दिनों आई बाढ़ का प्रभाव अभी कम भी नहीं हुआ था कि एक बार फिर से राज्य के 17 जिलों के हजारों लोग बाढ़ से प्रभावित हो गये हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक राज्य के 17 जिलों के 67 हजार 689 नागरिक बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। राज्य में चार नदियां छह स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिसमें बेकी (सड़क पुल), बुढ़ीदिहिंग (सेनिमारी (खोवांग), ब्रह्मपुत्र (धुबड़ी; तेजपुर; निमातीघाट) और संकोश (गोलोकगंज) शामिल हैं। कई नदियों के तटबंध टूट गए और सड़कों को भी नुकसान हुआ है। प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत पहुंचाने के लिए जरूरी कदम उठा रहा है। असम



राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से आज बाढ़ प्रभावित जिलों के आंकड़े जारी किए गये हैं। बाढ़ प्रभावित 17 जिलों में बाढ़ आई है। बाढ़ प्रभावित जिलों में बाक्सा, बिश्वनाथ, धेमाजी, धुबड़ी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कोकराझार, लखीमपुर, माजुली, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर, तामुलपुर और तिनसुकिया शामिल हैं। बाढ़ से 37 राजस्व सर्किल अंतर्गत 317 गांवों के 67 हजार 689 लोग प्रभावित हुए हैं। बाढ़ से कुल 2770.84 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई है। बाढ़ प्रभावितों के लिए कुल 19 राहत शिविर स्थापित किये गये हैं जबकि 59 राहत वितरण केंद्र खोले गए हैं। राहत शिविरों में कुल 4 हजार 531 लोग आश्रय लिये हुए हैं। बाक्सा में 636, चिरांग में 3 हजार 436, धुबड़ी में 348 तथा गोलाघाट में 111 लोग राहत शिवरों में आश्रय लिये हुए हैं। बाढ़ से राज्य के कुल 49 हजार 535 पशु धन प्रभावित हुए हैं। इनमें बड़े पशुओं की कुल संख्या 36 हजार 206 और छोटे पशुओं की 12 हजार 457 है जबकि 472 कुक्कुट भी प्रभावित हुए हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव अभियान के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग के साथ जिला प्रशासन की टीमें तथा मेडिकल टीमें भी तैनात की गयी हैं। अब तक विभिन्न बाढ़ प्रभावित इलाकों में 10 नावों को तैनात किया गया है। नावों के जरिए 65 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। वहीं बाढ़ प्रभावित इलाकों में 24 मेडिकल टीमें अपनी सेवाएं दे रही हैं। बाढ़ प्रभावितों के बीच खाद्य सामग्रियों का वितरण किया गया। इनमें 338.94 क्विंटल चावल, 61.73 क्विंटल दाल, 18.99 क्विंटल नमक, 1118.84 लीटर सरसों का तेल, पशुओं के लिए हरा चारा 260.00 क्विंटल, गेहूं का चोकर 321.42 क्विंटल और चावल की भूसी 3.00 क्विंटल शामिल हैं।

## विमान के शौचालय में सिगरेट पीने वाले यात्री के विरुद्ध मामला दर्ज

**मुंबई :** सहार पुलिस स्टेशन की टीम ने बहरीन से मुंबई आ रहे इंडिगो विमान के शौचालय में सिगरेट पीने वाले यात्री के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। सहार पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे की ओर बुधवार तड़के आ रही इंडिगो की उड़ान 6ई-1202 के केबिन क्रू सदस्यों को पता चला कि विमान यात्री कर्नाटक के कोलार के रहने वाले अबू ताहिर कोलाक्कड़ मोहिदु ने शौचालय के अंदर धूम्रपान किया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि यात्री ने भी विमान के शौचालय में धूम्रपान करने की बात स्वीकार की और उसके पास से 17 सिगरेट का एक पैकेट और एक लाइटर बरामद किया गया है। अधिकारी ने कहा कि यात्री के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 336 (दूसरों के जीवन या कर्मियों की सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कार्य) और विमान नियम, 1937 की धारा 25 (विमान में धूम्रपान) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

# मुख्यमंत्री से अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेश अडानी ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक राजेश अडानी ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुलाकात के क्रम में इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि झारखंड सरकार एवं अडानी ग्रुप द्वारा स्थापित गोड्डा पावर प्लांट के बीच एमओयू के शर्तो के अनुसार 400 मेगावाट बिजली राज्य सरकार को उपलब्ध करानी है, उक्त बिजली को सस्ते दर पर उपलब्ध कराने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने निर्देशित किया कि ऊर्जा विभाग के अधिकारी एवं अडानी पावर प्लांट



के प्रतिनिधि जल्द एक बैठक आयोजित कर इस दिशा में समाधान निकालते हुए राज्य को सस्ते दर पर बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।साथ ही मुख्यमंत्री ने अडानी ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री राजेश अडानी से कहा कि पावर प्लांट के उपयोग हेतु गंगा नदी का पानी जिस क्षेत्र से होकर लाया जा रहा है, उन क्षेत्रों में कृषकों के खेतों तक पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई हेतु पानी पहुंचाए जाने की संभावनाओं पर कार्य योजना बनायी जाए।

# तकनीक को मोदी सरकार ने सर्वसुलभ बनाया : वैष्णव



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय रेलवे, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि तकनीक को मोदी सरकार ने सर्वसुलभ बनाया है। सरकार की यह प्राथमिकता है कि तकनीक किसी विशेष व्यक्ति या संस्थान तक सीमित न रहे बल्कि इसका लाभ देश का हर नागरिक उठा सके। मोदी सरकार देश के हर गांव को इंटरनेट से जोड़ने के लिए प्रयासरत है।

केंद्रीय मंत्री वैष्णव शुक्रवार को हरियाणा के गुरुग्राम में एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पहलुओं पर आयोजित जी-20 के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में तकनीक पर विशेष व्यक्ति और संस्थाओं का एकाधिकार है, लेकिन भारत में डिजिटल मिशन के तहत तकनीक से हर व्यक्ति को जोड़ा जा रहा है। हमारे प्रधानमंत्री की प्राथमिकता है कि देश के हर व्यक्ति तक इंटरनेट आसानी से पहुंचे। इसी उद्देश्य से देश में गांव-गांव तक इंटरनेट सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं। देश में बड़े पैमाने में ऑप्टिकल फाइबर का जाल बिछाया जा रहा है।

वैष्णव ने कहा कि भारत में साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। साइबर दुनिया को सुरक्षित रखना हमारी साझा जिम्मेदारी है। हमें साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर तो प्रयास करना ही चाहिए साथ ही संस्थागत प्रयास भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा के प्रति सभी को जागरूक करने की जरूरत है।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा ने कहा कि देश तेजी से डिजिटल हो रहा है। ऐसे में डिजिटल दुनिया को साइबर अटैक से सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय बैठक में साइबर सुरक्षा को लेकर व्यापक चर्चा हुई है। इसका लाभ दुनिया के आम लोगों को मिलना चाहिए।

# दक्षिण अफ्रीका से लाए गए सूरज ने भी तोड़ा दम, चार महीने में आठ चीतों की गई जान

एजेंसी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाकर बसाए गए चीतों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां एक और चीते की मौत हो गई। दक्षिण अफ्रीका से लाया गया नर चीता सूरज शुक्रवार सुबह कूनो के जंगल में मृत पाया गया। इसे 25 जून को कूनो के बड़े बाड़े से जंगल में छोड़ा गया था। कूनो में मार्च से अब तक बीते चार महीनों में कुल आठ चीतों की मौत हो चुकी है, जबकि चार दिन में यहां दूसरे चीते ने दम तोड़ा है।प्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक जेएस चौहान ने सूरज की मौत होने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दक्षिण अफ्रीका से लाये गये नर चीता सूरज मृत अवस्था में पाया गया। शुक्रवार को चीता निगरानी दल द्वारा सुबह 6.30 बजे पालपुर पूर्व परिक्षेत्र के मसावनी बीट में नर चीता सूरज को सुस्त अवस्था में लेटा पाया गया। चीता के गले में मक्खी उड़ती देखी गई, पास जाने पर चीता उठकर दौड़ कर दूर चला गया। निगरानी दल ने चीता सूरज की हालत की सूचना वायरलेस से तत्काल पालपुर स्थित कंट्रोल रूम को दी। वन्य-प्राणी चिकित्सक दल एवं क्षेत्रीय अधिकारी लगभग सुबह 9.00 बजे मौके पर पहुंचे। लोकेशन ट्रेस करने पर चीता सूरज मौके पर मृत अवस्था में मिला। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण चीता सूरज के गर्दन एवं पीठ पर घाव होना पाया गया। मृत्यु के कारण की विस्तृत रिपोर्ट वन्य-प्राणी चिकित्सकों के दल द्वारा शव परीक्षण के बाद स्पष्ट होगी। सूरज की मौत की खबर मिलने के बाद वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इससे पहले इसी सप्ताह बीते मंगलवार को कूनो में नर चीता तेजस की मौत हो गई थी। उसकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला था कि वह आंतरिक रूप से कमजोर



हो गया था। मादा चीता के साथ हिंसक लड़ाई के बाद उबर नहीं पाया था। जिससे उसकी जान गई थी। इधर, सूत्रों से यह जानकारी मिली है कि हाल ही में तेजस और सूरज चीते के बीच हिंसक झड़प हुई थी। जिसमें तेजस की गर्दन पर गहरा घाव हो गया था। इसके बाद बीते मंगलवार को उसकी मौत हो गई थी। वहीं इस संघर्ष में सूरज भी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका शुक्रवार को शव मिला। इसके अलावा अग्नि नाम का चीता भी घायल है, उसके पैर में फैक्चर है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को अपने जन्मदिन पर नामीबिया से आए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में रिलीज किया था। इस साल 18 फरवरी को साउथ अफ्रीका से 12 और चीतों को कूनो में छोड़ा गया था। यानी कुल 20 चीते लाए गए थे। इनमें से चार साल की मादा चीता साशा की 26 मार्च 2023 को किडनी इन्फेक्शन से मौत हो गई थी। इसके बाद चीतों की संख्या घटकर 19 रह गई। इसके बाद नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने 27 मार्च 2023 को चार शावकों को जन्म दिया था। इसके साथ ही कूनो में शावकों सहित चीतों की संख्या 23 हो गई। फिर, 23 अप्रैल 2023 को साउथ अफ्रीका से लाए गए चीते उदय की मौत हो गई। शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी मौत की वजह कार्डियक आर्टरी फेल होना बताया गया। इसके बाद 9 मई 2023 को दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता दक्षा की मौत हो गई थी। फिर, 23 मई 2023 को चीते ज्वाला के एक शावक की मौत हो गई। फिर 25 मई 2023 को ज्वाला के दो और शावकों ने भी दम तोड़ दिया था। इसके बाद अभीतीन दिन पहले 11 जुलाई को चीते तेजस की मौत हो गई। उसकी गर्दन पर घाव था, जिसे देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि चीतों के आपसी संघर्ष में तेजस की जान गई। अब सूरज भी मृत पाया गया है। इस तरह कूनो में बीते चार माह में तीन शावकों समेत आठ चीतों की मौत हो चुकी है। अब यहां 15 चीते और एक शावक रह गया है।